# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार, 27 फरवरी 2026


सीबीएसई ने लागू किया कक्षा 6 से नया थ्री-लैंग्वेज सिस्टम

## पढ़नी होंगी दो भारतीय भाषाएं अब इंग्लिश होगी विदेशी भाषा



**नई दिल्ली।** देशभर के सीबीएसई स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए बड़ी खबर है। 2026-27 सेशन से सीबीएसई, नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 और नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क फॉर स्कूल एजुकेशन की सिफारिशों को ▸▸ शेष पेज 4 पर

### आठवीं की किताब पर विवाद मामले में एनसीईआरटी ने मांगी माफी

# शीर्ष कोर्ट बोला: माफी मांगने से काम नहीं चलेगा ये गहरी साजिश, जिम्मेदारी तय हो, छोड़ेंगे नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली



सीजेआई सूर्यकांत

एनसीईआरटी क्लास 8 की टेक्स्ट बुक के चैप्टर 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बीते दिनों स्वतः संज्ञान लिया है। गुरुवार को शीर्ष न्यायालय की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जे बागची और जस्टिस पंचोली की बेंच ने एनसीआरटी डायेक्टर और शिक्षा सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अगली सुनवाई 11 मार्च को की जाएगी। सीजेआई की नाराजगी जताने के बाद एनसीईआरटी ने किताब वापस ले ली है। इसके साथ ही काउंसिल ने बिना शर्त माफी भी मांगी है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि ये न्यायपालिका की गरिमा को कम करने के लिए एक सोचा समझा कदम है। मैं न्यायपालिका का मुखिया होने के नाते जब तक संतुष्ट नहीं हो जाता है तब तक इस की सुनवाई जारी रहेगी। कोर्ट में सुनवाई के दौरान एनसीईआरटी की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सबसे पहले, हम बिना शर्त माफी ▸▸ शेष पेज 4 पर

सीजेआई सूर्यकांत की नाराजगी के बाद एनसीईआरटी ने किताब वापस ली



फाइल फोटो

### 32 किताबों को बाजार से वापस लिया जा रहा

सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि जिम्मेदार लोगों को आगे ऐसे काम में नहीं लाया जाएगा। 32 किताबें मार्केट में आईं, उन्हें वापस लिया जा रहा है। एक टीम पूरे चैप्टर को फिर से देखेगी। पेंडेंसी के बारे में एक और हिस्सा है, टाइटल है 'जस्टिस डिले इज जस्टिस डिनाइड'...हम यह नहीं सिखा सकते कि जस्टिस डिनाइड (न्याय नहीं मिला) है। सीजेआई ने इस पर कहा कि आपने तो बहुत हल्के में छोड़ दिया। उनके (जिम्मेदार) धनुष से बाण निकला और आज ज्यूडिशियरी खून से लथपथ है। किताब मार्केट में अवेलेबल है, मुझे भी सोर्स से एक कॉपी मिली है।

### शिक्षा मंत्री की सख्त टिप्पणी कहा- जवाबदेही तय होगी



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान साफ कहा कि जो कुछ हुआ उससे उन्हें गहरा दुख है और सरकार या शिक्षा मंत्रालय की ओर से न्यायपालिका का अपमान करने की कोई मंशा नहीं थी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अदालत के निर्देशों का पूरी तरह पालन किया जाएगा और जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई भी होगी। मंत्री ने स्पष्ट किया कि अध्याय तैयार करने में शामिल लोगों की जवाबदेही तय की जाएगी ▸▸ शेष पेज 4 पर












भीलवाड़ा में 'इन्टरैक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्चुनिटिज़ इन एमपी' में बोले सीएम

# उद्योग विभाग की कमान मेरे हाथ अब नहीं आएगी कोई भी दिक्कत



*सीएम ने कहा कि हमारी सरकार बड़े निवेश प्रस्तावों पर रियायतें दे रही है। हम छोटे-बड़े सभी निवेशकों को अपनी नीतियों से लाभान्वित भी कर रहे हैं*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मप्र में निवेश को लेकर सरकार ने व्यापक रणनीति बनाई है। इसी को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को राजस्थान के भीलवाड़ा पहुंचे थे। देश-विदेश में उद्योगपतियों को निवेश के लिए आमंत्रित करने के बाद मुख्यमंत्री का भीलवाड़ा दौरा काफी अहम रहा है। उन्होंने निवेशकों से कहा कि राज्य के उद्योग विभाग की कमान उन्होंने स्वयं ले ली हैं, जिससे प्रदेश में औद्योगीकरण को बढ़ाने में कोई कठिनाई न आए और सभी मुद्दे सरलता के साथ समय रहते हल हो जाएं।

मप्र सरकार ने औद्योगिक नीतियों को सरल बनाया है। इससे निवेश और उद्योगों की स्थापना में तेजी आई ▸▸ शेष पेज 4 पर

मुख्यमंत्री ने निवेश करने के लिए निवेशकों को किया आमंत्रित



**मुख्यमंत्री को मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर, अंगवस्त्रम एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया**

***सीएम बोले- हम सब अपनी वणिक युक्ति, बुद्धि और क्षमता से औद्योगिक विकास का नया अध्याय लिखेंगे***

### निवेशकों के लिए सशक्त आधार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लंबे समय से मप्र और राजस्थान का सहोदर जैसा रिश्ता रहा है। पद्म विभूषण से सम्मानित राजस्थान के स्व. घनश्याम दास बिड़ला ने उज्जैन जिले के नागदा में ग्रेसिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि राजस्थान के मारवाड़ और मेवाड़ के कारोबारियों में व्यापार-व्यवसाय की कुशलता अद्भुत है। भीलवाड़ा की समृद्ध वस्त्र विरासत से जुड़कर मप्र भी अनेकानेक संभावनाओं को तलाश कर बढ़ते ▸▸ शेष पेज 4 पर

### मप्र सरकार ने बहुत अच्छी औद्योगिक नीति तैयार की

मेवाड़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव आरके जैन ने कहा कि भीलवाड़ा विश्व में टैक्सटाइल सिटी के नाम से विख्यात है। हमारा यह चेंबर वर्ष 2020 से मप्र सरकार के साथ काम कर रहा है। इसी का परिणाम है कि राज्य के सीमावर्ती जिलों जैसे नीमच में उद्योगों को बढ़ावा मिल रहा है। मप्र सरकार ने बहुत अच्छी औद्योगिक नीति तैयार की है। अब यूनिट लगाने के लिए निवेशकों को सिर्फ एक फोन करना होता है और अधिकारियों का सम्पूर्ण सहयोग प्राप्त होता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि नीमच के पास एक टेक्निकल टैक्सटाइल पार्क बनाया जाए, इससे निवेशकों को नए अवसरों के साथ क्षेत्रीय जरूरतमंद युवाओं को भी रोजगार का लाभ मिलेगा।

मंत्रालय में अधिकारियों की हाजिरी पर पैनी नजर, सीएम ने दिए सख्त निर्देश

# वल्लभ भवन से सतपुड़ा तक किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रदेश की प्रशासनिक कार्यप्रणाली में अनुशासन लाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कड़ा रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के भोपाल से बाहर दौरे पर होने के बावजूद, सीएम के निर्देशों पर गुरुवार सुबह राजधानी के प्रमुख सरकारी कार्यालयों में छापामार कार्रवाई की गई। इस औचक निरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी कर्मचारी और अधिकारी अपनी ड्यूटी के प्रति गंभीर हैं या नहीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनहित ही सर्वोपरि के संकल्प के साथ प्रशासन में कसावट लाने में जुट गए हैं। मुख्यमंत्री ने साफ कर दिया है कि सरकारी दफ्तरों में आने वाली जनता को अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण परेशान नहीं होना पड़ेगा। इसी कड़ी में गुरुवार को सामान्य प्रशासन विभाग और मुख्यमंत्री सचिवालय की संयुक्त टीमों ने सुबह ठीक 10 बजे वल्लभ भवन, सतपुड़ा और विंध्याचल भवन के गेटों और विभागों में जांच टीमें तैनात कर दी गईं। जो कर्मचारी समय पर अपनी कुर्सी पर नहीं मिले, उनके खिलाफ रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

***देर से आने और जल्दी जाने वाले अधिकारियों पर नजर***



### सुबह 10 से शाम 6 तक ड्यूटी का नया पैमाना

सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सुबह 10:00 बजे अनिवार्य रूप से कार्यालय पहुंचना होगा। शाम 6:00 बजे तक कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करनी होगी। बीच के समय में अनधिकृत रूप से गायब रहने वाले या बार-बार बाहर जाने वाले कर्मचारियों की ट्रैकिंग की जाएगी।






### 1 से सिम कार्ड के बिना नहीं चलेगा वाट्सएप



**नई दिल्ली।** वाट्सएप का इस्तेमाल करने वालों के लिए बड़ी खबर है। गुरुवार को केंद्र सरकार ने साफ कहा है कि सिम बाइंडिंग के नियमों को लागू करने की 28 फरवरी की डेडलाइन को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। इसके बाद अब नए नियमों के तहत मोबाइल में सिम कार्ड न होने पर वाट्सएप, टेलीग्राम, सिग्नल, स्नैपचैट, शेयरचैट, जियोचैट, अराटाई और जोश जैसे मैसेजिंग एप नहीं चलेंगे।

स्वास्थ्य विभाग पर लगाए गंभीर आरोप

## टीका लगने के बाद 2 बच्चों की तबीयत बिगड़ी, एक की मौत

**सीएमएचओ ने आरोपों को नकारा**



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

जिले में एक आंगनबाड़ी केंद्र पर टीकाकरण के बाद दो बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। टीका लगने के करीब एक घंटे बाद दोनों बच्चों को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई। इलाज के दौरान 10 माह के एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि डेढ़ साल का दूसरा बच्चा अस्पताल में भर्ती है। मामला बिलपांक थाना क्षेत्र के नयाखेड़ा गांव की आंगनबाड़ी केंद्र का है। यहां मंगलवार दोपहर बच्चों को टीके लगाए गए थे। गांव के धर्मेंद्र मालवीय के 10 माह के बेटे प्रियांशु और देवीलाल मालवीय के डेढ़ साल के बेटे नित्यांशु सहित कुल चार बच्चों को टीकाकरण किया गया था। बुधवार रात 10 माह के बच्चे की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि सरकारी अस्पताल में टीका लगवाने के बाद 2 बच्चों की तबीयत बिगड़ी थी, जिसमें 10 महीने के मासूम प्रियांशु मालवीय की मौत हो गई। सीएमएचओ डॉक्टर संध्या बेलसेरे ने बताया कि किसी भी ▸▸ शेष पेज 4 पर

पुडुचेरी में पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत


## अब डिजिटल-रुपए से मिलेगा राशन डिजिटल वॉलेट में मिलेगी सब्सिडी

यह राशि सिर्फ राशन खरीद को होगी



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में एक महत्वपूर्ण बदलाव की शुरुआत करते हुए पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत खाद्य सब्सिडी को डिजिटल यानी ई-रुपए के माध्यम से देने जा रही है। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसकी शुरुआत गुरुवार को उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में की है। यह पहल रिजर्व बैंक द्वारा जारी केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) को सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम है। अब तक खाद्य सब्सिडी का लाभ या तो वस्तु के रूप में या पारंपरिक डीबीटी के जरिए मिलता था। नई व्यवस्था में पात्र लाभार्थियों के लिए एक विशेष डिजिटल वॉलेट बनाया जाएगा। सरकार तय सब्सिडी राशि इसी वॉलेट में ई-रुपए के रूप में भेजेगी, जिसे केवल राशन खरीदने के उद्देश्य से ही इस्तेमाल किया जा सकेगा। प्रक्रिया पूरी होते ही राशि दुकानदार के खाते में पहुंच जाएगी और उसका डिजिटल रिकार्ड तुरंत दर्ज हो जाएगा।



डीजीसीए ने बदला नियम... नाम की गलती भी मुफ्त में होगी चेंज

# 48 घंटे में टिकट कैंसिल करने पर नहीं कटेगा एक भी रुपया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी है। अब अगर आपने कोई फ्लाइट टिकट बुक किया है, तो बुकिंग के पहले 48 घंटे में उसे कैंसिल करने या नाम बदलने के लिए आपको कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा। यह सुविधा नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा नए नियमों के तहत दी जा रही है, जो यात्रियों के हित में और अधिक पारदर्शी बनाई गई है। डीजीसीए ने यह कदम यात्रियों की शिकायतों और टिकट रिफंड में देरी की समस्याओं को देखते हुए उठाया है। साथ ही, अगर टिकट में नाम में कोई गलती है और यात्री उसे 24 घंटे के भीतर सुधारता है, तो इसके लिए भी कोई चार्ज नहीं लिया जाएगा।



फाइल फोटो

*डीजीसीए ने यह बदलाव एयरलाइन टिकट रिफंड से जुड़ी शिकायतों और दिसंबर 2025 में इंडिगो की उड़ानों में हुई समस्याओं के बाद किया*

### एजेंट या पोर्टल से बुकिंग पर रिफंड की प्रक्रिया

अगर टिकट किसी ट्रैवल एजेंट या ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से खरीदा गया है, तो रिफंड की जिम्मेदारी एयरलाइन की होगी। डीजीसीए ने एयरलाइंस को निर्देश दिया है कि वे सभी रिफंड को 14 वर्किंग डे के भीतर पूरा करें। इसका मतलब यह है कि अब यात्रियों को लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा और रिफंड प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी होगी। नए नियमों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई यात्री मेडिकल इमरजेंसी के कारण अपनी फ्लाइट कैंसिल करता है, तो उसे रिफंड पाने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। डीजीसीए ने यह बदलाव एयरलाइन टिकट रिफंड से जुड़ी शिकायतों और दिसंबर 2025 में इंडिगो की उड़ानों में हुई समस्याओं के बाद किया है। इन नए नियमों से न केवल टिकट कैंसिलेशन आसान हुआ है, बल्कि नाम में गलती सुधारना भी अब फ्री में संभव है। यात्रियों को अब अपने रिफंड और नाम सुधार के लिए अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। डीजीसीए का यह कदम यात्रियों के लिए सुविधाजनक, तेज और भरोसेमंद साबित होगा।

# स्व से सृष्टि तक मंगल ही हमारा संकल्प, सेवा ही हमारा परम धर्म

## सिंहस्थ महाकुंभ-2028 में सभी साधु-संतों को किया आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को राजस्थान के भीलवाड़ा में हरिशेवा उदासीन आश्रम के स्थानापति परमपूज्य महामण्डलेश्वर स्वामी हंसरामजी महाराज की मौजूदगी में हुए सनातन मंगल महोत्सव, संत समागम एवं दीक्षा महोत्सव में शामिल हुए। राजा भलराज भील की नगरी भीलवाड़ा में मुख्यमंत्री ने स्वामी हंसरामजी महाराज से भेंटकर उनका सानिध्य और आशीर्वाद भी प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगल महोत्सव एवं संत समागम में देश-विदेश से आए विद्वतजनों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सबके मंगल की कामना करने वाली महान और गौरवशाली भारतीय संस्कृति के संवाहक हैं।

हमारी संस्कृति का सूत्र वाक्य ही 'वसुधैव कुटुंबकम' है। हमारा यही जीवन मूल्य हमें स्व के साथ पूरी सृष्टि के कल्याण की प्रेरणा देता है। सनातन मंगल महोत्सव का आयोजन हमारी सर्व कल्याणकारी भावना की ही जीवंत अभिव्यक्ति है। खुद के लिए तो सब जीते हैं, संसार के सभी प्राणियों, जीव-जंतुओं, पेड़-पौधों-वनस्पतियों के कल्याण के जीवोमूल लक्ष्य के लिए जीना ही हम सबका परम सेवाधर्म होना चाहिए।

## जो सबके मंगल की कामना करे, ऐसी महान है हमारी भारतीय संस्कृति

मुख्यमंत्री भीलवाड़ा में सनातन मंगल महोत्सव, संत समागम एवं दीक्षा महोत्सव में हुए शामिल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का सम्मान करते साधु-संत।

### शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा, पर्यावरण पर एकजुट होकर काम कर रही सरकार: सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सामाजिक जीवन में नैतिक मूल्यों, करुणा, सद्भाव और समरसता के प्रसार में संतजनों की भूमिका निरापद रूप से अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। पूज्य हंसरामजी महाराज धर्म के सभी मूल्यों, भक्ति, सेवा, सत्य, अहिंसा को जीवंत रख रहे हैं। आश्रम के माध्यम से आपने हजारों असहायों को सहारा दिया। उन्होंने कहा कि मानव कल्याण के पुनीत उद्देश्य से हो रहे इस मंगल आयोजन में आकर वे बेहद गौरवान्वित हैं। हमारी सरकारें जीवन मूल्यों, शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा, पर्यावरण पर एकजुट होकर काम कर रही हैं।

### उज्जैन को देशभर के साधु-संतों का आशीर्वाद मिलता रहा: डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ कुंभ के माध्यम से उज्जैन को देशभर के साधु-संतों का आशीर्वाद मिलता रहा है। सनातन संस्कृति में हमारे बच्चे परिवार को अमरता प्रदान करते हैं। यत्र पिंडे-तत्र ब्रह्मांडे, जैसा हमारे पिंड में है वैसा ही ब्रह्मांड में है। संतों के माध्यम से करोड़ों साल से ज्ञान की गंगा प्रवाहित होती रही है। साधु-संतों के जरिए हमें देवताओं के दर्शन होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब बृहस्पति ग्रह सिंह राशि में प्रवेश करते हैं, तब सिंहस्थ होता है। उज्जैन में वर्ष 2028 में सिंहस्थ महाकुंभ का भव्य आयोजन होने वाला है। मुख्यमंत्री ने सभी साधु-महात्माओं और संत-वृंदों को सिंहस्थ में आकर सबको आशीष रूपी अमृत देने के लिए आमंत्रित भी किया।

आज 171.19 करोड़ की लागत के विकास कार्यों की देंगे सौगात

## मुख्यमंत्री उदयगढ़ भगोरिया उत्सव में होंगे शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के 95वें शहादत दिवस पर आलीराजपुर के चन्द्रशेखर आजाद नगर (भाबरा) में शुक्रवार 27 फरवरी को आजाद स्मृति मंदिर पहुंचकर अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद मण्डी प्रांगण, चन्द्रशेखर आजाद नगर में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री चन्द्रशेखर आजाद नगर (भाबरा) में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण करेंगे। वे 79.92 करोड़ रुपए लागत के 14 कार्यों का लोकार्पण तथा 119.02 करोड़ रुपए लागत के 35 कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे। जिले में विकास परियोजनाओं से क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव उदयगढ़ में आयोजित पारंपरिक भगोरिया उत्सव में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री उत्सव स्थल पर पहुंचकर जनजातीय के प्रतिनिधियों से संवाद भी करेंगे। उदयगढ़ का भगोरिया अपने रंग, उमंग और परंपराओं के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध है।

## खबर संक्षेप



### भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बने डॉ. विशाल बघेल

भोपाल। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ मप्र का डॉ. विशाल सिंह बघेल को प्रदेश संयोजक बनाए जाने पर उनका अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। डॉ. बघेल यूनाइटेड प्राइवेट हॉस्पिटल्स डायरेक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं। इस मौके पर डॉ. जेपी पालीवाल व डॉ. जीशान अहमद सहित वरिष्ठ चिकित्सकों ने पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंटकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर डॉ. बघेल ने कहा कि यह दायित्व सेवा और उत्तरदायित्व का अवसर है। मैं सभी की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

### मुख्यमंत्री ने पत्रकार नवीन शर्मा के निधन पर किया दुख व्यक्त

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पत्रकार प्रवीण शर्मा के बड़े भाई पत्रकार नवीन शर्मा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवीन शर्मा ने विभिन्न समाचार पत्रों के लिए दीर्घ अवधि तक कार्य किया। उन्होंने अपने पिता वरिष्ठ पत्रकार स्व. हंसराज शर्मा के मार्गदर्शन में भी कार्य किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजन को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## विधानसभा में सेंधवा-इंदौर की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर सवाल, सरकार ने दिया जवाब

# मप्र में एनएचएम के 15 हजार से अधिक पद खाली, 43 हजार नई भर्ती का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के एनएचएम तहत मध्य प्रदेश में वर्ष 2026 में 15 हजार से अधिक पद रिक्त होने का मामला सदन में उठा। सरकार ने स्वीकार किया कि नियमित भर्ती में देरी और प्रक्रियागत कारणों से बड़ी संख्या में पद खाली हैं। स्थिति को संभालने के लिए गैप फिलिंग व्यवस्था अपनाई जा रही है और संविदा पदों पर भी भर्ती की प्रक्रिया जारी है।

सरकार ने यह भी जानकारी दी कि वर्ष 2026-27 के लिए 43 हजार पदों की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद यह तय किया जाएगा कि किन-किन श्रेणियों के पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविदा नियुक्ति के 146 पद भी वर्तमान में रिक्त बताए गए हैं।

हालांकि सरकार ने मरीजों के विस्तृत डेटा को साझा करने से इंकार करते हुए कहा कि संबंधित जानकारी विभागीय प्रक्रिया के तहत उपलब्ध कराई जाती है। कांग्रेस विधायक मोंटू सोलंकी ने सेंधवा जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने सवाल किया कि लंबे समय से पड़ी सोनोग्राफी मशीन का नियमित उपयोग क्यों नहीं हो पा रहा है।

जवाब में सरकार ने बताया कि रेडियोलॉजिस्ट का पद खाली है। फिलहाल दो प्रशिक्षित डॉक्टरों के माध्यम से सप्ताह में दो-दो दिन गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में रेडियोलॉजिस्ट विशेषज्ञ का पद स्वीकृत ही नहीं है। जिले में चिकित्सकों के 23 स्वीकृत पदों में से 16 पद खाली हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं पर सीधा असर पड़ रहा है।




### इंदौर जिले में डॉक्टरों की संख्या पर सवाल

इंदौर जिले में भी डॉक्टरों की कमी को लेकर प्रश्न पूछा गया। सरकार ने जवाब में बताया कि जिले में 9 शासकीय अस्पताल, 41 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 8 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और 124 उप स्वास्थ्य केंद्र संचालित हैं। इन संस्थानों में कुल 78 डॉक्टर कार्यरत हैं। सरकार ने कहा कि क्षेत्रीय संचालक और सीएमएचओ स्तर पर कर्मचारियों का स्थानांतरण किया जा सकता है, ताकि आवश्यकता वाले क्षेत्रों में तैनाती की जा सके। हालांकि विपक्ष का तर्क है कि इतनी बड़ी आबादी वाले जिले के लिए यह संख्या अपर्याप्त है।

### आयुष्मान योजना से जुड़े 26 अस्पताल जांच के घेरे में, शिकायतें प्राप्त हुई

सदन में यह भी खुलासा हुआ कि आयुष्मान भारत योजना से जुड़े 26 अस्पतालों के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। सरकार ने बताया कि इन मामलों की जांच जारी है। कई अस्पतालों को अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया गया है और अनियमित भुगतान की रिकवरी के आदेश भी जारी किए गए हैं। सरकार का कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सख्त कार्रवाई की जा रही है। वहीं विपक्ष का आरोप है कि खाली पदों, विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी और उपकरणों के अनुपयोगी पड़े रहने से आम जनता को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है।

### सरकारी स्कूलों की मरम्मत में गड़बड़ी पर सदन में हंगामा, मंत्री का जवाब: पूरे प्रदेश में होगी जांच

मध्य प्रदेश विधानसभा में सरकारी स्कूलों के रखरखाव और मरम्मत कार्यों में कथित अनियमितताओं का मुद्दा जोरदार तरीके से उठा। कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से आरोप लगाया कि स्कूलों की मरम्मत के नाम पर प्रदेश भर में करोड़ों रुपये का घोटाला हो रहा है। उन्होंने कहा कि कई जिलों में भवन जर्जर हालत में हैं, लेकिन कागजों में मरम्मत कार्य पूर्ण दिखाए जा रहे हैं। लखन घनघोरिया ने मांग की कि लोक शिक्षण संचालनालय से पिछले तीन वर्षों में कराए गए सभी मरम्मत कार्यों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। उनका कहना था कि यदि निष्पक्ष जांच हो तो बड़े स्तर पर वित्तीय अनियमितताएं सामने आ सकती हैं। मैहर से विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने कहा कि एक ब्लॉक में चार करोड़ का घोटाला हुआ, उसमें से 17 के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह तो सिर्फ एक ब्लॉक की स्थिति है पूरे प्रदेश में कितना बड़ा घोटाला होगा। विधायक ने मैहर में सामने आए कथित घोटाले का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां स्कूल मरम्मत कार्यों में गंभीर गड़बड़ी उजागर हुई है और इस मामले में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।

#### अधिकारियों, ठेकेदारों पर होगी कार्रवाई

विधायक ने कहा कि मैहर की घटना साबित करती है कि समस्या केवल एक जिले तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रदेशव्यापी स्तर पर जांच की आवश्यकता है। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से जवाब देते हुए मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने स्वीकार किया कि मैहर मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि इस घटना को गंभीरता से लेते हुए पूरे प्रदेश में मरम्मत कार्यों की जांच कराई जाएगी। मंत्री ने आश्वस्त किया कि यदि कहीं भी अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार पारदर्शिता के साथ शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। बहस के दौरान विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जांच निष्पक्ष और प्रभावी होनी चाहिए। जो अधिकारी जांच को प्रभावित कर सकते हैं, उन्हें हटाकर स्वतंत्र रूप से जांच कराई जाए।



## परामर्शदात्री समिति की बैठक में बोली मंत्री निर्मला

# मप्र में हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचना सरकार का दायित्व ही नहीं, संकल्प है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी की परामर्शदात्री समिति की बैठक में विभाग के तहत संचालित योजनाओं, विशेष रूप से जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में मिशन की प्रगति, गुणवत्ता नियंत्रण, संचालन-संधारण व्यवस्था तथा ग्रीष्मकालीन तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने समिति के सदस्यों को विभागीय प्रगति की जानकारी साझा करते हुए बताया कि प्रदेश में जल जीवन मिशन का क्रियान्वयन परिणामोन्मुख और पारदर्शी ढंग से किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के कुल 111.34 लाख ग्रामीण परिवारों में से 82.19 लाख परिवारों, अर्थात 73.84 प्रतिशत घरों को क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराए जा चुके हैं। इन परिवारों को प्रतिदिन निर्धारित मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीण जीवन स्तर में व्यापक सुधार हो रहा है।



### *ग्राम नल जल योजनाओं को समय-सीमा में पूर्ण किए जाने के निर्देश*

*बैठक में एकल एवं समूह ग्राम नल जल योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए समिति ने निर्देश दिए कि सभी योजनाओं को मिशन मोड में संचालित करते हुए समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। साथ ही, कार्यों की गुणवत्ता पर सतत निगरानी, फील्ड स्तर पर निरीक्षण तथा तकनीकी मानकों के पालन को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। राज्य मंत्रिमंडल की ओर से संचालन एवं संधारण नीति का अनुमोदन किया जा चुका है। इस नीति के तहत एकल नल जल योजनाओं का संचालन, संधारण एवं प्रबंधन पंचायतों के माध्यम से किया जाएगा।*

### विधायकों ने रखे महत्वपूर्ण सुझाव

समिति सदस्यों ने विभागीय प्रयासों की सराहना करते हुए कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। सदस्यों ने सुझाव दिया कि प्रत्येक तीन माह में अलग-अलग संभागों में बैठक आयोजित की जाए, जिससे क्षेत्रीय स्तर पर योजनाओं की प्रगति की प्रत्यक्ष समीक्षा की जा सके। ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए हैंडपंपों के रखरखाव एवं संधारण संबंधी निविदाएं समय पर आमंत्रित करने पर बल दिया गया, जिससे संभावित जल संकट की स्थिति से पूर्व तैयारी सुनिश्चित हो सके। साथ ही, नल जल योजनाओं के तहत किए गए कार्यों के बाद रोड रेस्टोरेशन के लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कराने की आवश्यकता रेखांकित की गई। बैठक में समिति की सदस्य विधायक नीना विक्रम वर्मा, विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, विधायक दिनेश भूरिया, विधायक राजेश कुमार वर्मा उपस्थित रहे।




### नोटिस तक सिमटा सीएमएचओ का एक्शन

राजधानी भोपाल में स्वास्थ्य विभाग का जिम्मा मिलने के बाद बड़ी तेजी से निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम्स पर कार्रवाई करने वाले सीएमएचओ साहब का एक्शन सिर्फ नोटिस तक सिमट कर रहा गया है। वह इसलिए कि सीएमएचओ का जिम्मा मिलते ही साहब ने एक के बाद एक शहर के अस्पतालों का निरीक्षण कर लापरवाही मिलने पर नोटिस तो दिए, लेकिन एक भी अस्पताल पर अब तक कोई बड़ा एक्शन नहीं लिया। इतना ही नहीं सीएमएचओ की टीम पर अस्पताल और नर्सिंग होम्स पर कार्रवाई के नाम पर फर्जीवाड़े करने का आरोप लगाकर एनएसयूआई ने सीएमएचओ कार्यालय में हंगामा तक किया। एनएसयूआई का आरोप है कि सीएमएचओ कार्यालय की टीम नर्सिंग कॉलेज और अस्पताल का फर्जी निरीक्षण कर वसूली करने में लगी है। अब इसमें कितनी सच्चाई यह तो जांच के बाद भी पता चलेगा, क्योंकि मामले की जांच लोकायुक्त में चल रही है।

### साहब को नहीं जम रहा छोटे अफसर का काम

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के दो अफसरों के बीच शीतयुद्ध लंबे समय से चल रहा है, जो खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। कहने वालों का कहना है कि बड़े साहब को उनके छोटे अफसर का काम नहीं जम पा रहा है, तो अफसर भी बड़े साहब के साथ असहज महसूस कर रहे हैं। आला अधिकारियों ने दोनों को काफी समझाइश दी, लेकिन तब भी पटरी नहीं बैठ पाई। साहब अवकाश पर चले गए हैं। उनका अवकाश पर जाना एनएचएम से लेकर स्वास्थ्य विभाग तक चर्चा का विषय बना हुआ है। नीचे के अधिकारी तो यही कहते हैं, दो बड़े अफसरों के बीच का मामला है, वे ही अच्छी तरह जानते होंगे कि उनके बीच किस बात की अनबन है। हम बीच में क्यों पड़े।

### मॉडल अस्पताल का गोपनीय नवाचार

राजधानी के मॉडल अस्पताल जेपी में एक गोपनीय नवाचार शुरू किया गया है। इस नवाचार के तहत अस्पताल में आने-जाने वालों मरीजों से इलाज और सुविधाओं के बारे में जानने के साथ ही इस संबंध में भी फीडबैक लिया जाएगा। इसमें डॉक्टरों, नर्स और कर्मचारियों का बर्ताव मरीज के साथ कैसा रहा। बताया जा रहा है कि अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को एक फार्म दिया जा रहा है। जिसमें कुछ बिंदु निर्धारित किए गए हैं। इस फार्म को भरकर अपना नाम लिखे बगैर ही एक बाक्स में डाला जाएगा। इस बाक्स को खोलने की जिम्मेदारी सिर्फ अधीक्षका साहब की होगी। वे इस बॉक्स को खोलकर देखेंगे कि किस-किसी की क्या शिकायत आ रही है। इन सभी शिकायत के आधार पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी प्रस्तावित की जाएगी। अब देखना दिलचस्प होगा कि यह नवाचार कितने दिन चलता और कितनों पर कार्रवाई होती है।

-सचिन सिंह बैस

## एमपी ने लगातार दूसरे वर्ष एसएटीटीई 2026 में जीता 'बेस्ट स्टेट टूरिज्म' अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र को दक्षिण एशिया के प्रमुख ट्रैवल एवं टूरिज्म प्रदर्शनी एसएटीटीई 2026 में प्रतिष्ठित बेस्ट स्टेट टूरिज्म अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। लगातार दूसरे वर्ष यह सम्मान प्राप्त कर राज्य ने भारत के प्रमुख और पसंदीदा पर्यटन स्थलों में अपनी मजबूत पहचान को और सुदृढ़ किया है।

पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित एसएटीटीई अवॉर्ड्स समारोह के दौरान प्रदान किया गया, जिसे मप्र टूरिज्म बोर्ड के अपर प्रबंध संचालक डॉ. अभय अरविंद बेडेकर ने प्राप्त किया। विजेताओं का चयन प्रतिष्ठित विशेषज्ञों और उद्योग जगत के वरिष्ठ नेताओं की जूरी से किया गया। सचिव पर्यटन एवं मप्र टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक डॉ. इलैया राजा टी. ने बताया कि एसएटीटीई 2026 में लगातार दूसरे वर्ष 'बेस्ट स्टेट टूरिज्म' अवॉर्ड मिलना मप्र के पर्यटन इको सिस्टम को मजबूत करने के हमारे निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर के संरक्षण के साथ सतत, जिम्मेदार और अनुभव-आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी, पर्यटक सुविधाओं पहलों में सुधार ने मध्यप्रदेश को इको-टूरिज्म में अग्रणी बना दिया है।

## कूनो में 'लंच-डिनर' का हिसाब रखरखाव खर्च 100 करोड़ पार

# एक करोड़ के बकरे चट कर गए चीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में लाए गए चीतों को लेकर एक बार फिर खर्च और प्रबंधन पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सामने आई जानकारी के अनुसार बीते एक वर्ष में चीतों ने ग्रामीण इलाकों से लगे क्षेत्र में करीब एक करोड़ रुपये से अधिक कीमत के बकरे और मवेशी शिकार किए हैं।

वहीं, परियोजना के रखरखाव और प्रबंधन पर अब तक 100 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च हो चुका है। जानकारी के मुताबिक, पार्क और आसपास के बफर जोन में चीतों की गतिविधियां बढ़ने से ग्रामीणों के पशुधन पर असर पड़ा है। कई गांवों से बकरियों और छोटे मवेशियों के शिकार की घटनाएं सामने आई हैं।

### हिरण, नीलगाय की पर्याप्त संख्या से कम होगी पशु हानि

ग्रामीणों का कहना है कि उनकी आजीविका का मुख्य आधार पशुपालन है। ऐसे में लगातार हो रहे नुकसान से उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि वन विभाग द्वारा मुआवजा देने की प्रक्रिया लागू है, लेकिन कई मामलों में भुगतान में देरी और आंकलन को लेकर असंतोष भी जताया गया है। स्थानीय लोगों की मांग है कि मुआवजा प्रक्रिया को सरल और त्वरित बनाया जाए, ताकि नुकसान की भरपाई समय पर हो सके। दूसरी ओर, वन विभाग का तर्क है कि चीतों का स्वभाविक शिकार प्रवृत्ति के अनुरूप है और उन्हें खुले जंगल में प्राकृतिक ढंग से रहने देना परियोजना की सफलता के लिए जरूरी है। अधिकारियों के अनुसार, चीतों की निगरानी के लिए रेडियो कॉलर, विशेष ट्रैकिंग टीम, बाड़बंदी, शिकार आधार (प्रे-बेस) विकसित करने और चिकित्सा सुविधाओं पर लगातार खर्च किया जा रहा है। यही कारण है कि रखरखाव पर कुल व्यय 100 करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है। वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी पुनर्वास परियोजना के शुरुआती वर्षों में इस तरह की चुनौतियां सामने आती हैं। उनका कहना है कि यदि शिकार प्रजातियों जैसे हिरण और नीलगाय की संख्या संतुलित और पर्याप्त रहे तो चीतों का ग्रामीण पशुधन की ओर रुख कम हो सकता है। इसके लिए दीर्घकालिक पारिस्थितिक प्रबंधन और सामुदायिक सहभागिता जरूरी है।राजनीतिक स्तर पर भी इस मुद्दे ने तूल पकड़ा है। विपक्ष जहां खर्च और परिणामों पर सवाल उठा रहा है, वहीं सरकार इसे जैव-विविधता संरक्षण की बड़ी उपलब्धि बताकर दीर्घकालिक लाभों की बात कर रही है।



## राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला प्रमुख क्षेत्र है पर्यटन

# पर्यटन स्थलों पर पुलिस की भागीदारी व प्रशासनिक समन्वय महिला पर्यटकों की सुरक्षा को करेगी सशक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपर मुख्य सचिव गृह और संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि जिलों में लगातार पुलिस की सक्रिय भागीदारी और प्रशासनिक समन्वय के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा को सुदृढ़ किया जा रहा है। जब महिलाएं सुरक्षित होती हैं, तब सब सुरक्षित होते हैं।

महिला पर्यटक सहित हर महिला और बच्चे का विश्वास, जमीनी स्तर तक सुरक्षित रहना चाहिए। अपर मुख्य सचिव शुक्ला एमपीटी होटल पलाश में मप्र पर्यटन बोर्ड (एमपीटीबी), पुलिस विभाग और यूएन वूमेन के समन्वय से आयोजित पर्यटन स्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा पुलिस की भूमिका और रणनीति विषय पर तीन दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग, पुलिस विभाग के साथ मिलकर यह सुनिश्चित कर रहा है कि हर पर्यटन स्थल पर सुरक्षा तंत्र प्रभावी रूप से कार्य करे। निर्भया फ्रेमवर्क जैसी पहल और कैमरा निगरानी प्रणाली में 19 करोड़ रुपए के निवेश से मध्यप्रदेश को महिला सुरक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है।




### *पर्यटकों की सुरक्षा सबसे आवश्यक*

*सचिव पर्यटन एवं प्रबंध संचालक एमपी टूरिज्म बोर्ड डॉ. इलैया राजा टी. ने कहा कि पर्यटकों की सुरक्षा सबसे आवश्यक है। कार्यशाला में विशेष पुलिस महानिदेशक (महिला सुरक्षा) पीएचक्यू भोपाल अनिल कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक (महिला सुरक्षा शाखा) संतोष गौर, पुलिस उप महानिरीक्षक (महिला सुरक्षा शाखा) किरणलता केरकेट्टा, पुलिस अधीक्षक (महिला सुरक्षा) सुश्री बीना सिंह और सुश्री स्वाति मुराव आदि अधिकारी मौजूद रहे।*

## जल संसाधन कर्मचारियों का अल्टीमेटम

# पांच दिन में सालों से जमे कर्मियों को नहीं हटाया तो होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शासकीय कर्मचारी परिसंघ के नेतृत्व में प्रमुख अभियंता कार्यालय जल संसाधन विभाग में 20-20 सालों से पदस्थ कर्मचारियों को हटाने की मांग की लेकर गुरूवार को कर्मचारियों ने नर्मदा भवन का घेराव कर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन कर नारेबाजी करने वाले कर्मचारियों ने पांच दिन का अल्टीमेटम देकर चेतावनी दी है कि जल्द ही सालों से एक ही विभाग में जमे कर्मचारियों को अन्य विभाग में पदस्थ नहीं किया गया तो पांच मार्च से आंदोलन किया जाएगा।



शासकीय कर्मचारी परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील पाण्डेय और प्रदेशाध्यक्ष ध्रुव सिंह सिकरवार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मुख्य सचिव अनुराग जैन को पत्र लिखकर प्रमुख अभियंता कार्यालय जल संसाधन विभाग में 20 वर्षों से स्थापना कक्ष में एक ही जगह पर जमे कर्मचारियों को नियमानुसार तत्काल प्रभाव से अन्य विभाग में पदस्थ करने की मांग की है।

भोपाल
शुक्रवार, 27 फरवरी 2026
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष-11
वर्ष : 12, अंक : 328
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 31
न्यून. 18

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

11 अब 15 दिनों का होगा खेल महोत्सव...



विचार पेज
06 क्या ट्रंप सबसे विवादित ...


विधानसभा में हंगामा, प्रश्नकाल बाधित

## सिंगरौली में धिरौली कोल माइंस परियोजना पर सरकार का जवाब

# 5 ग्रामों की निजी भूमि का अधिग्रहण 368 करोड़ रुपए का मुआवजा मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा में गुरुवार को प्रश्नकाल में सिंगरौली जिले के धिरौली कोल ब्लॉक में विस्थापितों को मुआवजा नहीं देने का मुद्दा उठा। इसे लेकर सदन में जमकर हंगामा हुआ। इस वजह से प्रश्नकाल में 25 में से महज दो ही प्रश्न हो पाए। सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित हुई। बाद में विपक्षी कांग्रेस ने सदन से वॉकआउट कर दिया। राजस्व मंत्री ▶▶ शेष पेज 4 पर



करण सिंह वर्मा

**सरकार ने विस्थापित 262 परिवारों को पुर्नवास के लिए 159.22 हेक्टेयर भूमि आवंटित की**



कांग्रेस विधायकों ने कोल माइंस मामले को लेकर सदन के बाहर नारेबाजी की

**विस्थापित 126 परिवारों को प्लॉट आवंटित, 40 विस्थापितों को मिला रोजगार**

### प्रभावित परिवारों के पुनर्व्यवस्थापन पर विशेष ध्यान

मंत्री वर्मा ने कहा कि शेष राशि वितरण की प्रक्रिया में है। शासकीय भूमि के प्रकरणों में भू-भाटक एवं प्रीमियम राशि जमा कराते हुए परिसंपत्तियों का नियमानुसार मुआवजा दिया जा रहा है। परियोजना से प्रभावित परिवारों के पुनर्व्यवस्थापन पर विशेष ध्यान दिया गया है। अब तक 262 विस्थापित परिवारों के पुनर्वास के लिए 159.22 हेक्टेयर भूमि आवंटित की जा चुकी है। क्षेत्र में भूमि समतलीकरण, सड़क निर्माण एवं प्लॉटिंग का कार्य पूर्ण गया है। विस्थापित 126 परिवारों को प्लॉट आवंटित किए जा चुके हैं। 40 विस्थापितों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। 10 विस्थापितों को ड्राइविंग प्रशिक्षण के लिए रायपुर भेजा गया है। शेष पात्रों को रोजगार उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी है।

### दो से ढाई लाख की ही राशि बतौर मुआवजा : सिंघार

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सरकार ने वादा किया है कि भूमि अधिग्रहण के प्रभावितों को 50-50 लाख का मुआवजा देंगे। वहां सिर्फ दो से लाख ढाई की ही राशि बतौर मुआवजा दी गई है। कुल आठ गांव प्रभावित हुए थे, जिसमें में सरकार ने मात्र 5 गांवों के ग्रामीणों को ही मुआवजा दिया है। हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने व्यवस्था देते हुए कहा कि किसी भी तरह की अनियमितता पर सरकार जांच कराकर कार्रवाई करेगी। सिंगरौली जिले की प्रभारी मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि वे खुद आदिवासी हैं, ऐसे में सिंगरौली जिले के किसी भी आदिवासी के साथ अन्याय नहीं होगा।

## खबर संक्षेप

### खेल रही 9 साल की छात्रा को आया हार्ट अटैक, मौत

**जयपुर।** नागौर के गोटन कस्बे के एक निजी स्कूल में 23 फरवरी की सुबह हृदय विदारक घटना हुई। गोटन इंटरनेशनल स्कूल में पांचवीं की छात्रा दिव्या बापेडिया (9) प्रार्थना से पहले मैदान में खेल रही थी, तभी वह अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी। स्कूल स्टाफ उसे तुरंत अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुरुआती जांच में मौत का कारण कार्डियक अरेस्ट बताया गया है।



### रिलीज नहीं होगी 'द केरल स्टोरी-2', हाईकोर्ट की रोक

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री अदा शर्मा की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'द केरल स्टोरी' के सीक्वल पर विवाद गहरा गया है। केरल हाई कोर्ट ने फिल्म की रिलीज पर अंतरिम रोक लगा दी है। यह फिल्म 27 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली थी, लेकिन अदालत ने सुनवाई करते हुए फिलहाल प्रदर्शन को रोक दिया है। इसमें राज्य की छवि नकारात्मक रूप से पेश करने और सांप्रदायिक तनाव पैदा करने के आरोप लगे हैं।




### इंदौर: जहरीली गैस से 5 लोगों की तबीयत बिगड़ी

**इंदौर।** रावजी बाजार थाना क्षेत्र में गुरुवार रात जहरीली गैस फैल गई। जिससे लोगों को सांस लेने में परेशानी और उल्टियां होने लगीं। पांच लोगों की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल भेजा गया। बताया जा रहा है कि कबाड़ी सिलेंडर को काट रहा था, उसी दौरान उसमें भरी गैस रिसने लगी। जिससे लोगों को सांस लेने में परेशानी होने लगी। पुलिस ने कबाड़ी को हिरासत में ले लिया है। पानी का छिड़काव किया गया।



**नौ साल बाद बड़ा कदम : पीएम मोदी-नेतन्याहू के बीच वार्ता में कई मुद्दों पर सहमति बनी**

# रक्षा, एफटीए, यूपीआई व एआई भारत-इजराइल के बीच समझौते

**नमस्कार और शलोम कहकर संबोधन की शुरुआत की**

*इन समझौतों का मकसद नई तकनीकों का विकास, खेती में आधुनिक तरीकों को अपनाना और स्टार्ट-अप व शोध के क्षेत्र में साझेदारी को आगे बढ़ाना*




एजेंसी ▶▶ यरूशलम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ व्यापक बातचीत की। इस बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, तकनीक और कृषि जैसे अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई।

बैठक के दौरान पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे यानी भारत-मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) और आई2यू2 समूह (भारत-इजराइल-यूएई-अमेरिका समूह) के तहत सहयोग को आगे बढ़ाने पर भी चर्चा होने की संभावना जताई गई। इस दौरान भारत और इजराइल ने आपसी संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए ▶▶ शेष पेज 4 पर

**नेतन्याहू के साथ प्रेस वार्ता में पीएम मोदी ने बताया ऐतिहासिक दौरा**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू

▶▶ ***पश्चिम एशिया व भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे पर भी चर्चा***

▶▶ ***भारत और इजराइल ने अपने संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का ऐतिहासिक फैसला किया***

**बोले पीएम मोदी**

### दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं

इजराइली पीएम नेतन्याहू के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-इजराइल के रिश्तों को नई ऊंचाई देने का ऐलान किया। पीएम मोदी ने नमस्कार और शलोम कहकर अपने संबोधन की शुरुआत की। पीएम मोदी ने बताया कि दोनों देश जल्द ही एक पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

### शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाएंगे

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और इजराइल ने क्रिटिकल और उभरती प्रौद्योगिकी साझेदारी स्थापित करने का निर्णय लिया है। इजराइल में यूपीआई के उपयोग को लेकर भी समझौता हुआ है, जिससे डिजिटल भुगतान को बढ़ावा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मोदी-नेतन्याहू वार्ता में क्या-क्या तय हुआ?

- **साइबर सुरक्षा:** साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट पर हस्ताक्षर।
- **कृषि और नवाचार:** 'इंडिया-इजराइल इनोवेशन सेंटर फॉर एग्रीकल्चर' स्थापित करने का फैसला।
- **मत्स्य पालन और एक्वाकल्चर:** इस क्षेत्र में तकनीकी सहयोग बढ़ाने पर सहमति।
- **भू-भौतिकीय अन्वेषण:** ऊर्जा और संसाधन खोज के क्षेत्र में साझेदारी।
- **राष्ट्रीय समुद्री धरोहर परिसर, लोथल:** विकास में सहयोग का समझौता।
- **सांस्कृतिक आदान-प्रदान:** सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर।

▶▶ शेष पेज 4 पर

**मैथ-केमिस्ट्री का पेपर बिगड़ गया था**

## 12वीं का छात्र फेल होने के डर से छत से कूदा... मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

ग्वालियर में 12वीं कक्षा के छात्र ने गुरुवार सुबह करीब 8 बजे अपने घर की दूसरी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि छात्र मैथ और केमिस्ट्री का पेपर बिगड़ने से डिप्रेशन में था। मामला झांसी रोड थाना क्षेत्र के हरिशंकरपुरम स्थित साइन नगर फेज-2 का है। जानकारी के मुताबिक मृतक छात्र की पहचान उत्कर्ष उर्फ कृष्णा गुप्ता (20) पुत्र राजीव गुप्ता के रूप में हुई है। परिजन अंतिम संस्कार के लिए शव को बरुआ सागर ले गए हैं। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन ने बताया कि ▶▶ शेष पेज 4 पर



उत्कर्ष (मृतक)

**पिता छत पर खोजने पहुंचे तो नीचे लाश मिली**

**यूआईडीएआई ने गूगल के साथ की साझेदारी**

## जल्द गूगल मैप्स पर दिखेंगे अब ऑथराइज्ड आधार केंद्र

**देशभर के लोग जल्द ही अपने नजदीकी सत्यापित आधार केंद्र का पता और उपलब्ध सेवाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे**




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने गूगल मैप्स पर अधिकृत आधार केंद्रों को प्रदर्शित करने के लिए गूगल के साथ साझेदारी की है। इस पहल से देश भर के लोगों के लिए अधिकृत आधार केंद्रों तक पहुंच आसान होगी। इस पहल से नागरिकों को आधार केंद्रों की पहचान करने में सहायता मिलेगी। साथ ही वयस्क नामांकन, बाल नामांकन या केवल पता और मोबाइल नंबर अपडेट जैसी सेवाओं से संबंधित केंद्रों की सटीक जानकारी उपलब्ध होगी। इसके अलावा, केंद्र की सुगमता से संबंधित जानकारी, जैसे दिव्यांग-अनुकूल ▶▶ शेष पेज 4 पर

**ऑनलाइन गेम की लत ने उजाड़ा परिवार**

## पिता ने पत्नी-बेटी को कोल्ड ड्रिंक में दिया जहर, खुद की भी जान ली

**दो लीटर की कोका कोला लाया था पिता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहडोल

ऑनलाइन गेमिंग और कर्ज के जानलेवा जाल ने एक हंसते-खेलते परिवार को खत्म कर दिया। पुरानी बस्ती इलाके में रहने वाले शंकर लाल गुप्ता (40) ने बीडीजी और एविएटर जैसे ऑनलाइन गेम्स में करीब 4 लाख रुपए हारने के बाद आत्मघाती कदम उठाया। शंकर ने अपनी पत्नी राजकुमारी और 11वीं में पढ़ने वाली बेटी स्वाति को कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर पिला दिया और फिर खुद भी पी लिया। इलाज के दौरान पिता और बेटी की मौत हो गई, जबकि ▶▶ शेष पेज 4 पर



शंकरलाल स्वाति राजकुमारी

**सम्मान में मिले मेडल-शील्ड गले में टांगे**

## किसानों का अर्धनग्न प्रदर्शन रिंग रोड प्रोजेक्ट का विरोध



**बोले-जमीन गई तो भूखे मरेंगे परिवार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

यहां सैकड़ों किसान रिंग रोड परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण के विरोध में उतरे। अर्धनग्न होकर कलेक्ट्रेट को घेरा। गले में सम्मान के मेडल और शील्ड टांगकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान गर्मी से एक किसान बेहोश हो गया था। कलेक्टर शिवम वर्मा प्रदर्शन कर रहे किसानों को मनाने के लिए ▶▶ शेष पेज 4 पर

## सेमीफाइनल में पहुंचने से सिर्फ एक कदम दूर

**अभिषेक शर्मा ने बनाए 55 रन, हार्दिक 50 रन बनाकर नाबाद रहे**

**1 मार्च को भारत का सामना वेस्टइंडीज से**



**जिम्बाब्वे को हरा टीम इंडिया ने की वर्ल्ड कप में वापसी**

**नई दिल्ली।** अभिषेक शर्मा (55) के बाद हार्दिक पांड्या (50*) के अर्धशतक की बदौलत भारतीय टीम ने सुपर-8 के अपने दूसरे मैच में जिम्बाब्वे को 72 रन से हराया। इसके साथ ही भारत ने सेमीफाइनल की उम्मीदों को जिंदा रखा है। टीम इंडिया इस मैच को जीतते ही अगले दौर में चली ▶▶ शेष पेज 4 पर
▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

**नई परिवहन नीति के विरोध में मालिक-ऑपरेटर्स जाएंगे हड़ताल पर**

## होली से एक दिन पहले थम जाएंगे प्रदेशभर में 28 हजार बसों के पहिए

**संशोधन से प्रदेश में 12 हजार 780 परमिट वाली जबकि 7 हजार से अधिक कॉन्ट्रैक्ट वाली बसों के परमिट पहले सरकार निरस्त करने जा रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के 55 जिलों में 2 मार्च यानी होली से ठीक एक दिन पहले प्रदेशभर में बसों के पहिए थम जाएंगे। इसके चलते शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होने वाली 28 हजारों बसें शामिल होंगी। 2 मार्च को सुबह 6 बजे से सभी बसों के पहिए थम जाने से सबसे ज्यादा असर आम यात्रियों पर पड़ेगा, जो होली में अपने घर जाएंगे।

मध्य प्रदेश बस ओनर्स एसोसिएशन के महामंत्री जयकुमार जैन ने 'हरिभूमि' ▶▶ शेष पेज 4 पर



### ये हैं इनकी प्रमुख मांगें?

- 24 दिसंबर 2025 को राजपत्र में प्रकाशित संशोधन के प्रारूप को तत्काल वापस लिया जाए या निरस्त किया जाए।
- 29 जनवरी को राजपत्र में प्रकाशित संशोधन को पूर्ण रूप से समाप्त किया जाए।

**बरसाना से आईं राधारानी की सखी स्वरूप हुरियारे फगुवा लेने के लिए नंदगांव पहुंचे**

## नंदगांव में लठमार होली, हुरियारों पर बरसी प्रेम की लाठियां

एजेंसी ▶▶ मथुरा

मथुरा में बरसाना की लठमार होली के दूसरे दिन फाल्गुन सुदी दशमी को नंदभवन, रंगीली चौक और यशोदा कुंड क्षेत्र रंग, गुलाल, फाग पद और प्रेमपगी लाठियों की वर्षा से सराबोर हो उठा। बरसाना से आईं राधारानी की सखी स्वरूप हुरियारे फगुवा लेने के लिए नंदगांव पहुंचे। यहां समाज गायन के बाद हुरियारिनों ने उन पर प्रेम पगी लाठियां बरसाईं।

दोपहर से देर शाम तक चले आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं और पर्यटकों की मौजूदगी में द्वापरकालीन परंपरा एक बार फिर सजीव हो उठी। पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण बरसाना में ▶▶ शेष पेज 4 पर

▶▶ ***हुरियारों ने सिर पर पगड़ी बांधी और ढालें संभालीं***

▶▶ ***रबड़ी, केसर मिश्रित भांग की ठंडाई और प्रसाद वितरित***



बरसाना में लठमार होली खेलते हुरियारे

### टेसू के रंग व गुलाब की पंखुड़ियां बरसीं

*दोपहर करीब दो बजे से बरसाना से हुरियारों के जत्थों का नंदगांव आगमन शुरू हो गया। सबसे पहले वे यशोदा कुंड पहुंचे, जहां परंपरागत तरीके से उनका स्वागत किया गया। यहां रबड़ी, केसर मिश्रित भांग की ठंडाई और प्रसाद वितरित किया गया। लठमार होली* ▶▶ शेष पेज 4 पर

### इस होली के हजारों लोग साक्षी बने

*शाम करीब सवा पांच बजे रंगीली चौक पर हजारों की संख्या में हुरियारे, हुरियारिनें और श्रद्धालु एकत्र हुए। यहां फाग, रसिया और लोकगीतों पर हुरियारे-हुरियारिनों का नृत्य हुआ। समाजियों के संकेत के* ▶▶ शेष पेज 4 पर

राहगीरों की समझाइश के बाद चालक पत्नी को लेकर जय प्रकाश अस्पताल पहुंचा, वहां चल रहा इलाज

# सिग्नल जंप करने पर रोका ई-रिक्शा, तो चालक ने जमकर किया हंगामा रिक्शा चालक की पत्नी ने खाया जहर, पुलिसकर्मी कंट्रोल रूम की तरफ भागे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पुलिस कंट्रोल रूम पर गुरुवार दोपहर ई-रिक्शा चालक ने जमकर हंगामा किया। उसने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों पर जबरन रोककर चालानी कार्रवाई करने के आरोप लगाए। उसकी पुलिसकर्मियों से बहस हो गई। बहस बढ़ने पर ई-रिक्शा में मौजूद उसकी पत्नी ने जहर खा लिया।

हंगामा बढ़ता देख पुलिसकर्मी कंट्रोल रूम की तरफ भाग गए, तो आरोपी ने उनकी दो बाइक को धक्का देकर गिरा दिया। राहगीरों की समझाइश के बाद वह पत्नी को लेकर जय प्रकाश अस्पताल पहुंचा, वहां उसका इलाज चल रहा है। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार जहांगीराबाद निवासी ई-रिक्शा चालक पत्नी के साथ मार्केट जाने के लिए निकला था। पुलिस कंट्रोल रूम के पास ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने उसे रोक लिया और चालान बनाने की धमकी देने लगे। इसको लेकर उसका पुलिसकर्मियों से विवाद होने लगा।

इस पर ई-रिक्शा चालक की पत्नी ने अपने पास रखा कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। जहर खाने की बात पता चलते ही पुलिस वाले कंट्रोल रूम में चले गए तो ई-रिक्शा चालक ने चौकी पर खड़ी उनकी बाइकों को गिरा दिया। बाद में वह पत्नी को लेकर इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचा।

**ई-रिक्शा चालक ने पुलिसकर्मियों पर निकाला पेचकस, चौकी पर खड़ी उनकी बाइकों को गिराया**



विवाद के बाद जहर खाकर बेसुध हुई पत्नी, पुलिस से बहस करता ई-रिक्शा चालक।

### सिग्नल जंप करने पर पुलिस कर्मचारी ने रोका था रिक्शा

पुलिस का कहना है कि ई-रिक्शा चालक सवारी लेकर पुलिस कंट्रोल रूम से निकल रहा था। उसने सिग्नल जंप किया। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उसे रोक लिया। उस समय वह वहां से चला गया और कुछ देर बाद पत्नी को बिठाकर मौके पर पहुंचा। वह चैकिंग पाइंट पर लगे पुलिसकर्मियों से जबरन विवाद करने लगा। वह हाथ में पेचकस लिए था। उसने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी ने पुलिसकर्मियों की कार्रवाई परेशान होकर जहर खाया है। बाद में महिला को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

### इलेक्ट्रिक रिक्शों के कारण बिगड़ रहा ट्रैफिक

शहर में चलने वाले इलेक्ट्रिक रिक्शों के कारण पूरे शहर की यातायात व्यवस्था बिगड़ी हुई है। प्रमुख चौराहों और तिराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगे होने के बावजूद यह रिक्शा चालक लगातार सिग्नल जंप कर निकलते रहते हैं, जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। पुलिस आयुक्त संजय कुमार इन दिनों शहर के प्रत्येक इलाके में पहुंचकर जनसंवाद कर लोगों को यातायात व्यवस्था बनाने, बैटरी रिक्शा को कलर कोडिंग के साथ नियमों के अनुसार चलाने की समझाइश दे रहे हैं, इसके बावजूद ई-रिक्शा चालकों की मनमनी रुक नहीं रही है।

## खबर संक्षेप



### बहावलपुरी समाज ने आयोजित किया भंडारा

**औबेदुल्लागंज।** नगर में बहावलपुरी समाज द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया। अध्यक्ष बल्लू अरोरा, कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश चावला, अर्जुन अरोरा, सुधीर कमल, व्यापार महासंघ के सचिव प्रदीप अरोरा, गोपाल खत्री, तरुण खत्री, भोला राणा, नीटू बत्रा, पंकज पंजाबी आदि ने कार्यक्रम में सहयोग किया। नगर के सभी सामाजिक वरिष्ठ जनों को आमंत्रित किया था। इस अवसर पर वरिष्ठ अशोक मित्तल, अशोक सेठी, नीरज चावला, विक्रम धाड़ी, व्यापार संघ के अध्यक्ष जगदीश चंदानी, आशीष दीक्षित, कैलाश डब्बू नागर, रमेश वासवानी सहित नगर के वरिष्ठ जनों ने कार्यक्रम की प्रशंसा की।

### हवन-पूजन में नारी शक्ति ने लिया हिस्सा



**औबेदुल्लागंज।** नव देवी, हनुमंत लाल, शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा शिव शक्ति लघु रुद्र यज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में भोजपुर नारी शक्ति कि सदस्यों ने हवन पूजन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष आरती यादव, रेखा कपूर, प्रियंका गुप्ता के साथ महिला मंडल ने कथा में सहयोग किया।

### नप अध्यक्ष पद के लिए लगातार बढ़ रहे दावेदार

**औबेदुल्लागंज।** नगर के वरिष्ठ प्रेस फोटोग्राफर एवं राजनीति के खिलाड़ी अनिल अरोरा उर्फ बॉबी भैया ने बताया कि औबेदुल्लागंज नगर परिषद में सीधे अध्यक्ष का चुनाव होने से दावेदार बढ़ते ही जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 8 से 12 लोग अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने की तैयारी शुरू कर दी है, और घर-घर जाकर संपर्क कर रहे हैं। इसमें 20 साल से रहे पार्षद आमिर ममनून सबसे आगे हैं। अरोरा ने बताया कि इस बार अप्रत्याशित निर्णय होगा।



### घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित रामेश्वरम कॉलोनी में गत दिनों सीढ़ियों से गिरकर घायल हुए युवक की इलाज के दौरान एम्स में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार राहुल मानकर पिता साहेबराव मानकर (35) रामेश्वर कॉलोनी, बागमुगलिया में रहते थे।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 8361 | | |
| दिनः | 146 | 17 | 223 |
| रातः | 779 | 33 | 689 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 289 | 90 | 668 |
| रातः | 460 | 01 | 236 |

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित बारह नंबर मल्टी का मामला

# 85 साल की दादी से बात कर कमरे में जाकर युवक ने लगाई फांसी, हुई मौत

*काम से लौटे बुजुर्ग पिता ने फंदे पर लटका देखा शव, पुलिस को सूचना दी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित बारह नंबर मल्टी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना मंगलवार बुधवार की दरमियानी रात की है। दरअसल, युवक काम से रात दस बजे घर लौटा था। इसके बाद 85 साल की दादी से बात की और अंदर कमरे में चला गया। अगले ही दिन बुधवार सुबह पिता काम से घर लौटे तो वह फांसी लगा चुका था। पुलिस को उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार राकेश कनाडे पिता रमेश कनाडे (33) 12 नंबर इलाके में 18 नंबर मल्टी में टॉप फ्लोर पर रहता था। उसकी मां का बचपन में निधन हो चुका है।

### रात करीब 10 बजे दादी से की बात

बड़ा भाई इंदौर में परिवार के साथ रहता है। यहां राकेश 65 साल के पिता रमेश और 85 साल की दादी के साथ रहता था और मजदूरी करता था। रमेश कनाडे ने पुलिस को बताया कि वह सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं। आरजीपीवी में उनकी नाइट ड्यूटी रहती है। मंगलवार रात वह घर से ड्यूटी चले गए थे। रात में करीब दस बजे राकेश घर आया और अपनी दादी से बातचीत की। कुछ देर दादी के साथ बैठकर टीवी देखी। इसके बाद अंदर वाले कमरे में सोने चला गया।

### पुलिस को नहीं मिला सुसाइड नोट

बुधवार सुबह रमेश ड्यूटी से घर लौटे। सुबह करीब दस बजे उन्होंने चाय बनाई और राकेश को आवाज दी, लेकिन राकेश ने कमरे का दरवाजा नहीं खोला। रमेश कनाडे ने गड्ढे वाली मल्टी में रहने वाले रिश्तेदार रवि डागसे को बुलाया। रवि पड़ोसी से हथौड़ी लेकर गया और किसी तरह दरवाजे की चिटकनी पर मारकर खोला। इस दौरान राकेश का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला।

## शादी से लौट रहे युवक पर फायर कर जानलेवा हमला करने वाला गिरफ्तार

*कोर्ट में किया था सरेंडर, आधा दर्जन आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है पुलिस*

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र में करीब ढाई माह पूर्व पत्नी के साथ शादी समारोह से लौट रहे युवक पर चाकू-छुरी और देशी कट्टे से फायर कर जानलेवा हमला करने वाले मुख्य आरोपी रूसी खान ने दो दिन पहले कोर्ट में सरेंडर कर दिया।



सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे विधिवत रूप से गिरफ्तार कर दो दिन का पुलिस रिमांड लिया और गुरुवार को केन्द्रीय जेल भेज दिया। आरोपी की गिरफ्तारी पर दो हजार का इनाम रखा गया था। पुलिस के मुताबिक सिकंदरी सराए रेलवे स्टेशन थाना बजरिया निवासी रिमशा अली पत्नी दानिश अली (22) विगत 13 दिसंबर 2025 की रात एक शादी समारोह से लौट रहे थे। उसी दौरान कलारी के सामने ईंटखेड़ी भैरूपुरा रोड पर आरोपियों सन्नू वजनदार, सकलेन, परवेज उर्फ नाटू, शावेज उर्फ बटाला, जुबैर उर्फ किलकिल, फरदीन व रूसी खान ने चाकू-छुरी व देशी कट्टे से फायर कर दानिश अली की कार रोककर उस पर जानलेवा हमला कर फरार हो गए।

### फरार आरोपी की तलाश

पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की और आधा दर्जन आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर लिया था। मुख्य आरोपी रूसी खान घटना के बाद से ही फरार था। उसकी तलाश की जा रही थी और पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर दो हजार रुपए के इनाम की घोषणा की थी। इस बीच आरोपी रूसी खान (31) निवासी गरम गड्ढा थाना स्टेशन बजरिया ने 24 फरवरी को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। कोर्ट से अनुमति प्राप्त कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर 26 फरवरी तक का रिमांड में लेने के बाद गुरुवार को जेल भेज दिया।

# गांजे की तस्करी करने वाले दंपती गिरफ्तार 3 किलो 921 ग्राम गांजा व छुरी जब्त किया

स्टेशन बजरिया पुलिस ने मकान मालिक की सूचना पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्टेशन बजरिया पुलिस ने दंपती को गिरफ्तार कर 3 किलो 921 ग्राम गांजा जब्त किया है। उक्त कार्रवाई पुलिस ने मकान मालिक की सूचना पर की। दरअसल, मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी थी कि किराएदार हाथ में तलवारनुमा चाकू लेकर हंगामा कर रहा है। पुलिस की टीम हंगामे की सूचना पर पहुंची और आरोपी को दबोच लिया गया। घर की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान घर में गांजा मिला।

पुलिस की पूछताछ में पता चला कि गांजा बेचने का काम उनका पुस्तैनी है। पुलिस गांजे के बारे में पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार शंकराचार्य नगर में रहने वाले मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी कि उनका किराएदार आदिल उर्फ अद्दू (19) चाकू लेकर गदर कर रहा है। इससे इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी आदिल को गिरफ्तार कर चाकू बरामद किया गया। संदेह होने पर पुलिस ने उसके कमरे की तलाशी ली। कमरे की तलाशी लेने पर कमरे में रखी लोहे की दो तलवार नुमा छुरी और प्लास्टिक की बोरी में रखा अवैद्य मादक पदार्थ गांजा मिला। पुलिस की पूछताछ में आरोपी आदिल ने बताया कि वह अपनी पत्नी गुनगुन के साथ मिलकर गांजे की तस्करी करता है।




पुलिस गिरफ्त में गांजा तस्करी के आरोपी।

शांति व्यवस्था भंग करने पर पुलिस ने की कार्रवाई

## आपराधिक गतिविधियों में लिप्त चार बदमाश गिरफ्तार, सभी को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अरेरा हिल्स पुलिस ने गुरुवार को चार लोगों पर शांति व्यवस्था भंग करने की धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र की भीम नगर और रोशनपुरा में आए दिन मारपीट विवाद और अन्य आपराधिक घटनाएं घटित होती रहती है।

पुलिस आयुक्त संजय कुमार के निर्देशन में थाना अरेरा हिल्स क्षेत्र में भीम नगर एवं रोशनपुरा झुग्गियों में होने वाली आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे।

पुलिस आयुक्त के निर्देश के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भीम नगर झुग्गी में शांति व्यवस्था भंग करने वाले प्रताप सिंह उईके उर्फ गोलू पिता दुर्गाप्रसाद उईके (40) वल्लभ नगर क्रमांक-1,अरेरा हिल्स, राज शर्मा पिता भागीरथ शर्मा (20) झुग्गी क्रमांक-88 महाबली गेट के पास वल्लभ नगर, अरेरा हिल्स, गंगेश्वर लहरे पिता मोतीलाल लहरे (36) झुग्गी क्रमांक 82 वल्लभ नगर क्रमांक-1 थाना अरेरा हिल्स और महेश्वर लहरे पिता मोतीलाल लहरे (42) झुग्गी क्रमांक-82, वल्लभ नगर क्रमांक-1 अरेरा हिल्स पर 170 बीएनएसएस की कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का परिणाम घोषित, मोहित को मिला प्रथम स्थान

डॉ. डीके दुबे ने विद्यार्थियों को ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

साधु वासवानी (स्वशासी) महाविद्यालय में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। प्रथम स्थान मोहित नरवरिया (अध्यक्ष, रासेयो स्वयंसेवक समिति) ने प्राप्त किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर गायत्री परिवार के प्रतिनिधियों एनपी कुशवाहा और विपत सिंह दांगी एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके सिंह और डायरेक्टर डॉ. डीके दुबे द्वारा ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

परीक्षा में सहभागिता करने वाले सभी विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय की भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. बीडी पांडेय और समिति की सदस्या डॉ. रश्मि सिलारपुरिया (विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग) एवं करिश्मा रामनानी (सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य विभाग) सहित अन्य प्राध्यापकों ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि को गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए भविष्य में भी विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं मूल्यों से जोड़ने के लिए ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।



ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र के साथ विजेता विद्यार्थी।

### तमिलनाडू एक्सप्रेस में महिला यात्री से ढाई लाख की चोरी

**भोपाल।** राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। तमिलनाडू एक्सप्रेस में सफर कर रहे बुजुर्ग दंपती के साथ चोरी की वारदात हुई। पर्स में पांच तोला गोल्ड जेवर सहित तीन ग्राम की अंगूठी थी। जीआरपी ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। भोपाल जीआरपी ने बताया कि जैनुद्दीन (67) सुभाषगंज इटारसी में रहते हैं। वह पत्नी फरीदा के साथ तमिलनाडू एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में दिल्ली से इटारसी की यात्रा कर रहे थे। उनकी पत्नी को कम दिखाई देता है। भोपाल स्टेशन निकलने के बाद पत्नी ने लघुशंका जाने का कहा। वे पत्नी को लेकर बाथरूम की तरफ गए। बाथरूम से आने के बाद उनकी पत्नी पर्स खोला तो पर्स में रखा छोटा पर्स नहीं था।

## ग्राम टिगरिया का बड़ा तालाब अस्तित्व खोने की कगार पर

शिकायत के बाद भी जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज के तहत ग्राम पंचायत टिगरिया में बांद्रा बांध मंदिर स्थित तालाब की स्थिति गंभीर है। तालाब का पानी गर्मी आते ही सूख जाता है, जिससे ग्रामीण एवं मवेशियों के लिए पानी की समस्या विकराल रूप ले लेती है। ग्रामीणों ने अनेकों बार ग्राम पंचायत में आवेदन दिया है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया।

ग्रामीण तालाब को गहरा करने, पाल की मरम्मत करने और घाट बनाने की मांग कर रहे हैं, ताकि वे तीज त्यौहार पर इस तालाब का उपयोग कर सकें। तालाब में मछली पालन करने वाले लोगों को भी नुकसान हो रहा है। जल गंगा संवर्धन जैसे वृहद कार्यक्रम के अंतर्गत भी तालाब का जीर्णोद्धार नहीं हो पाया, जबकि शासन जलसंरक्षण के लिए विशेष प्रयास कर रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत के पदाधिकारी उनकी समस्याओं को अनदेखा कर रहे हैं। अब वे जनपद सीईओ निखिलेश कटारे से संपर्क करने की तैयारी कर रहे हैं।



### व्यापार महासंघ के नए अध्यक्ष की तलाश शुरू

**औबेदुल्लागंज।** व्यापार महासंघ में उपाध्यक्ष कैलाश डब्बू नागर एवं कोषाध्यक्ष आशीष दीक्षित आमने-सामने हैं। आशीष दीक्षित की मंशा है कि व्यापार संघ के सचिव प्रदीप अरोरा व्यापारी महासंघ के आगामी अध्यक्ष बने। वहीं कैलाश डब्बू नागर चाहते हैं कि अभी व्यापार महासंघ का चुनाव न हो, क्योंकि जगदीश चंदानी अच्छा काम कर रहे हैं। चर्चा है कि व्यापार महासंघ के चुनाव का कार्यकाल पूरा हो चुका है। इसीलिए नए अध्यक्ष की तलाश प्रारंभ हो गई है। इसमें राजू भाई पटेल, दिनेश सेन, विवेक मित्तल, श्याम मालवीय, दिलीप मित्तल, रतन मेघानी, रमेश सेठी, मनोज मेघानी, सिद्धार्थ मित्तल, अमित राय आदि काना फूसी कर रहे हैं।

युवक ने धमकी दी, यदि शिकायत की तो कर दूंगा हत्या

# ढाई महीने तक दैहिक शोषण करने के बाद शादी से किया इंकार, शिकायत पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शाहपुरा पुलिस ने 25 साल की एक युवती की शिकायत पर कथित प्रेमी के खिलाफ दुष्कर्म, दैहिक शोषण व जान से मारने की धमकी देने की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पीड़िता की मुलाकात आरोपी से एक जिम में हुई थी। दोस्ती होने पर आरोपी ने शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म किया। करीब ढाई महीने तक शोषण करने के बाद आरोपी ने शादी से इंकार कर दिया। आरोपी ने सिर्फ पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी, बल्कि खुद भी आत्महत्या करने की धमकी दी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 25 साल की एक युवती अयोध्या नगर की एक पॉश कॉलोनी में खुद के मकान में रहती है। 19 जनवरी तक वह शाहपुरा स्थित अपोलो पैराडाइज कॉलोनी गुलमोहर में किराए का रूम लेकर रहती थी। पीड़िता एमपी नगर के एक शोरूम में नौकरी करती है। गुलमोहर कॉलोनी में रहने के दौरान 12 दिसंबर 2025 को जिम 365 जाने के दौरान युवती की पहचान कुणाल पंथी से हुई। कुणाल नंदगांव कॉलोनी बागसेवनिया में रहता है। पहचान होने के बाद दोनों के बीच दोस्ती हो गई। कुणाल का पीड़िता के घर आना-जाना होने लगा। 22 दिसंबर 2025 को कुणाल ने पीड़िता के गुलमोहर स्थित रूम पर उसके साथ संबंध बनाए। विरोध करने पर आरोपी ने जल्द ही शादी करने का झांसा दिया। उसके बाद भी आरोपी ने कई बार युवती के साथ दुष्कर्म किया।

शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म किया



### आत्महत्या की दी धमकी

*पुलिस ने बताया कि 20 जनवरी को पीड़िता खुद का मकान लेकर अयोध्या नगर की एक कॉलोनी में रहने लगी। आरोपी कुणाल वहां भी आकर युवती का शोषण करने लगा। अंतिम बार आरोपी ने 13 फरवरी 2026 को युवती के साथ संबंध बनाए। शादी का दबाव डालने पर आरोपी 22 फरवरी को युवती के घर पहुंचा और युवती से विवाद के बाद शादी से इंकार कर दिया। आरोपी ने धमकी दी कि यदि शिकायत की तो जान से मार देगा और खुद आत्महत्या कर लेगा।*

**बिजनेस साइट**

## फ्लेक्सीकैप इन्वेस्टिंग: इक्विटी मार्केट में आगे बढ़ने का एक व्यवहारिक तरीका

**भोपाल।** इक्विटी मार्केट कई मौके देते हैं, लेकिन इसके लिए सब्र और एडजस्ट करने की क्षमता भी चाहिए होती है। मार्केट के अलग-अलग सेगमेंट अलग-अलग समय पर अच्छा प्रदर्शन करते हैं, जिससे लंबे समय में निरंतर निवेश के तरीके कम असरदार हो जाते हैं। फ्लेक्सीकैप इन्वेस्टिंग इस चुनौती का हल है, क्योंकि यह पोर्टफोलियो को रिस्पॉन्सिव बनाए रखता है और लंबे समय तक पैसा बनाने पर ध्यान केनद्रित रखता है।

असल में, फ्लेक्सीकैप इन्वेस्टिंग का मतलब है बिना किसी पहले से तय एलोकेशन की पाबंदियों के लार्ज, मिड और स्मॉल-कैप कंपनियों में निवेश करने की आजादी होना। यह फ्लेक्सिबिलिटी पोर्टफोलियो को बदलते मार्केट डायनामिक्स के हिसाब से प्रतिक्रिया करने में मदद करती है। जब कुछ सेगमेंट में वैल्यूएशन ज्यादा लगते हैं, तो एक्सपोजर कम किया जा सकता है। जब कहीं और मौके मिलते हैं, तो उसी हिसाब से एलोकेशन बढ़ाया जा सकता है।

फ्लेक्सीकैप म्यूचुअल फंड इस रणनीति को आम निवेशकों की पहुंच में लाते हैं। अनुभवी प्रोफेशनल्स द्वारा मैनेज किए जाने वाले ये फंड मार्केट कैप में सबसे अच्छी पोजिशनिंग तय करने के लिए आर्थिक स्थितियों, कमाई के रूझान और वैल्यूएशन सुविधा का सक्रियता से आकलन करते हैं। निवेशकों को इस लगातार फैसले लेने की प्रक्रिया से फायदा होता है, इसके लिए उन्हें रोजाना मार्केट पर नजर रखने की जरूरत नहीं होती। फ्लेक्सीकैप फंड के खास फायदों में मार्केट साइकिल में जोखिम और रिटर्न को संतुलित करने की उनकी क्षमता शामिल है। अनिश्चित या उतार-चढ़ाव वाले दौर में, पोर्टफोलियो लार्ज-कैप स्टॉक की ओर झुक सकता है जो तुलनात्मक रूप से स्थिरता देते हैं। आर्थिक सुधार या विस्तार के दौर में, मिड और स्मॉल कैप में ज्यादा एलोकेशन से ग्रोथ की संभावना बढ़ सकती है। यह बिल्ट-इन एडैप्टेबिलिटी पोर्टफोलियो को आसानी से आगे बढ़ाने में मदद करती है।



कृष्ण कुमार चन्द्रा
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, भोपाल

डायवर्सिफिकेशन भी उतना ही जरूरी भूमिका निभाता है। अलग-अलग साइज और बिजनेस मैच्योरिटी वाली कंपनियों में निवेश को फैलाकर, फ्लेक्सीकैप फंड किसी भी एक सेगमेंट में खराब परफॉर्मेंस के असर को कम करते हैं। यह तरीका निरंतरता और अनुशासन बनाए रखने में मदद करता है, तब भी जब मार्केट का व्यवहार अप्रत्याशित हो।

फ्लेक्सीकैप इन्वेस्टिंग उन निवेशकों के लिए बहुत अच्छा है जिनके लॉन्ग-टर्म लक्ष्य हैं और इक्विटी जोखिम लेने की उचित क्षमता है। फ्लेक्सीकैप फंड को एक मुख्य पोर्टफोलियो कंपोनेंट के रूप में शामिल करने से भारत के बदलते इक्विटी माहौल में बैलेंस्ड एक्सपोजर, एडैप्टेबिलिटी और स्थिर भागीदारी मिल सकती है। यह मार्केट साइकिल में प्रक्रिया-आधारित एलोकेशन एडजस्टमेंट पर भरोसा करके भावनात्मक फैसले लेने को भी कम करता है। इसलिए, फ्लेक्सीकैप फंड पर विचार करने वाले निवेशक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फ्लेक्सीकैप फंड के बारे में सोच सकते हैं। मार्केट कैपिटलाइजेशन में इसके प्रभावशाली एलोकेशन का मकसद मार्केट साइकिल को अच्छे से नेविगेट करना है। इसने एक अच्छा निवेश अनुभव दिया है, एक साल में 9.91 प्रतिशत, तीन साल में 18.93 प्रतिशत और शुरुआत (जुलाई 2021) से 31 जनवरी, 2026 तक 15.19 प्रतिशत का सीएजीआर दिया है।

रमज़ान मुबारक
इफ्तार शुक्रवार: 6:27 बजे
सहरी शनिवार: 5: 04 बजे



## गुलबाग लॉन मैरिज गार्डन सहित आधा दर्जन बंगलों पर लगाए निशान, करीब 22 सौ वर्गफीट पर मिला अतिक्रमण

# डीजीसीएम सर्वे में तालाब की हद बढ़ी, अतिक्रमण दायरे में आईएएस विला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बड़े तालाब के फुल टैंक लेबल से पचास मीटर दायरे में आने वाले अतिक्रमणों को चिन्हित करने का काम दूसरे दिन भी जारी रहा। टीम ने खानूगांव में जीशान अली के बंगले से शुरुआत की, जहां करीब 22 सौ वर्गफीट पर अतिक्रमण मिला। इसके बाद गुलबाग लॉन मैरिज गार्डन के 15 सौ वर्गफीट पर अतिक्रमण चिन्हित किया गया। टीम जब आगे बड़ी तो आईएएस मुजीबुर्रहमान के बंगले के बाहर भी टीम ने अतिक्रमण का निशान लगाया है। आईएएस के बंगले का 45 सौ वर्गफीट एरिया अतिक्रमण में आ रहा है। जबकि एक दिन पहले स्वास्थ्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल का बंगला भी अतिक्रमण में आया था। साथ दो दर्जन खाली प्लॉट और कच्चे निर्माण मिले हैं, जिन्हें अतिक्रमण मानकर निशान लगाए गए हैं। डीजीसीएम सर्वे से जब पचास मीटर का दायरा नापा जा रहा है, तो पुरानी मुनारों के हिसाब से तालाब की हद बीस फीट अधिक बढ़ गई है। गुरुवार को अपर तहसीलदार केके पंडोले के साथ पटवारी और नगर निगम की टीम ने सर्वे शुरु किया। सर्वे में दूसरे दिन 24 अतिक्रमण चिन्हित किए गए हैं। इसके साथ तालाब किनारे पांच एकड़ में सेना का नेवी वाटर स्पोर्टस परिसर भी आया है। खानूगांव के पिछले हिस्से में कच्चे निर्माण अधिक मिल रहे हैं।

### एफटीएम के पचास मीटर क्षेत्र में आने वाले 35 अतिक्रमण चिन्हित

### 50 मीटर क्षेत्र में 5 एकड़ में बनाया सेना का नेवी वाटर स्पोर्ट्स परिसर


नप्ती करती टीम।

### प्रेमपुरा के पास तालाब किनारे से हटाए अतिक्रमण

तालाब किनारे अतिक्रमण को लेकर जिला प्रशासन सख्त हो गया है। पिछले दिनों टीटीनगर एसडीएम अर्चना अर्जुना शर्मा ने प्रेमपुरा क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक अतिक्रमण हटाए थे। विरोध की वजह से 1/2 दर्जन अतिक्रमणों को तोड़ने में जिला प्रशासन के अफसरों को वापस लौटना पड़ा था। गुरुवार को, एसडीएम की टीम ने तालाब किनारे इन अतिक्रमणों को हटा दिया। एसडीएम का कहना है कि एनजीटी के आदेश के बाद कार्रवाई की गई है।

### टीएंडसीपी के नक्शे से बदली तालाब की हद


तालाब की ये हद बताती पुरानी मीनार।

दस साल पहले ननि ने एफटीएल और पचास मीटर दायरा तय कर तालाब की हद तय की थी, लेकिन डीजीसीएम सर्वे में तालाब की हद में अंदर आ रहा है। खानूगांव पर जब टीम ने निशान लगाने का काम शुरु किया तो स्थानीय लोगों ने कहा कि दस साल पहले यहां पचास मीटर की हद बताई गई थी, अब बीस फीट बाहर क्यों आ रही है। जिसको लेकर तहसीलदार ने बताया कि डीजीसीएम सर्वे के आधार पर सिर्फ चिन्हांकन का काम चल रहा है। तहसील आकर प्रॉपर्टी के दस्तावेज पेश कर सकते हैं।

**कर्टन वॉल से बाहर आ रहे हद के प्वाइंट**

*टीम ने जब खानूगांव से सर्वे शुरु किया तो वहां बनाई गई कर्टन वॉल से बाहर नपती के प्वाइंट आ गए। जिसके बाद टीम ने प्वाइंट के आधार पर ही अतिक्रमण चिन्हित किए हैं। ऐसे में कर्टन वॉल से भी लोगों में भ्रम के हालात बन रहे हैं।*

### पचास मीटर में चल रहे निर्माण



गुलबाग लॉन।

टीम ने जब नपती शुरु कर निशान लगाए, तो ढाई-ढाई हजार वर्गफीट एरिया पर जुबिया खान पुत्री अफजल खान और रूही खान के प्लॉट पर निर्माण का काम चल रहा था। टीम ने इस संबंध में दस्तावेज पेश करने की बात कही। आईएएस की पत्नी ने बताया कि मकान की नगर निगम से भी बिल्डिंग परमिशन ली गई है।


सेना का स्पोर्ट एरिया।


वीआईपी रोड की रैलिंग पर लगे हुए लाल निशान।

---

**धर्मपुरी-अंसल अपार्टमेंट क्षेत्र का मामला**

## चार दिन में दर्जनभर कुत्तों की मौत, पशु प्रेमियों का आरोप-जहर देकर मारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्यामला हिल्स क्षेत्र के धर्मपुरी और अंसल अपार्टमेंट के आसपास पिछले चार दिन में करीब एक दर्जन आवारा कुत्तों की मौत से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। स्थानीय निवासियों के अनुसार अब तक कम से कम 12 आवारा कुत्तों की मौत हो चुकी है, जबकि चार अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। उनका इलाज पशु चिकित्सालय में चल रहा है। लोगों को आशंका जता है कि कुत्तों की मौत जहरीला खाना खाने से हुई है, वहीं पुलिस को संदेह है कि उनकी मौत किसी रहस्यमय बीमारी के कारण भी हो सकती है। क्षेत्र की दो पशु प्रेमी महिलाओं ने आरोप लगाया है कि कुत्तों की मौत भोजन में जहर मिलाकर देने से हुई है। उन्होंने मामले की विस्तृत जांच और सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को लिखित शिकायत सौंपी है। शिकायत में महिलाओं ने बताया कि इलाके में कई लोग नियमित रूप से आवारा कुत्तों को खाना खिलाते हैं, लेकिन पिछले तीन दिनों में अचानक हुई मौतों से यह आशंका गहराई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने जानबूझकर जहर मिलाया हो सकता है। उन्होंने पुलिस से अंसल अपार्टमेंट के आसपास पिछले आठ दिनों के सीसीटीवी फुटेज की जांच करने की मांग की है, ताकि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति हो तो उसकी पहचान की जा सके। श्यामला हिल्स थाना प्रभारी भूपेंद्र कौर संधू ने कहा कि कुत्तों की मौत का सही कारण अभी स्पष्ट नहीं है। उन्होंने बताया कि पशु चिकित्सालय से रिपोर्ट मिलने के बाद ही वास्तविक वजह का पता चल सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि कुत्तों की मौत एक साथ नहीं, बल्कि तीन दिनों में अलग-अलग हुई है, जिससे जहर दिए जाने की संभावना कम लगती है। पुलिस संक्रमण फैलने की आशंका से भी इनकार नहीं कर रही है।

**एक शव पीएम के लिए भेजा है...**

गुरुवार को मृत एक कुत्ते के शव को पोस्टमार्टम के लिए पशु चिकित्सालय भेजा गया है, ताकि मौत के सटीक कारण का पता लगाया जा सके।

**भूपेंदर कोल संधु, थाना प्रभारी, श्यामला हिल्स**

**जस्टिस दिवाकर के नेतृत्व में ही होगा चुनाव**

## स्टेट बार काउंसिल के चुनाव से हटा असमंजस, 12 मई को होगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मप्र स्टेट बार काउंसिल के आसन्न चुनाव से असमंजस हट गया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित हाई-पॉवर इलेक्शन सुपरवाइजरी कमेटी के चेयरमैन जस्टिस सुधांशु धूलिया ने आदेश जारी किया है कि जस्टिस प्रितिंकर दिवाकर की अध्यक्षता वाली कमेटी ही चुनाव कराएगी। चुनाव की प्रक्रिया में बार कॉउंसिल ऑफ़ इंडिया का अब कोई दखल नहीं रहेगा। जस्टिस धूलिया ने यह भी स्पष्ट किया कि जब सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव कराने के लिए एक हाई-पावर इलेक्शन कमेटी बनाई है तो चुनाव का सुपरविज़न, डायरेक्शन और कंट्रोल, जिसमें रिटर्निंग ऑफिसर का अपॉइंटमेंट भी शामिल है, सब कुछ उस कमेटी को ही करना होगा।

जस्टिस दिवाकर की कमेटी में पूर्व न्यायाधीश केके त्रिवेदी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ को सदस्य बनाया गया है। जस्टिस दिवाकर द्वारा चुनाव अधिकारी बनाये गए जस्टिस एसके पालो ने अपना चुनाव का पूरा कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इसके



फाइल फोटो।

**आज जारी होगी अधिसूचना**

चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 27 फरवरी को चुनाव की अधिसूचना जारी की जायेगी। इसके बाद 16 मार्च को प्रारम्भिक मतदाता सूची का प्रकाशन कर 24 मार्च तक आपत्तियां बुलाई जाएंगी। आपत्तियों के निराकरण करने के बाद एक अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची जारी होगी। आठ से 10 अप्रैल तक उम्मीदवार अपने नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 20 अप्रैल से 22 अप्रैल की शाम 4 बजे तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। इसके बाद 22 अप्रैल की शाम 5 बजे उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की जायेगी। 12 मई को मतदान होगा और फिर 16 जून से वोटों की गिनती शुरू होगी।

## संबल की राशि हड़पने वाले अफसरों से होगी वसूली

### पीआरओ को लगाई फटकार, एसीएस की समीक्षा बैठक की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एसीएस संजय दुबे की समीक्षा बैठक को लेकर गुरुवार को हुई नगर निगम की टाइम लिमिट बैठक सुकून के साथ निपट गई। हालांकि नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने संबल घोटाले के आरोपी अफसरों से राशि की वसूली करने और निगम मुख्यालय की शिफ्टिंग का मामला लीक होने पर पीआरओ प्रेमशंकर


टाइम लिमिट बैठक।

शुक्ला को फटकार लगाई। वर्तमान में संबल घोटाले के अफसर निगम में अच्छी जगहों पर काम कर रहे हैं। आइएसबीटी स्थित निगम मुख्यालय में निगम कमिश्नर ने कहा कि एसीएस की बैठक में सभी अधिकारियों की क्लास लगना तय माना जा रहा है। यही वजह रही कि कमिश्नर ने टीएल बैठक में किसी को फटकार नहीं लगाई।

**टैक्स जमा नहीं करने पर कुर्की नल कनेक्शन काटे जाएं**

बैठक में आयुक्त ने ने कहा कि संपत्तिकर, जल उपभोक्ता प्रभार और लीज रेंट के बकायादारों पर कोई नरमी न बरती जाए। जरूरत पड़ने पर संपत्तियां कुर्क करने और नल कनेक्शन की कार्रवाई करने को कहा गया। इसके अलावा शहर में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान जारी रखने के निर्देश।

## रानी कमलापति-संतरागाछी हमसफर एक्स. का आज से अनूपपुर में हॉल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए संतरागाछी-रानी कमलापति हमसफर एक्सप्रेस का जो अपने प्रारम्भिक स्टेशन संतरागाछी से 27 फरवरी से,तो वहीं रानी कमलापति से 4 को प्रस्थान कर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अनुपपुर स्टेशन पर दोनों दिशाओं में 2 मिनट का अतिरिक्त प्रयोगिक ठहराव प्रदान किया गया है। यह अतिरिक्त प्रयोगिक ठहराव उक्त तिथि से अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा। गाड़ी संख्या 22170 संतरागाछी-रानी कमलापति हमसफर एक्सप्रेस का अनुपपुर स्टेशन पर आगमन समय 09.53 बजे एवं गाड़ी संख्या 22169 रानी कमलापति-संतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस का अनुपपुर स्टेशन पर आगमन समय 00.31 बजे होगा।

## छुट्टी के दिन भी होंगी ई-रजिस्ट्री, माह मार्च में रविवार को भी करा सकेंगे पंजीयन के कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मार्च माह में पंजीयन विभाग ने आय बढ़ाने के लिए तीन मार्च को होने वाली होली को छोड़कर शनिवार-रविवार सहित अन्य छुट्टियों के दिन भी रजिस्ट्री कराने का आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि प्रॉपर्टी के खरीदारों की सहुलियत को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

पंजीयन विभाग इस बार भी जिले की 621 लोकेशन पर पांच से लेकर 33 फीसद तक बढ़ोतरी प्रस्तावित कर रहा है। इसके साथ कम दाम वाली 203 लोकेशन को अधिक दाम वाली लोकेशन में मर्ज किया जा रहा है। जिससे यहां भी दाम बढ़ जाएंगे। एक अप्रैल से प्रॉपर्टी के नए सिरे से रेट तय किए जाएंगे। जिसको लेकर मार्च माह में प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त बढ़ गई है। अब 31 मार्च तक पंजीयन विभाग ने भी होली को छोड़कर शनिवार और रविवार को भी रजिस्ट्री कराने का निर्णय लिया है। जिसके तहत शनिवार को छुट्टी वाले दिन भी रजिस्ट्री दर्ज की जाएंगी। जबकि रविवार को भी पंजीयन दफ्तर खुले रहेंगे।

## होली के पहले मिठाई दुकान की जांच करने पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

होली के त्योहर को देखते हुए गुरुवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शहर के बजारों में मिठाई दुकानों की जांच की। टीम ने दुकानों से मावा, दूध, बर्फी, सरसों तेल सहित किराना सामान के सैंपल लिए। टीम ने दुकानदारों को स्वच्छता के साथ खाद्य पदार्थों का निर्माण करने की नसीहत दी।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि टीम ने अमित नमकीन सेंटर से मिलक केक और राकेश प्रीमियम स्नैक्ड, महादेव ग्राइंडिंग से लाल मिर्च



पवाडर, न्यू भारत टी एंड किराना से सरसों का तेल, साहू मावा भंडार से मावा और घी, शारदा स्वाद संसार मिष्ठान भंडार बर्फी और खुरमे, परमार डेरी से दूध, समर्थ डेरी से टोस्ट और पनीर, भोज कैफे से छोला, भटूरे, तेल, मैदा के सैंपल लिए हैं।

**सरकारी रिकार्ड में रजिस्टर्ड नहीं आर्य समाज मंदिर**

## 10 नंबर की शराब दुकान जांचने फिर पहुंची टीम, रहवासियों से नोंक-झोंक


शराब दुकान की जांच करने पहुंची टीम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अरेरा कॉलोनी में आर्य समाज मंदिर और अस्पताल के नजदीक चल रही शराब दुकान को लेकर रहवासी पिछले एक साल से विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। जिसको लेकर मानव अधिकार आयोग की फटकार के बाद गुरुवार को शराब दुकान का निरीक्षण करने जिला प्रशासन की चार सदस्यी टीम पहुंची। इस दौरान रहवासियों की अफसरों के साथ नोंकझोंक भी हुई। उन्होंने कहा कि शराब दुकान मंदिर से सिर्फ 40 मीटर की दूरी पर ही है। इधर, अफसरों ने कहा कि आर्य समाज मंदिर राजस्व रिकार्ड में रजिस्टर्ड नहीं है। जल्द जांच रिपोर्ट राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को भेजी जाएगी। टीम में एडीएम पीसी शाक्य ने रहवासियों को आश्वास दिया है कि उनकी शिकायत की जांच की जा रही है। इधर, आयोग ने कलेक्टर को 20 मार्च तक ठोस कार्रवाई करने को कहा है। फरवरी में ही आयोग सदस्य प्रियंक कानूनगो शराब दुकान का निरीक्षण भी कर चुके हैं। टीम में आबकारी सहायक आयुक्त वीरेंद्र धाकड़, विधि अधिकारी राजेंद्र उपाध्याय के अलावा राजस्व निरीक्षक, पटवारी, निगम और राजस्व विभाग के अधिकारी शामिल थे। रहवासी विवेक त्रिपाठी ने बताया कि अरेरा कॉलोनी में आर्य समाज मंदिर 50 मीटर से कम दूरी पर होने के साथ यहां स्थित अनुश्री चिल्ड्रन अस्पताल भी है।

### होली पर रेलवे ने चलाई 24 स्पेशल ट्रेनें: हजारों यात्रियों को मिलेगी सुविधा

## छोटी दूरी के सफर के लिए भी ट्रेनों में लंबी वेटिंग, कई ट्रेनों में नो रूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

होली पर्व से एक दिन पहले बस संचालकों की हड़ताल की खबर के साथ ही एकाएक ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट बढ़ गई। लंबी दूरी के साथ ही छोटी दूरी की ट्रेनों में भी वेटिंग लिस्ट देखने को मिल रही है। रिश्तेदारी में आने-जाने वाले यात्रियों की पूरी प्लानिंग हड़ताल की खबर ने बिगाड़ दी है।

बस हड़ताल की खबर के साथ ही ट्रेनों में बढ़ गई वेटिंग लिस्ट | देशभर में 1400 से अधिक ट्रेनें चलाने का लिया गया निर्णय

**परिवार के साथ त्योहार मनाने जाते हैं घर**


भोपाल स्टेशन पर यात्रियों की भीड़।

होली नजदीक है और इस मौके पर अपने परिवार के साथ त्योहार मनाने के लिए लोग बड़ी संख्या में यात्रा की योजना बना रहे हैं। लेकिन इस बार होली पर घर जाना लोगों को मुश्किलों भरा हो सकता है। दरअसल, रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए देशभर में 1400 से अधिक ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। इसमें जहां 24 से अधिक ट्रेनें पमरे जोन से गुजर रही है। लेकिन बस संचलकों की हड़ताल की सूचना के साथ ही नियमित के साथ ही स्पेशल ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट बढ़ गई।

**भोपाल से दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेनों की स्थिति**

भोपाल से दिल्ली की ओर जाने वाली करीब 15 प्रमुख ट्रेनों की बात करें तो अधिकतर ट्रेनों में स्लीपर और थर्ड एसी दोनों श्रेणियों में रिग्रेट की स्थिति बनी हुई है, यानी सीट उपलब्ध नहीं है और प्रतीक्षा सूची में भी जगह नहीं बची है। 12629 संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, 12715 सचखंड सुपरफास्ट, 12625 केरला एक्सप्रेस, 12617 मंगलद्वीप एक्सप्रेस, 18237 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में स्लीपर और थर्ड एसी दोनों श्रेणियों में लंबी वेटिंग देखने को मिल रही है।

**24 से अधिक ट्रेनें चलेगी**

होली पर यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त यातायात को ध्यान में रखते हुए रेल ने मध्य प्रदेश के लिए कई विशेष ट्रेनों का संचालन किया है। होली पर्व के दौरान यात्रियों को सुगम और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए इन विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि रेलवे ने कई स्पेशल ट्रेन देश भर के यात्रियों के लिए चलाई हैं। जिसमें 24 से अधिक ट्रेनें मध्य प्रदेश के अनेक स्टेशनों से गुजरेंगी। भोपाल रेल मंडल के अधिकारियों ने बताया कि ट्रेनों के बारे में जानकारी के लिए एनटीईएस एप के अलावा रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 से प्राप्त कर सकते हैं।

## जैकेट का शेष...

### पढ़नी होगी दो ...

लागू करने जा रहा है। इसके तहत कक्षा 6 से छात्रों के लिए तीसरी भाषा पढ़ना अनिवार्य किया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, नई व्यवस्था के अनुसार, कक्षा 6 से छात्रों को तीन भाषाएं पढ़नी होंगी। इनमें से कम से कम दो भाषाएं भारतीय होनी जरूरी हैं। इंग्लिश को 'विदेशी भाषा' माना जाएगा। यानी अगर कोई स्कूल कक्षा 6 में इंग्लिश पढ़ा रहा है, तो वह एक विदेशी भाषा मानी जाएगी और उसके साथ दो भारतीय भाषाएं पढ़ानी होंगी। अगर कोई स्कूल फ्रेंच या जर्मन जैसी कोई और विदेशी भाषा तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाता है, तो उसके साथ भी दो भारतीय भाषाएं अनिवार्य होंगी।

### शीर्ष कोर्ट बोलाः ...

मांगते हैं। स्कूल एजुकेशन के सेक्रेटरी यहां हैं। इस पर सीजेआई ने कहा कि उनके नोटिस में माफी का एक भी शब्द नहीं है। किसी ने मुझे भेजा था। जिस तरह से इस डायरेक्टर ने इसे बढ़ाने की कोशिश की है। मैंने सेक्रेटरी जनरल से पूछा कि क्या ऐसा पब्लिकेशन सच में हुआ था। बहुत जिम्मेदार अखबार ने छापा था, फिर भी इसमें गहरी साजिश है।

### शिक्षा मंत्री की सख्त ...

और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था का उद्देश्य जागरूकता फैलाना है, संस्थाओं को बदनाम करना नहीं।

### उद्योग विभाग की ...

है। उन्होंने 'इन्टरैक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपार्चुनिटिज इन एमपी' में स्थानीय निवेशकों, बिजनेस लीडर्स, उद्योगपतियों एवं विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों को संबोधित किया। इस मौके पर मेवाड़ चेंबर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष अनिल मिश्रा ने भीलवाड़ा आगमन पर मुख्यमंत्री को मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर, अंगवस्त्रम एवं पुष्प-गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों को विशेष प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। हमारी सरकार बड़े निवेश प्रस्तावों पर रियायतें दे रही है। हम छोटे-बड़े सभी निवेशकों को अपनी नीतियों से लाभान्वित भी कर रहे हैं।

**औद्योगिक गतिविधियों को मिल रहा प्रोत्साहनः** -संगम ग्रुप के चेयरमैन डॉ. एसएन मोदानी ने कहा कि मप्र में निवेश संभावनाओं पर इंटरैक्टिव सेशन में निवेशक विभिन्न सेक्टर्स की विशेषताओं से परिचित होंगे। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) मप्र और राजस्थान सरकार के साथ मिलकर औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने का काम कर रही है। 'इन्वेस्ट इन एमपी' पहल के तहत हुए इस इंटरैक्टिव सेशन में राजस्थान सरकार के सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक, भीलवाड़ा के सांसद दामोदर अग्रवाल, मप्र से राज्यसभा सदस्य बालयोगी उमेशनाथ महाराज, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेंद्र कुमार सिंह, मप्र औद्योगिक विकास निगम के प्रबंध संचालक चंद्रमौली शुक्ला, आरसीएम ग्रुप के चेयरमैन त्रिलोक छाबड़ा, मनीष चौहान, मेवाड़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के सभी पदाधिकारियों सहित उद्योग जगत के प्रतिनिधि, क्षेत्रीय प्रमुख औद्योगिक समूह और निवेशक उपस्थित थे।

### निवेशकों के लिए ...

हुए राजस्थान के साथ अपनी दीर्घकालिक भागीदारी करना चाहता है। हम सब मिलकर अपनी वणिक युक्ति, बुद्धि और क्षमता से इस क्षेत्र के औद्योगिक विकास का नया अध्याय लिखेंगे। प्रदेश में 18 नई उद्योग-अनुकूल नीतियां लागू की गई हैं। विस्तृत लैंड बैंक, भरपूर जल उपलब्धता, कुशल मानव संसाधन, उत्कृष्ट लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी और पारदर्शी प्रशासन निवेश के लिए सर्वोत्तम माहौल प्रदान करते हैं। मप्र आज ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बन चुका है। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा अर्थात ग्रीन एनर्जी प्रोड्क्शन के मामले में भी हमारा प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### टीका लगने के ...

बच्चे को टीका लगाए जाने के बाद 20 मिनट तक ऑब्जर्वेशन में रखा जाता है। इस दौरान उसमें किसी भी प्रकार की एलर्जी के लक्षण दिखाई देते हैं तो तुरंत इलाज किया जाता है।

इस मामले में भी बच्चों को टीका लगाए जाने के बाद 20 मिनट तक अंडर ऑब्जर्वेशन रखा गया था। स्वास्थ्य केंद्र से रवाना होते समय बच्चा स्वस्थ था।

## पेज एक का शेष...

### 5 ग्रामों की ...

करण सिंह वर्मा ने जवाब में कहा कि सिंगरौली जिले की तहसील सरई की धिरौली कोल ब्लॉक परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण, मुआवजा वितरण, पुनर्व्यवस्थापन की कार्रवाई नियमानुसार की जा रही है। मंत्री वर्मा ने कहा कि परियोजना के लिए कुल 2672 हेक्टेयर क्षेत्र निर्धारित किया गया है। इसमें 554.01 हेक्टेयर निजी भूमि, 681.80 हेक्टेयर शासकीय गैर वन भूमि और 1335.35 हेक्टेयर संरक्षित वन भूमि और 100.84 हेक्टेयर राजस्व वन भूमि शामिल है। परियोजना में विभिन्न स्तरों पर आवश्यक अनुमतियां प्राप्त की जा चुकी हैं। परियोजना प्रभावित 8 ग्रामों में से 5 ग्रामों की निजी भूमि के अधिग्रहण के लिए भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर दिया गया है। उन्होंने कहा कि 208.12 हेक्टेयर भूमि के लिए 2022 को अधिसूचना जारी की गई थी। इसके पहले सोशल इम्पैक्ट असेसमेंट रिपोर्ट तैयार की गई। पांच ग्रामों की 203.882 हेक्टेयर निजी भूमि का अधिग्रहण किया गया। इसका अवार्ड एक मार्च 2024 को पारित किया जा चुका है। प्रभावित कृषकों को कुल 368.11 करोड़ रुपए की मुआवजा राशि स्वीकृत की गई है। इसमें से 144.68 करोड़ रुपए का वितरण किया जा चुका है।

### रक्षा, एफटीए, यूपीआई ...

कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए। ये समझौते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इजराइल पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के बीच हुई बैठक के बाद किए गए। दोनों नेताओं ने नवाचार (इनोवेशन), कृषि, तकनीक और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। इन समझौतों का मकसद नई तकनीकों का विकास, खेती में आधुनिक तरीकों को अपनाना और स्टार्ट-अप व शोध के क्षेत्र में साझेदारी को आगे बढ़ाना है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने इजराइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग से भी मुलाकात की। इस दौरान शिक्षा, स्टार्ट-अप, नवाचार, तकनीक और कनेक्टिविटी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के नए रास्तों पर बात हुई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि दोनों नेताओं ने आपसी संबंधों को और मजबूत बनाने पर सहमति जताई।

### दुनिया में आतंकवाद ...

समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देंगे। सबसे अहम घोषणा यह रही कि भारत और इजराइल ने अपने संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का ऐतिहासिक फैसला किया है। पीएम मोदी ने शांति और आतंकवाद के खिलाफ सख्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भारत की सोच साफ है मानवता कभी भी युद्ध और संघर्ष की शिकार नहीं बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि गाजा शांति योजना ने शांति की दिशा में एक नया रास्ता खोला है और भारत ने ऐसे प्रयासों का समर्थन किया है। दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। इसे किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

### शांतिपूर्ण परमाणु ....

मिलेगा। दोनों देश सिविल न्यूक्लियर एनर्जी (शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा) और अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाएंगे। खेती को आधुनिक और भविष्य के अनुकूल बनाने के लिए मिलकर नई तकनीकें विकसित की जाएंगी। साथ ही 'विलेज ऑफ एक्सीलेंस' यानी उत्कृष्ट गांव विकसित करने पर भी काम किया जाएगा।

### मोदी-नेतन्याहू ....

- **व्यापार और सेवाएंः** वाणिज्य, मैन्युफैक्चरिंग और रेस्टोरेंट सेक्टर में कार्यान्वयन प्रोटोकॉल तय।
- **वित्तीय सहयोगः** आईएफएससीए और इजराइल सिक्योरिटीज अथॉरिटी के बीच समझौता।

### 12वीं का छात्र...

उत्कर्ष बुधवार रात माता-पिता के साथ खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया था। गुरुवार सुबह जब वह कमरे से बाहर नहीं आया तो पिता राजीव गुप्ता उसे देखने पहुंचे। कमरे में न मिलने पर उन्होंने छत पर जाकर देखा। इस दौरान छत से नीचे झांकने पर उत्कर्ष घर के नीचे मृत हालत में पड़ा था। पिता ने पड़ोसियों और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, उत्कर्ष पिछले वर्ष 12वीं कक्षा में गणित और रसायन विज्ञान विषय में कम अंक आने से परेशान था। इस वर्ष उसने दोबारा इन विषयों की परीक्षा दी थी। इस बार भी पेपर ठीक न होने की आशंका थी। वह रिजल्ट को लेकर टेंशन में था। फेल होने का डर सता रहा था। सीएसपी रॉबिन जैन ने बताया कि हरिशंकरपुरम कॉलोनी में छात्र ने आत्महत्या की है। जांच में कुछ पेपर में नंबर कम आने की जानकारी सामने आई है। फिलहाल में मर्ग कायम कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने पाएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### जल्द गूगल मैप्स....

बुनियादी ढांचा, पार्किंग सुविधा की उपलब्धता और संचालन समय संबंधी जानकारी को प्रदर्शित किया जाएगा। जिससे नागरिकों को और अधिक सुविधा मिलेगी। यह सुविधा आने वाले महीनों में उपलब्ध होने की आशा है। इस सहयोग का उद्देश्य जनसुविधा को बढ़ाना, गलत सूचनाओं से बचना और यह सुनिश्चित करना है कि नागरिकों को देशभर में अत्याधुनिक आधार सेवा केंद्रों (एएसके) सहित 60,000 से अधिक आधार केंद्रों तक निर्बाध पहुंच प्राप्त हो। इससे यह सुनिश्चित होगा कि जब उपयोगकर्ता गूगल मैप्स पर खोज करेंगे, तो उन्हें सत्यापित आधार केंद्रों तक निर्देशित किया जाएगा। यूआईडीएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश कुमार ने कहा कि यूआईडीएआई का उद्देश्य हमेशा आधार नंबर धारकों के जीवन में सुगमता लाने पर केंद्रित रहा है। यह सहयोग सुनिश्चित करेगा कि अधिकृत आधार केंद्रों तक पहुंच अब आसान, तेज और अधिक पारदर्शी होगी। गूगल इंडिया की रणनीतिक साझेदारी की कंट्री हेड रोली अग्रवाल ने कहा कि यूआईडीएआई के साथ मिलकर सत्यापित आधार केंद्रों को एकीकृत करने से, हम लाखों निवासियों के लिए भरोसेमंद सेवाओं को विश्वास के साथ ढूंढना आसान बना रहे हैं।

### पिता ने पत्नी...

मां की हालत गंभीर बनी हुई है। अस्पताल में दम तोड़ने से पहले 16 वर्षीय स्वाति ने पुलिस को बताया कि पापा दो लीटर की कोका-कोला लाए थे। उन्होंने मुझे और मम्मी को दो-दो गिलास दिए, फिर खुद भी पी। बाकी ड्रिंक भाई अंशु (अनिकेत) के लिए रखने को कहा। थोड़ी देर बाद हमारी हालत बिगड़ने लगी। शंकर लाल कभी एक मोबाइल दुकान के मालिक थे, लेकिन गेमिंग की लत ने उन्हें सड़क पर लाकर खड़ा कर दिया।

### किसानों का ...

उनके पास पहुंचे। वह बागीचे में जमीन पर बैठे और उनसे बात की। उन्होंने समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया। लगभग पांच घंटे बाद प्रदर्शन खत्म हुआ। किसानों का कहना है कि एक इंच जमीन नहीं देंगे। सिहंस्थ 2026 के लिए ये सब हो रहा है, जबकि 4 सड़कें पहले से हैं। रिंग रोड के दायरे में आने वाली जमीन उनकी आजीविका का मुख्य स्रोत है। अगर जमीन चली गई तो परिवार भूखा मर जाएगा। भरण-पोषण का संकट खड़ा हो जाएगा। किसान गौतम बंटू गुर्जर ने कहा कि पूर्वी इलाके में पहले से ही तीन-चार कनेक्टिंग रोड हैं। इनमें आरआई-2, आरआई-3 और बाईपास शामिल हैं। इससे 1,200 किसानों की जमीन पर असर पड़ रहा है।

### जिम्बाब्वे को हरा....

जाएगी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 256 रन बनाए। यह टी20 विश्व कप में भारत का बेस्ट स्कोर है। साथ ही दूसरा सबसे ज्यादा स्कोर है। जवाब में जिम्बाब्वे टीम 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 184 रन बना सकी। इसी के साथ जहां जिम्बाब्वे अब सेमीफाइनल में पहुंचने की रेस से बाहर हो गई है, तो वहीं टीम इंडिया को सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए अब वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले मुकाबले में जीत हासिल करनी होगी, जो एक मार्च को कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेला जाएगा।

### होली से एक...

को बताया कि 24 दिसंबर 2025 को राजपत्र में प्रकाशित संशोधन के प्रारूप को तत्काल वापस लिया जाए या निरस्त किया जाए। इस संशोधन से प्रदेश में 12 हजार 780 परमिट वाली जबकि 7 हजार से अधिक कॉन्ट्रैक्ट वाली बसें के परमिट पहले सरकार निरस्त करने जा रही है। इसके बाद नीति के तहत सरकार 7 कंपनियों को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत सभी बसों के टेंडर सौंप देगी। जिसके बाद यह कंपनी मालिक-ऑपरेटर्स से करार कर छह माह के लिए परमिट जारी करेगी।

### नंदगांव में लठमार...

होली खेलने के बाद बिना फगुवा (नेग) दिए नंदगांव लौट आए थे। इसी की स्मृति में बरसाना की गोपियां स्वरूप हुरियारे गुरुवार को नंदगांव में फगुवा लेने पहुंचे। इस दौरान नंदगांव में लठमार होली का आयोजन किया गया।

### टेसू के रंग व....

*के लिए हुरियारों ने सिर पर पगड़ी बांधी और ढालें संभालीं। यशोदा कुंड से हुरियारों का जत्था नंद के जमाई के जय उद्घोष के साथ नंदभवन की ओर रवाना हुआ। मार्ग में मिलने वाली गोपियों से हंसी ठिठोली करते हुए हुरियारे नंदभवन पहुंचे। भूरे का थोक के लोगों ने छतों से टेसू के फूलों से तैयार प्राकृतिक रंग और गुलाब की पंखुड़ियां बरसाकर हुरियारों का स्वागत किया गया। जगह-जगह फूलों की रंगोलियां सजाई गईं। नंदभवन पहुंचते ही अबीर गुलाल के सतरंगी बादल छा गए।*

### इस होली के ....

*बाद हुरियारिनों ने हुरियारों पर प्रेमपगी लाठियों की वर्षा शुरू हुई। देरशाम तक चली इस होली को देखने के लिए हजारों लोग साक्षी बने। लठमार होली पर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल की तैनाती की गई।*

## NAME CHANGE

This is to inform that we, **Mr. Saandesh Nayak (Father)** and **Mrs. Isha Rawat (Mother)**, Residents of Woodland Apts , Yamuna Nagar circle old Lokhandwala complex, Andheri West . Mumbai 400053 Maharashtra. We have changed the name of our minor Daughter from his earlier name **" Saanvi Nayak "** to * **"Saanvi Saandesh Nayak "***. Henceforth, our Daughter shall be known as **" Saanvi Saandesh Nayak "** for all official records and purposes.

## जाहिर -सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, श्री शिवम आ. श्री लखनलाल पुनासे निवासी ग्राम काकरिया तह. हरदा जिला हरदा द्वारा उनके स्वत्व आधिपत्य का एक भवन जो कि परिवर्तित भूमि खसरा नं. 8/1/2 क्षेत्रफल 0.0405 हे. स्थित ग्राम. काकरिया तह. व जिला हरदा में स्थित है जिसकी चतुरसीमा पूर्व में खाली जगह, पश्चिम में 20 फुट सी.सी. रोड, उत्तर में सुरेश का मकान दक्षिण में पुनासे ट्रेर्डस की किराना दुकान स्थित है को मार्टगेज (रहन) रख कर प्रोडिजी फायनेंस से ऋण प्राप्त करना चाहते हैं इस संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था या राष्ट्रिकृत बैंक एवं अन्य वित्तिय संस्थान को कोई आपत्ति हो तो वे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के सात दिवस में अपनी आपत्ति लिखित रूप से दस्तावेजों सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त सात दिवस की अवधी के अवशान के पश्चात इस संबंध में कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

भवदीय **शैलेन्द्र चौहान** अधिवक्ता
कार्यालय बंधन बैंक के पास नेहरू -स्टेडियम गेट नं. 03 हरदा तह. व जिला हरदा म.प्र.

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी

मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, टीला जमालपुरा, भोपाल में स्थित भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस. 170 मण्डल द्वारा श्री आतु चोईथानी आत्मज श्री हाशाराम चोईथानी के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का आवंटन दिनांक को किया गया है। श्री आतु चोईथानी द्वारा अपने जीवनकाल में उक्त सम्पत्ति का मुख्त्यार आम एवं अनुबंध पत्र श्री नारायण सक्सेना आत्मज श्री मुंशीलाल सक्सेना को नियुक्त कर दिनांक 17/12/1986 को नोटरी द्वारा किया गया है। श्री आतु चोईथानी का स्वर्गवास दिनांक 10/06/2021 को हो जाने के कारण एवं उनके वारिसो की सहमति से व श्री नारायण सक्सेना एवं अन्य वारिसों की सहमति से उक्त सम्पत्ति श्रीमती दीपाली सक्सेना पत्नी श्री सौरभसक्सेना के पक्ष में हस्तांतरण करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। हस्तांतरणकर्ता / हस्तांतरणग्रहिता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र इत्यादि प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती दीपाली सक्सेना पत्नी श्री सौरभ सक्सेना के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी

मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, निशातपुरा, नारियलखेड़ा, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक 331 मण्डल द्वारा श्री मनोज भदौरिया आत्मज श्री उमराव भदौरिया के नाम पर हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 30/06/1990 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 07/07/2023 को पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति की लीज समयावधि दिनांक 28/02/2046 तक वैध है। श्री मनोज भदौरिया आत्मज श्री उमराव भदौरिया द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती शोभा इमने पत्नी श्री अनिल कुमार इमने को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 10/02/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती शोभा इमने पत्नी श्री अनिल कुमार इमने के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी

मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, निशातपुरा, नारियलखेड़ा, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक 330 मण्डल द्वारा श्री उमराव सिंह भदौरिया आत्मज श्री नन्नू लाल भदौरिया के नाम पर हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 30/06/1990 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 02/06/2023 को पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति की लीज समयावधि दिनांक 28/02/2046 तक वैध है। श्री उमराव सिंह भदौरिया आत्मज श्री नन्नू लाल भदौरिया द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती शोभा इमने पत्नी श्री अनिल कुमार इमने को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 10/02/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती शोभा इमने पत्नी श्री अनिल कुमार इमने के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल


हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644, 9977912473

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644









हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो.9977912473






प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आम सूचना/कोर्ट नोटिस


## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक




R- 22/01/25 to13/03/26
Not , 26,27/01/26, 15/02/26 , 04,08/03/2026

## राशिफल

**मेष** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते है। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष** कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।

**कर्क** अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थितिबन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक** आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**धनु** कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर** वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन** शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

## शब्द पहेली - 6151



**बाएँ से दाए-**
1.बेजोड़-4
4.परिचय,निशान-4
7.कला-3
9.सज्जनता,चरित्र, आदर्श-3
10.प्रथा,रिवाज-3
11.उपस्थिति-3
12.सेन्धमार-5
15.शयनागार,बेडरूम, आरामगाह-3,2
18.तड़के,सुबह सवेरे-5
20.चुगली करना-2,3
22.मैला,गंदा-3
23.रसद,आहर पदार्थ-3
25.प्रणाम,नमस्कार-3
26.तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27.स्थायी,प्राचीन-4
28.हुकूमत,राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2.मुलाकात,मिलाप-3
3.खून से लथपथ-5
4.लालन-पालन-5
5.सेवक,नौकर,दास-3
6.धोखेबाज-4
8.समान,एक जैसा-4
13.पंकज,जलज-3
14.आघात,चोट-3
16.भरोसा,विश्वास-3
17.कुली,पालकी वाहक-3
18.जुर्म,गुनाह-4
19.स्वदेश वासी-5
20.शतपदी, कनखजूरा-5
21.अहमक, मूर्ख-4
24.स्नान करना-3
25.सम्मान, पगड़ी-3

**शब्द पहेली -6150 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6161

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6160 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## खबर संक्षेप

### सोनाटा का 'वॉच आउट फॉर अस' अभियान लांच

**नई दिल्ली।** प्रमुख घड़ी ब्रांड सोनाटा नेनया ब्रांड अभियान 'वॉच आउट फॉर अस' लांच किया है।



यह अभियान उद्देश्यपूर्ण जीवन, गति और आत्मविश्वास से भरी नई पीढ़ी का उत्सव है। वॉच आउट फॉर अस' सोनाटा के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत है। एक ब्रांड के रूप में सोनाटा युवा भारत के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है। यह फिल्म आज की उस पीढ़ी की सोच को दर्शाती है, जो किसी अनुमति का इंतजार नहीं करती।

### रॉबर्ट डाउनी डिज्नी एडवेंचर के होंगे धर्मपिता

**मुंबई।** डिज्नी ने ऐलान किया है कि एकेडमी अवॉर्ड-विजेता अभिनेता रॉबर्ट डाउनी जूनियर



डिज़्नी एडवेंचर के धर्मपिता होंगे, जो डिज्नी क्रूज लाइन फ्लीट का सबसे नया और सबसे बड़ा जहाज़ है। डिज़्नी ने अगले महीने सिंगापुर से रवाना होने वाले जहाज़ के पहले सफर से पहले यह खबर साझा की। कंपनी के चेयरमैन जोश डी अमारो ने कहा कि हमारा नया जहाज डिज्नी क्रूज लाइन की उस परंपरा को आगे बढ़ाता है।

### टाटा एआईजी का एक्सीडेंट सुपर गार्ड प्लस लांच

**मुंबई।** टाटा एआईजी ने 'एक्सीडेंट सुपर गार्ड प्लस' लांच किया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की भारत में सड़क दुर्घटनाएं 2023 रिपोर्ट के अनुसार स्थिति काफी गंभीर है: 2023 में भारत में 4.8 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं और 1.73 लाख लोगों की जान गई, जो पिछले साल के मुकाबले दुर्घटनाओं में 4.18 फीसदी और मौतों में 2.61 फीसदी की बढ़ोतरी दर्शाता है।

### निप्पॉन पेंट ने विजेताओं को पुरस्कृत किया

**नई दिल्ली।** निप्पॉन पेंट इंडिया ने हाल ही में चेन्नई में हुए नेशनल फिनाले में एवाईडीए अवाड्र्स



2025-26 के विजेताओं की घोषणा की। एवाईडीए, वास्तुकारों और इंटीरियर डिजाइनरों की अगली पीढ़ी का पोषण करने के लिए निप्पॉन पेंट द्वारा शुरू की गई एक अंतरराष्ट्रीय डिजाइन प्रतियोगिता है। इस नेशनल फिनाले में जहां आर्किटेक्चर में नेशनल गोल्ड अवार्ड मैसूरु स्थित वाडियार सेंटर फॉर आर्किटेक्चर से सुश्री सिवानी दिरिसाला ने जीता।

### लाफ्टर शेफ्स एंटरटेनमेंट जंगल थीम में तब्दील


**मुंबई।** कलर्स के शो 'लाफ्टर शेफ़्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' की किचन इस बार जंगल थीम में



तब्दील हो गई। जहां कुकिंग का हंगामा हंसी से भरे सफारी में बदल गया। जंगल स्पेशल एपिसोड में प्रतिभागियों ने अपने वाइल्ड अंदाज को अपनाया अंकिता लोखंडे बिल्ली बनकर मंच पर आईं, सुधेश लेहरी जंगल सफारी गार्ड के रूप में नज़र आए, जन्नत जुबैर ने केंचुए का किरदार निभाया, कृष्णा ऊँट बने, सामर्थ घोड़े के रूप में आए।

### वुडपेकर में शिल्प और सुविधा का संगम

**नई दिल्ली।** वुडपेकर नवाचार, उत्कृष्ट शिल्प और सुविधा का अनूठा संगम है जो होली जैसे आपसी



मेलजोल, हाउस पार्टियों के साथ त्योहार की शामों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। होली केवल एक त्योहार नहीं बल्कि गर्मजोशी और साथ मिलकर खुशियां मनाने के मिशाल के तौर पर जाना जाता है। सुबह की पारंपरिक मुलाकातों से लेकर शाम की ऊर्जावान पार्टियों तक, वुडपेकर का स्मूद स्वाद इस मौसम की रौनक के साथ पूरी तरह मेल खाता है।

## शहर की दुकानें सजने लगीं गुलाल, पिचकारी और मुखौटे से

# होली का पर्व नजदीक आते ही बाजारों में जमा देसावरी और शहरी ग्राहकी का रंग, अच्छे कारोबार की आस

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

होली का पर्व नजदीक आते ही राजधानी के थोक बाजारों में खरीददारों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। रंगों के उत्सव होली को लिए बाजार तैयार हैं। गुलाल, चंदन से लेकर मुखौटे और पिचकारियों की दुकानें सज गई हैं। राजधानी के थोक बाजार जुमेराती, घोड़ा निक्कास, मारवाड़ी और ललवानी रोड़ में फुटकर विक्रेता और ग्राहक खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। होली पर बाजार को अच्छे कारोबार की आस है।

गौरतलब है कि रंगों का त्यौहार 4 मार्च को है इसके पूर्व बाजार से लेकर गांव की गलियां तक होली के लिए दुकान सजने लगी है। बच्चों और युवाओं को पिचकारी, भूत-प्रेत का मुखौटा, मैजिक गुलाल गन व इंडियन पिचकारियां बाजार की दुकानें सज रहीं है। केमिकल युक्त चीजों से दूर हर्बल रंग और हर्बल-गुलाल बिक रहे हैं। होली की खरीदारी को लेकर शहरी और ग्रामीण अंचलों के लोग अभी से ही काफी उत्साहित हैं। इसका अंदाजा शहर में सजी रंग-गुलाल की दुकानों पर हो रही खरीदारी से लगाया जा सकता है।

**कलर मैजिक माइटी, रंग बिरंगे बाल, टोपियां, पीठ पर टांगने वाला रंगों से भरा बैग**

**छोटा भीम, स्पाइडर मैन, बार्बी डॉल्स, मोनो फिश आयरन मैन, बैटमैन, रोबोट, कैप्टन वाले मास्क**



सजी दुकान

### बाजार में कार्टून वाले मास्क बच्चों की बनी पसंद

*शहर के थोक दुकानों में बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाले रंग-बिरंगे मास्क के साथ छोटा भीम, एवेंजर, स्पाइडर मैन, हल्क और घोस्ट, बार्बी डॉल्स, मोनो फिश, आयरन मैन, बैटमैन, रोबोट, कैप्टन अमेरिका वाले मास्क खूब बिक रहे हैं। जिसकी कीमत 20 रुपए से लेकर 300 रुपए तक है। इसके अलावे बाजार में कलरफुल फॉग भी मिल रहा है। इसमें एक या दो रंगों में नहीं बल्कि पूरे सात रंगों के साथ एक साथ उड़ता है। विक्रेताओं के अनुसार युवाओं में इस कलरफुल फॉग की काफी डिमांड होती है। सूखी होली खेलने वालों के लिए विशेष तौर पर मंगवाए गए हैं। दुकान संचालक बताते हैं कि बाजार में स्नो स्प्रे व कलर क्लाउड भी बेहद खास है। कलर मैजिक माइटी, बैग पिचकारी, रंग बिरंगे नकली बाल, डिजनाइनर और चमक दमक से भरी टोपियां, पीठ पर टांगने वाला रंगों से भरा बैग, तरह- तरह के बैलून आदि मौजूद है।*

### *होली को लेकर बाजार में कैप्सूल के आकार के रंग भी मौजूद*

होली को लेकर बाजार में कैप्सूल के आकार के रंग भी मौजूद है। इसकी कीमत 10 रुपए प्रति पिस है। इसे पानी में डालने से स्वयं घुल जाता है। देखने में हूबहू कैप्सूल की भांति दिखता है। विक्रेताओं के अनुसार इस बार हर्बल गुलाल लेने वाले ग्राहक अधिक पहुंच रहे हैं। बताया कि इस बार होली का बाजार काफी अच्छा रहेगा और अच्छी बिक्री की उम्मीद है।



सभी रंगों के गुलाल

### *बाजार विशेषज्ञों का अनुमान... भोपाल में होली का व्यापार 550 करोड़ के होगा पार*

होली को अब सिर्फ पांच दिन बचे हैं। होली के पर्व को धूमधाम से मनाने की तैयारी शुरू है। होली के हुर्रियारे जहां मनमाफिक रंग-गुलाल और आवश्यक सामग्री की खरीदारी में जुटने लगे हैं तो वहीं होली त्यौहार पर मीठे पकवान और व्यंजन बनाने के लिए दैनिक रोजमर्रा की सामग्री की खरीदारी जोरों पर चल रही है। राजधानी के थोक बाजारों में देसावरी और शहरी दोनों की प्रकार की ग्राहकी का रंग जमा हुआ है। ऐसे में बाजार जानकारों का अनुमान है कि होली पर व्यापार अच्छा होगा। कारोबारी अनुपम अग्रवाल के अनुसार एक अनुमान के मुताबिक पूरे भोपाल में होली का व्यापार 550 करोड़ रुपए के पार होगा।



विभिन्न प्रकार की पिचकारियों और मुखौटे से सजी दुकान

### बाजारों में रंग-गुलाल में सबसे ज्यादा मांग हर्बल रंगों की हो रही

बाजारों में रंग-गुलाल में सबसे ज्यादा मांग हर्बल रंगों की हो रही है। लोग भारतीय उत्पादकों के द्वारा बनाए गए हर्बल उत्पादों की खरीद को प्राथमिकता दे रहे हैं। रंग, पिचकारी, गुलाल, अबीर, गुब्बारे, मिठाइयां और होली खेलने के लिए बने विशेष कपड़ों की बाजारों में सबसे तेजी से मांग देखी जा रही है। बाजारों में उपभोक्ताओं की यह भीड़ होली के बाद नवरात्रों तक बने रहने का अनुमान है। कारोबारियों के अनुसार हर्बल रंग, गुलाल, पिचकारी, मिठाइयां, ड्राई फ्रूट्स, परिधान, गिफ्ट आइटम और अन्य उत्पादों की बिक्री में जबरदस्त उछाल देखने को मिल रहा है।

## ट्रांसपोर्टरों का प्रतिनिधिमंडल परिवहन मंत्री और सचिव से मिला

# बोले- परिवहन उद्योग के हितों की रक्षा की पारदर्शी व्यवस्था के लिए प्रयासरत

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. ऋषि सभरवाल के नेतृत्व में संगठन का प्रतिनिधिमंडल परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह और परिवहन विभाग के सचिव मनीष सिंह (आईएएस) से मिला और बैठक की। बैठक परिवहन विभाग ने आयोजित की गई थी, जिसमें मध्य प्रदेश राज्य परिवहन उपक्रम की स्टेज कैरिज बसों में कार्गो ((सार्वजनिक परिवहन, सिटी बसें), वाणिज्यिक सामान ले जाने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। इस प्रस्ताव का एआईएमटीसी ने कड़ा विरोध किया और ज्ञापन भी सौंपा। डॉ. हरीश सभरवाल ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस व्यवस्था से ट्रक व्यवसाय को गंभीर आर्थिक नुकसान होगा,जीएसटी चोरी की संभावनाएं बढ़ेंगी और सबसे महत्वपूर्ण-यात्रियों की सुरक्षा से समझौता होगा, जबकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी सडक़ सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। इसके अतिरिक्त बैठक में मध्य प्रदेश में ऑटोमेटेड फिटनेस स्टेशनों की अनिवार्यता तथा मैनुअल फिटनेस बंद होने से परिवहन व्यवसायियों को हो रही कठिनाइयों और उत्पीड़न का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया।

### सचिव ने दिया यथासंभव सहयोग का आश्वासन



मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के साथ बैठक

### *मंत्री को एटीएस की अनुपलब्धता, फिटनेस सहित अन्य समस्याओं से कराया अवगत*

प्रतिनिधिमंडल ने परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से भी मुलाकात की। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.हरीश सभरवाल ने एटीएस की अनुपलब्धता, फिटनेस से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया। इस मौके पर विजय कालरा, हरीश डाबर, राकेश तिवारी, अमरजीत सिंह बग्गा, सीएल मुकाती, चतर सिंह भाटी, कमल पंजवानी, मोहित डाभी, दीपक खंडेलवाल आदि मौजूद रहे।



सचिव मनीष सिंह को ज्ञापन देते हुए

बैठक में सचिव मनीष सिंह ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और यथासंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस विषय पर यह सहमति बनी कि एआईएमटीसी और मध्य प्रदेश परिवहन विभाग मिलकर इन मुद्दों का समाधान केंद्र सरकार के स्तर पर कराने का प्रयास करेंगे। डॉ. हरीश सभरवाल ने विशेष रूप से परिवहन विभाग, मध्य प्रदेश से अनुरोध किया कि स्टेज कैरिज बसों में वाणिज्यिक सामान ले जाने के प्रस्ताव को तत्काल स्थगित किया जाए तथा प्रदेश में प्राइवेट कॉन्ट्रैक्ट कैरिज बसों में अवैध रूप से वाणिज्यिक सामान की आवाजाही पर सख्त अंकुश लगाया जाए।

## इंडियन कोल मार्केट्स सम्मेलन 2026 का शुभारंभ

# कोयला विनिमय मंच पर केंद्रित रही कोयला क्षेत्र में बदलाव की चर्चा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड द्वारा आयोजित 19वां इंडियन कोल मार्केट्स सम्मेलन 2026 का शुभारंभ हुआ। कोलोसियमः द कोल बैटलग्राउंड विषय पर आधारित इस दो दिवसीय सम्मेलन में नीति-निर्माताओं, उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों, खनन कंपनियों, विद्युत उत्पादकों, परिवहन एवं आपूर्ति क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों तथा वैश्विक बाजार विशेषज्ञों ने भारत के कोयला क्षेत्र के भविष्य पर विस्तृत विचार-विमर्श किया।

कोल इंडिया लिमिटेड के सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी विभाग के कार्यकारी निदेशक वी. एस. महाराज ने कहा कि कोल इंडिया, कोयला विनिमय मंच के माध्यम से कोयले की बिक्री को चरणबद्ध तरीके से शुरू करने के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि हम सुधारों के विरोधी नहीं बल्कि सुधारों के समर्थक हैं। हम आधुनिकीकरण का समर्थन करते हैं, लेकिन सुधार संतुलित, चरणबद्ध और राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा के अनुरूप होने चाहिए। ग्रांट थॉर्नटन भारत के साझेदार नीलाद्रि भट्टाचार्य का मानना है कि कोयला विनिमय मंच तब अधिक सफल होगा जब बाजार में कोयले की आपूर्ति पर्याप्त या अधिशेष स्थिति में होगी। उन्होंने कहाकि कोयले की अधिशेष स्थिति इस मंच के लिए सकारात्मक होगी।



उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधि

### *कार्बन उत्सर्जन में कमी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता : वर्मा*

*एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनया वर्मा ने कहाकि एक ओर तेज आर्थिक विकास और बढ़ती ऊर्जा मांग है, वहीं दूसरी ओर ऊर्जा परिवर्तन, स्थिरता और कार्बन उत्सर्जन में कमी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है। इन दोनों के बीच कोयला है,जो आज भी अपरिहार्य है।*

### *उद्योगों में मांग के रुझानों का आकलन किया : संतोष*

*अडाणी पावर लिमिटेड के ईंधन प्रबंधन विभाग के उपाध्यक्ष राज बंधु संतोष ने कहा कि आयोजित सत्रों में विद्युत, सीमेंट और स्पंज आयरन जैसे उद्योगों में मांग के रुझानों का आकलन किया गया। दो दिवसीय इस आयोजन में परिवहन एवं आपूर्ति से जुड़ी चुनौतियों, खनन प्रौद्योगिकी, टिकाऊ उपकरणों के उपयोग और परिचालन नवाचारों पर भी चर्चा की जाएगी।*

## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में 'युवा संसद प्रतियोगिता' का आयोजन

**भोपाल।** एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने और युवा पीढ़ी को संसदीय कार्यप्रणाली से रूबरू कराने के उद्देश्य से स्कूल ऑफ लीगल स्ट्डीज एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में 'युवा संसद प्रतियोगिता' का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने न केवल सांसद और मंत्रियों की भूमिका निभाई, बल्कि ज्वलंत राष्ट्रीय मुद्दों पर प्रखर बहस भी की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामेश्वर शर्मा विधायक, हुजूर थे। कार्यक्रम के रामेश्वर शर्मा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र इस देश का आधार है और युवा उस लोकतंत्र की आवाज हैं। यह कार्यक्रम प्रो. (डॉ.) मुकेश कुमार साहू (डीन एंड डायरेक्टर, स्कूल ऑफ लीगल स्ट्डीज, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी) की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के दौरान जय नारायण चौकसे (चांसलर, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी) डॉ.अनुपम चौकसे (ग्रुप सेक्रेटरी, एलएनसीटी), प्रो. (डॉ.) एनके थापक (वीसी, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी), डॉ. अजीत सोनी (रजिस्ट्रार, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी), (डॉ.) एके सिंघई (डीन एकेडमिक, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी) एवं प्रो. (डॉ.) आरके चौरसिया (प्रिंसिपल, स्कूल ऑफ पैरामेडिकल, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी) उपस्थित रहे। सदन की कार्यवाही की शुरुआत राष्ट्रपति के अभिभाषण तथा सदस्यों के 'शपथ ग्रहण' से हुई तत्पश्चात 'प्रश्नकाल' के दौरान विपक्ष के सदस्यों ने तीखे सवाल पूछे, जिनका सत्ता पक्ष के मंत्रियों ने सधी हुई शब्दावली में जवाब दिया। निर्णायक मंडल के रूप में एमके राजौरिया,रमेश महाजन, अरुण मिश्रा एवं अनीता गेंधर उपस्थित रहे।



### ओरिएंटल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ फार्मेसी ने सफलतापूर्वक आयोजित की प्रदर्शनी

**भोपाल।** ओरिएंटल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ फार्मेसी द्वारा मेडिसिनल कैमिस्ट्री में ड्रग संरचना विश्लेषण और प्रतिनिधित्व पर एक मॉडल तैयारी और प्रदर्शनी सफलतापूर्वक आयोजित की। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्रों के ड्रग संरचना डिजाइन, संरचनात्मक विश्लेषण, और अणु प्रतिनिधित्व के बारे में समझ को बढ़ाना था। छात्रों ने नवाचारी और वैज्ञानिक रूप से विस्तृत मॉडल प्रदर्शित किए, जो उनके वैचारिक स्पष्टता, विश्लेषणात्मक कौशल, और रचनात्मकता को दर्शाते थे। यह कार्यक्रम अकादमिक सीखने और संवादात्मक जुड़ाव का एक प्रभावी मंच साबित हुआ, जिसने फार्मास्यूटिकल विज्ञान के सिद्धांतों के व्यावहारिक दृष्टिकोण से छात्रों की नींव को मजबूत किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन कुलाधिपति प्रवीण ठकराल, प्रो-चांसलर प्रो. (डॉ.) ध्रुव घई, प्रो-चांसलर , गौरव ठकराल, माननीय मुख्य प्रबंध निदेशक प्रो. (डॉ.) गरिमा घई, कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अमोल गोरे, उप पंजीयक, अजयेंद्र नाथ, डीन फार्मेसी, प्रो. (डॉ.) सुधा वेंगुर्लेकर, एवं प्राचार्य फार्मेसी , प्रो. (डॉ.) सचिन के. जैन के दूरदर्शी मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उनके निरंतर प्रोत्साहन एवं प्रशासनिक सहयोग से कार्यक्रम का सफल संचालन संभव हो सका। मेडिसिनल कैमिस्ट्री में ड्रग संरचना विश्लेषण और प्रतिनिधित्व पर आयोजित मॉडल तैयारी और प्रदर्शनी में छात्रों और फैकल्टी सदस्यों की उत्साही भागीदारी देखी गई।

## आईसीएआई भोपाल का स्टार्टअप कन्वेंशन 2026 'द ट्रस्टेड ब्रिज' आयोजित

# 12 होनहार स्टार्टअप्स ने किया बिजनेस मॉडल पेश दो लोकल स्टार्टअप्स को मौके पर ही फंडिंग मिली

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की भोपाल ब्रांच ने गुरूवार को आईसीएआई भवन भोपाल में अपने बहुप्रतीक्षित स्टार्टअप कन्वेंशन 2026 द ट्रस्टेड ब्रिज का सफलतापूर्वक समापन किया।

इस ऐतिहासिक कार्यक्रम ने लोकल कैपिटल (स्थानीय पूंजी) को लोकल इनोवेशन (स्थानीय नवाचार) से जोड़ने के अपने वादे को पूरा किया। इस दौरान लाइव डील-मेकिंग, बेहतरीन नॉलेज शेयरिंग और क्षेत्र के शीर्ष वित्तीय और उद्यमशील माइंड्स के बीच शानदार नेटवर्किंग देखने को मिली। इस कन्वेंशन का मुख्य आकर्षण हाई-इंटेंसिटी पिच सेशन रहा, जिसमें क्षेत्र के 12 होनहार स्टार्टअप्स ने अपने बिजनेस मॉडल पेश किए।

### विशेषज्ञों ने की बिजनेस को स्केल करने और फंडिंग राउंड्स पर अपनी यात्रा साझा

कार्यक्रम में राजीव अग्रवाल ने अपनी अनूठी फर्स्ट थ्योरी से दर्शकों को प्रेरित किया, जिसमें उन्होंने बताया कि शुरुआत एफ फॉर फेयर (आग/जुनून) से होती है। अर्नव गुप्ता ने भोपाल से बिजनेस को स्केल करने और अलग-अलग फंडिंग राउंड्स में लाखों डॉलर जुटाने की अपनी यात्रा साझा की।

रोनाल्ड फर्नांडिस ने इनक्यूबेशन सेंटर के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण इनसाइट्स दिए और संस्थापकों का मार्गदर्शन किया कि कैसे शुरुआत से ही सही दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। डॉ. रमेश खरे ने अपने व्यक्तिगत एंजेल इन्वेस्टिंग अनुभवों को साझा किया और एक लोकल निवेशक की मानसिकता पर प्रकाश डाला। मयंक अग्रवाल ने स्टार्टअप इकोसिस्टम में चार्टर्ड अकाउंटेंट के दृष्टिकोण पर एक दमदार स्पीच दी। उन्होंने स्टार्टअप कंप्लायंस (अनुपालन) के महत्व और सीए के लिए एक स्ट्रैटेजिक एडवाइजर के रूप में उभरते अवसरों के बारे में विस्तार से बताया। कुल मिलाकर आईसीएआई भोपाल स्टार्टअप कन्वेंशन 2026 ने मध्य भारत में इकोसिस्टम इवेंट्स के लिए एक नया मानक स्थापित किया है और यह साबित किया है कि जब वित्तीय अनुशासन लोकल इनोवेशन से मिलता है, तो पूरा क्षेत्र समृद्ध होता है।

### स्टार्टअप्स को फाइनेंशियल एक्सपर्ट्स और ईकोसिस्टम लीडर्स की प्रतिष्ठित जूरी ने परखा

इन स्टार्टअप्स को फाइनेंशियल एक्सपर्ट्स और इकोसिस्टम लीडर्स की एक प्रतिष्ठित जूरी ने परखा। जूरी पैनल में सीए रजनी जैन, सीए अनिरुद्ध प्रताप सिंह, सीए नीलेश पाटीदार, सीए मनोज अयाचित, सीए अंकिता अग्रवाल शामिल थे। भोपाल के स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए एक बड़ी जीत के रूप में, दो स्टार्टअप्स ने जूरी सदस्यों से मौके पर ही फंडिंग हासिल की। यह ₹लाइव ऑडिट₹ और सीए-समर्थित ड्यू डिलिजेंस फॉर्मेट की सफलता को साबित करता है। कार्यक्रम में इकोसिस्टम के निर्माण और लोकल स्टार्टअप्स और निवेशकों के बीच की दूरी को पाटने पर केंद्रित एक मजबूत पैनल डिस्कशन भी हुआ। इस स्ट्रैटेजिक डायलॉग में अर्थव्यवस्था के विभिन्न स्तंभों ने एक साथ आकर अपने दृष्टिकोण साझा किए। वैभव भटनागर-सीए का दृष्टिकोण, अरुणभ दुबे - सरकार का दृष्टिकोण, निधि चौहान - इनक्यूबेशन का दृष्टिकोण, राहुल श्रीवास्तव फाउंडर का दृष्टिकोण, प्राची मदान - उद्योगपति और निवेशक का दृष्टिकोण और द इकोसिस्टम क्रॉनिकल्सः पावर टॉक्स पर पैनल डिस्कशन किया।

## आईनॉक्स और टीएससी की पार्टनरशिप में बनेगा देवास में ऑनसाइट नाइट्रोजन प्लांट

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (आईनॉक्सएपी) ने टीएससी लिमिटेड (द एडवांस्ड कार्बन्स कंपनी) के साथ लॉन्ग टर्म पार्टनरशिप की है। यह पार्टनरशिप मध्य प्रदेश के देवास में टीएससी की प्रस्तावित ग्रीनफील्ड निर्माण इकाई के लिए नाइट्रोजन की आपूर्ति हेतु की गई है, जहां लिथियम-आयन बैटरी ग्रेड ग्रेफाइट एनोड सामग्री का उत्पादन किया जाएगा।

आईनॉक्सएपी इस परियोजना के तहत एक समर्पित ऑनसाइट नाइट्रोजन संयंत्र की स्थापना करेगा, जिसे बिल्ड, ओन और ऑपरेट मॉडल पर संचालित किया जाएगा। आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स के बिजनेस डेवलपमेंट एंड स्ट्रैटेजी हेड, दिगंत शर्मा ने कहाकि टीएससी एडवांस्ड कार्बन मटीरियल्स के क्षेत्र में सबसे



आगे है और यह पार्टनरशिप सस्टेनेबिलिटी और महत्वाकांक्षा के बीच मजबूत तालमेल को दर्शाती है। यह लॉन्ग टर्म एग्रीमेंट हाई-परफॉर्मेंस मटीरियल्स के उत्पादन को संभव बनाने में हमारी विशेषज्ञता और ऑपरेशनल क्षमताओं को और मजबूत करता है, जो भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, एनर्जी स्टोरेज और व्यापक क्लीन एनर्जी ट्रांजिशन के लिए बेहद अहम हैं।


## कार्यालय, नगर पंचायत खरोरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

E-mail-npkharora@gmail.com

क्रमांक / 3143/न.पं./ लो.नि.वि./ 2025-26 खरोरा, दिनांक 25.02.2026

### // षष्ठम ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //

नगर पंचायत खरोरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | ऑनलाईन निविदा डाऊनलोड की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 186183 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat kharora under SBM 2.0 (6 th Call) | 187.55 | 09-03-2026 (Time 9.00 PM) |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से भी डाऊनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत खरोरा
जिला-रायपुर (छ.ग.)



## पश्चिम मध्य रेल

### ई-निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:- **(1) निविदा संख्या:** विद्युत-सा.-भो.-नि.-03-2026 **कार्य का नाम:** भोपाल मंडल-DRM भोपाल के कार्यालय में स्थापित यात्री लिफ्ट और मंडल रेलवे अस्पताल, निशातपुरा, भोपाल में स्थापित स्ट्रेचर लिफ्ट का तीन साल की अवधि के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 36 माह **अनुमानित लागत:** ₹ 1292680.80/- **अग्रिम राशि:** ₹ 25900/- **निविदा बंद होने की तिथि व समय:** 19.03.2026, 11.00 बजे। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं निविदा सूचना अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। निविदा/निविदायें हेतु मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं है तथा ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उसे मान्य नहीं किया जायेगा। इस निविदा में आवश्यक संशोधन यदि लागू हो तो वेबसाइट पर लोड कर दिया जायेगा तथा ऐसे संशोधन कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी लगाये जायेगें जिसे निविदा बंद होने के समय तक देखा जा सकता है। ठेकेदार को निविदा में भाग लेने की पात्रता जानने के लिए एवं निविदा के साथ संलग्न करने दस्तावेज जानने के लिए IREPS पर अपलोड किए गए सभी निविदा दस्तावेजों को सभी शर्तों के साथ ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए। प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों आदि को ही निविदा को अंतिम रूप देने के लिए विचार किया जाएगा।

वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य)
मं.रे.प्र. कार्यालय पश्चिम मध्य रेल, भोपाल
रानी कमलापति स्टेशन के समीप

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## चिंतन

# रचनात्मक स्वतंत्रता व सामाजिक संवेदनशीलता के बीच हो संतुलन

केरल उच्च न्यायालय ने फिल्म 'केरला स्टोरी 2' की रिलीज पर रोक लगा दी और सेंसर बोर्ड को कहा है कि वह इसे दिए गए प्रमाणपत्र की पुनः समीक्षा करे। असल में फिल्मों के नाम व कथानक को लेकर भारत में विवाद कोई नया नहीं है। हाल ही में एक फिल्म घूसखोर पंडित के टाइटल पर भी तीखा विवाद हुआ था और निर्माता द्वारा नाम बदलने के बाद ही यह मामला शांत हुआ। शायद ही कोई कला माध्यम सिनेमा जितनी तीव्र सार्वजनिक बहस को जन्म देता हो। फिल्में केवल मनोरंजन नहीं करतीं, वे इतिहास की व्याख्या करती हैं, संस्कृति को आकार देती हैं और भावनात्मक प्रतिक्रियाएं भी उत्पन्न करती हैं। इसी कारण फिल्मों को लेकर विवाद इस माध्यम की प्रकृति का हिस्सा हैं। राजनीतिक, धार्मिक, क्षेत्रीय व जातीय विषयों वाली फिल्में अक्सर व्यापक सामाजिक तनावों का केंद्र बन जाती हैं। ताजा विवाद भी कुछ इसी तरह का है। मामले में याचिकाकर्ता का तर्क था कि फिल्म विभिन्न राज्यों की महिलाओं के बारे में है, जिन्हें कथित रूप से फुसलाकर धार्मिक परिवर्तन के लिए मजबूर किया जाता है, लेकिन फिल्म का शीर्षक केरला स्टोरी 2 है, जिससे कथित तौर पर जबरन धर्मांतरण के विषय को केरल राज्य से जोड़कर प्रस्तुत किया गया है। यह भी आरोप लगाया गया कि यह फिल्म कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा कर सकती है। यह फिल्म एक भ्रामक क्षेत्रीय संबंध स्थापित करती है और केरल के लोगों की गरिमा एवं प्रतिष्ठा को कमजोर करती है। देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बहस का विषय रही है। इसे लेकर अनेक बार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के पैरोकारों के बीच विरोधाभास भी देखने को मिला है। दरअसल, लोग अपनी सुविधा के हिसाब से इस स्वतंत्रता का पक्ष लेते रहे हैं। सिनेमा के क्षेत्र में ऐसा होना कोई अपवाद नहीं है। अधिकांश फिल्म विवादों के मूल में एक केंद्रीय मुद्दा होता है व्याख्या। एक फिल्मकार की दृष्टि अक्सर जनता की धारणा से टकरा जाती है। जब दर्शकों को लगता है कि किसी फिल्म में उनकी पहचान, इतिहास या मूल्यों का गलत चित्रण किया गया है तो विरोध स्वाभाविक हो जाता है। उदाहरण के तौर पर ऐतिहासिक विषय पर बनी फिल्म पद्मावत को रिलीज से पहले ही भारी विरोध का सामना करना पड़ा। यह विरोध फिल्म की वास्तविक सामग्री से अधिक सांस्कृतिक विकृति की आशंका पर आधारित था। यह प्रवृत्ति दर्शाती है कि आजकल विवाद अक्सर फिल्म देखने से पहले ही राजनीतिक और सामाजिक आशंकाओं के कारण खड़े हो जाते हैं। राजनीतिक विषयों पर आधारित फिल्में भी तीखी प्रतिक्रियाओं को जन्म देती हैं। द कश्मीर फाइल्स इसका प्रमुख उदाहरण है, जिसने भारत में गहन राष्ट्रीय बहस को जन्म दिया। समर्थकों ने इसे ऐतिहासिक पीड़ा का सशक्त चित्रण बताया, जबकि आलोचकों ने इसके कथानक और राजनीतिक दृष्टिकोण पर प्रश्न उठाए। इससे स्पष्ट होता है कि सिनेमा अब केवल कला का माध्यम नहीं, बल्कि वैचारिक विमर्श का मंच भी बन गया है। सोशल मीडिया ने इन विवादों को और अधिक तेज और व्यापक बना दिया है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन जैसी संस्थाओं का दायित्व रचनात्मक स्वतंत्रता और सामाजिक संवेदनशीलता के बीच संतुलन बनाना है, लेकिन उनके निर्णयों की अक्सर दोनों पक्षों से आलोचना होती है। कभी अधिक सख्ती के लिए तो कभी ढील देने के लिए। यह द्वंद्व हमारे समाज की जटिलता को दर्शाता है। हालांकि, कई बार ऐसे विवाद समाज में आवश्यक संवाद को जन्म देते हैं।



विश्लेषण
ऋतुपर्ण दवे

# क्या ट्रंप सबसे विवादित राष्ट्रपति कहलाएंगे

> डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति कम, कई बार राष्ट्रविद्रोही की भूमिका में ज्यादा नजर आने लगते हैं। वहां के सुप्रीम कोर्ट ने कानून की हद और जद में वो फैसला सुनाया, जो उनके खिलाफ था। मुख्य न्यायधीश जॉन रॉबर्ट्स द्वारा लिखे गए फैसले के कुछ घंटे बाद ट्रंप ने बौखलाहट भरी प्रतिक्रियाएं दीं कि टैरिफ पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला बेहद निराशाजनक है। कोर्ट के कुछ सदस्यों पर शर्म आ रही है, जो देश के लिए सही काम करने की हिम्मत नहीं कर पाए। निश्चित रूप इससे ट्रंप की साख गिरी है, न कि अमेरिकी सुप्रीम अदालत की। निश्चित रूप से ट्रंप की स्थिति बहुत मजाक वाली हो गई है, कहीं न कहीं वो हाशिए पर भी हैं।

न्याय तो न्याय होता है फिर वो अपनों के लिए हो या गैरों के लिए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को यह भी नागवार गुजरा, जब वहां के सुप्रीम कोर्ट ने कानून की हद और जद में वो फैसला सुनाया, जो उनके खिलाफ था। दरअसल अमेरिका में सुप्रीम कोर्ट में अदालतों की नियुक्ति वहां के राष्ट्रपति करते हैं जो कि आजीवन या जब तक जज सक्षम, स्वस्थ और सक्रिय रहें, तब तक के लिए होती है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में ट्रंप के पहले कार्यकाल के नियुक्त तीन जज थे। इनसे ट्रंप पूरे भरोसे में थे, इतने कि उन्हें अपनी जागीर समझ बैठे। फैसला उनके खिलाफ भला कैसे जाएगा? लेकिन वो ये भूल गए कि जजों ने न्याय करने की शपथ ली थी न कि ट्रंप के हितों की रक्षा की। फैसला आते ही उन्होंने जिन शब्दों में सुप्रीम कोर्ट और खिलाफ फैसला देने वाले जजों पर आरोप लगाए तो निश्चित रूप से अमेरिका की पूरी न्याय प्रणाली पर कटाक्ष था, जो बेहद निंदनीय है। इसी तरह हालिया भारत-पाक युद्ध को रोकने को लेकर अनगिनत बार एकतरफा बोलने वाले ट्रंप इस बार तो इतना कह गए कि यदि वो दोनों का परमाणु युद्ध नहीं रुकवाते तो पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की हत्या हो जाती।

वाकई ट्रंप, ट्रंप ही हैं और वो अमेरिका के राष्ट्रपति कम, कई बार राष्ट्रविद्रोही की भूमिका में ज्यादा नजर आने लगते हैं। दुनिया भर में इस फैसले की चर्चा इसलिए भी हो रही है कि वहां के सुप्रीम कोर्ट ने बहुमत से इसे असंवैधानिक करार दिया। इसमें ट्रंप के नियुक्त जजों ने भी अहम भूमिका निभाई। 6-3 के बहुमत से ट्रंप टैरिफ को असंवैधानिक करार देते हुए 1977 के आईईईपीए कानून यानी 'अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम' (इंटरनेशनल इमरजेंसी इकॉनामिक पॉवर ऐक्ट) का हवाला दिया। यह वो अमेरिकी कानून है जो राष्ट्रपति को राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान विदेशी खतरों से निपटने के लिए आर्थिक लेनदेन, आयात-निर्यात और संपत्ति को विनियमित करने का अधिकार देता है। जबकि अमेरिका में ऐसी स्थिति नहीं है। बिना कांग्रेस की सहमति लिए जिद्दी ट्रंप ने दुनिया भर में मनमाने टैरिफ ठोंक दिए। इससे भारत भी अछूता नहीं रहा। फैसला आते ही कुछ देर में ट्रंप ने प्रेस कांफ्रेंस की, जिसमें फैसले की न केवल आलोचना की बल्कि विरोध में फैसला देने वाले खुद के नियुक्त जजों को जमकर कोसा, लताड़ा भी। कोर्ट पर मनमाने आरोप भी लगाए और कहा कि अदालत विदेशी हितों और ऐसे राजनीतिक आंदोलनों से प्रभावित है, जो लोगों की सोच से छोटे हैं। फैसले को अपने चुनाव परिणाम से जोड़ते हुए कहा कि मैं लाखों वोटों से जीता फिर भी धोखाधड़ी हुई, नहीं तो अंतर और बढ़ता बावजूद इसके भारी मतों से जीता। उन्होंने यहां तक कहा कि जो लोग बुरे, अनजान और शोर मचाने वाले हैं, वो चिल्लाकर बोलते हैं। ऐसा लगता है कि कुछ जज इससे डर गए और सही काम नहीं करना चाहते। जस्टिस गोरसच और जस्टिस बैरेट जो ट्रंप के द्वारा नियुक्त थे, ने भी खिलाफ में फैसला दिया, जबकि ब्रेट कैवनॉघ ट्रंप द्वारा नियुक्त वो जज थे, जिन्होंने पक्ष में फैसला सुनाया। मुख्य न्यायधीश जॉन रॉबर्ट्स द्वारा लिखे गए फैसले के कुछ घंटे बाद ट्रंप ने बौखलाहट भरी प्रतिक्रियाएं दीं कि टैरिफ पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला बेहद निराशाजनक है। कोर्ट के कुछ सदस्यों पर शर्म आ रही



है, जो देश के लिए सही काम करने की हिम्मत नहीं कर पाए। निश्चित रूप इससे ट्रंप की साख गिरी है, न कि अमेरिकी सुप्रीम अदालत की। मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स के साथ बहुमत में न्यायाधीश नील गोरसच और एमी कोनी बैरेट भी शामिल थे। इनकी नियुक्ति ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में की थी। सहमति जताने वालों में न्यायाधीश क्लेरेंस थामस, सैमुअल एलिटो और ब्रेट कैवना थे जिनमें कैवना को ट्रंप ने नियुक्त किया था। इन्होंने असहमति मत में लिखा कि वास्तव में टैरिफ आयात को नियंत्रित करने का पारंपरिक और सामान्य उपकरण है तथा आइईईपीए का पाठ, इतिहास तथा पूर्व की तमाम मिसालें प्रशासन के पक्ष का समर्थन करती हैं। जज कैवना ने चेतावनी दी कि इस निर्णय से चीन, ब्रिटेन और जापान जैसे देशों के साथ हुए व्यापार समझौतों पर अनिश्चितता पैदा हो सकती है। हालांकि फैसले में यह साफ नहीं है कि कंपनियों को उन अरबों डॉलर का रिफंड मिलेगा या नहीं, जो दिसंबर 2025 तक ही अमेरिकी खजाने में करीब 133 अरब डॉलर से अधिक जमा हो चुके हैं। इनमें कुछ कंपनियां पहले ही निचली अदालतों में रिफंड का दावा पेश कर चुकी हैं। निश्चित रूप से ट्रंप की स्थिति बहुत मजाक वाली हो गई है। कहीं न कहीं वो हाशिए पर भी हैं। ट्रंप की खिसियाहट इसी से समझ आती है कि एक तो उन्होंने अदालत को भला-बुरा कह कर दुनिया को चौंकाया और यहां तक कि उनके द्वारा नियुक्त विरोध में फैसले देने वाले न्यायाधीशों को देश द्रोही और परिवार में कैसे मुंह दिखाएंगे, तक कह दिया। लगता है कि ट्रंप को न्याय में विश्वास नहीं है और देर-सबेर अमेरिका में यह मांग भी उठेगी कि भारत सहित तमाम देशों की न्याय पालिका के समान वाली साफ और निष्पक्ष व्यवस्था अमेरिका में भी हो, जिससे नियुक्त न्यायाधीश बिना किसी के दबाव में न्याय हित में काम कर सकें। हां, ट्रंप का एक और सुन्दर सपना टूट जरूर गया है लेकिन ट्रंप और विवादों का चोली-दामन का रिश्ता कब और क्या, कुछ नया कर दे, कोई नहीं जानता। फिलाहाल ट्रंप ने ग्लोबल टैरिफ लगाकर, जब चाहें तब बदलकर अपने ही देश की सर्वोच्च अदालत को एक तरह से चुनौती दे डाली। इससे पहले शांति का नोबल पुरस्कार न मिलने पर उनकी हरकतों को दुनिया ने देखा। यह सब उनके पद और गरिमा को देखकर अनुकूल नहीं था। लगता है वो अमेरिका के ऐसे राष्ट्रपति जरूर बनने की ओर हैं जो सबसे विवादित, सनकी, नासमझ और तानाशाह कहलाएंगे। बता दें कि, व्हाइट हाउस में अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली के साथ एक संयुक्त प्रेस कार्यक्रम के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने एक महिला पत्रकार से सवाल पूछने के लिए कहा। जब पत्रकार ने चीन की लैटिन अमेरिका में बढ़ती उपस्थिति को लेकर अमेरिका की भूमिका पर एक सवाल किया, तो ट्रंप ने जवाब देने के बजाय उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस की ओर मुड़कर कहा, 'मुझे बस उनकी बातें सुनना अच्छा लगता है।' इसके बाद दोनों को हंसते हुए देखा गया, और फिर ट्रंप ने वापस पत्रकार की ओर मुड़कर कहा, 'बशाबाश...शाबाश...शुक्रिया, डार्लिंग।' यह वीडियो ऑनलाइन तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने ट्रंप को आड़े हाथों लिया।

इससे पहले, ट्रंप ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को दिए गए एक अटपटे कॉम्प्लीमेंट को लेकर भी सुर्खियां बटोरी थीं। शर्म अल-शेख में एक गाजा शांति शिखर सम्मेलन के दौरान वैश्विक नेताओं को धन्यवाद देते समय ट्रंप ने मेलोनी की ₹खूबसूरती₹ पर जोर दिया और पूछा कि क्या वह इस तारीफ से नाराज तो नहीं हैं। बहरहाल, ऐसे खिसियाए ट्रंप को देखकर लोग यही कह रहे हैं 'जिन्हें हम हार समझे थे गले अपने लगाने को, वही काले नाग बन बैठे हमें ही काट खाने को।'

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## शहीदी दिवस


सुनील कुमार महला



# चंद्रशेखर आज़ाद : क्रांति, साहस व आत्मसम्मान की अमर गाथा


महान क्रांतिकारी, अदम्य साहस, अटूट देशभक्ति और आत्मसम्मान के प्रतीक चंद्रशेखर आज़ाद का आज 27 फरवरी को शहीद दिवस है। वर्ष 1931 में इसी दिन उन्होंने इलाहाबाद (अब प्रयागराज) के चंद्रशेखर आज़ाद पार्क (तत्कालीन अल्फ्रेड पार्क) में अंग्रेजों से घिर जाने पर वीरगति प्राप्त की। इनका जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले में हुआ तथा उनका बचपन झाबुआ जिले के भाबरा गांव में बीता, जहां उनके अधिकांश मित्र भील जनजाति के बालक थे। उनके साथ रहते हुए उन्होंने बचपन में ही धनुष-बाण चलाने में दक्षता हासिल कर ली, जो आगे चलकर उनकी अचूक निशानेबाजी का आधार बनी। इनका वास्तविक नाम चंद्रशेखर तिवारी था और 'आज़ाद' नाम उन्होंने स्वयं अदालत में घोषित किया था। दिसंबर 1921 में असहयोग आंदोलन में भाग लेने के कारण जब उन्हें गिरफ्तार किया गया तो मजिस्ट्रेट के सामने उन्होंने अपना नाम 'आज़ाद', पिता का नाम 'स्वतंत्रता' और पता 'जेलखाना' बताया। सजा के रूप में उन्हें 15 कोड़े लगाए गए, जिसके बाद से वे 'आज़ाद' के नाम से प्रसिद्ध हो गए।

उनकी माता जगरानी देवी चाहती थीं कि वे संस्कृत के विद्वान बनें, इसलिए उन्हें पढ़ाई के लिए वाराणसी के काशी विद्यापीठ भेजा गया, किंतु जलियांवाला बाग हत्याकांड ने उनकी सोच बदल दी और वे क्रांतिकारी मार्ग पर चल पड़े। उनकी जुबां पर अक्सर एक शेर रहता था-'दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे, आज़ाद ही रहे हैं, आज़ाद ही रहेंगे।' आज़ाद ने शपथ ली थी कि वे कभी अंग्रेजों के हाथ जीवित नहीं पकड़े जाएंगे और उन्होंने अंत तक अपने इस वचन को निभाया भी। वे भेष बदलने की कला में अत्यंत निपुण थे तथा कई बार पुलिस के सामने से निकल गए और उन्हें पता भी नहीं चला। पुलिस से बचने के लिए वे साधु/संन्यासी बनकर भी रहे और बच्चों को पढ़ाया। झांसी के पास ओरछा के जंगलों में उन्होंने 'पंडित हरिशंकर ब्रह्मचारी' नाम से संन्यासी रूप में निवास किया तथा साथियों को हथियार चलाने का प्रशिक्षण भी दिया। उनकी फुर्ती और तेज दिमाग के कारण साथी उन्हें 'क्विक सिल्वर' (पारा) कहते थे। वे क्रांतिकारी संगठन के वरिष्ठ नेता थे और युवाओं को प्रशिक्षण देते थे, जिनमें भगत सिंह भी शामिल थे। भगत सिंह उन्हें सम्मान से 'पंडित जी' कहते थे। दोनों की जोड़ी को 'आग और हवा' की तरह माना जाता था, जहां भगत सिंह वैचारिक रूप से गहरे थे, वहीं आज़ाद संगठन संचालन और क्रांतिकारी कार्रवाई में निपुण थे। महात्मा गांधी द्वारा 1922 में असहयोग आंदोलन स्थगित किए जाने के बाद वे हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचआरए) से जुड़े। क्रांतिकारी गतिविधियों के लिए धन जुटाने हेतु 1925 में काकोरी ट्रेन कार्रवाई की गई। बाद में संगठन का पुनर्गठन कर हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचएसआरए) बनाया गया, जिसकी स्थापना 1928 में दिल्ली के फिरोजशाह कोटला में आज़ाद, भगत सिंह, सुखदेव थापर और जोगेश चंद्र चटर्जी सहित अन्य साथियों ने की। उल्लेखनीय है कि आज़ाद 1929 में लॉर्ड इरविन की ट्रेन पर बम फेंकने की योजना में भी शामिल थे। 27 फरवरी 1931 को प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क में ब्रिटिश पुलिस ने उन्हें चारों ओर से घेर लिया। उन्होंने अपने साथी सुखदेव राज को सुरक्षित निकल जाने का अवसर दिया और स्वयं लगभग 40 मिनट तक अकेले पुलिस से लोहा लेते रहे। उस समय उनके पास केवल एक छोटी कोल्ट पिस्तौल थी। जब अंतिम गोली बची तो अपनी प्रतिज्ञा निभाते हुए उन्होंने स्वयं को गोली मार ली और वीरगति प्राप्त की। जानकारी मिलती है कि उनकी मृत्यु के बाद भी ब्रिटिश पुलिस उनके पास जाने से डर रही थी। पुष्टि करने के लिए दूर से उनके शरीर पर गोलियां चलाई गईं, तब जाकर वे पास पहुंचे। आज़ाद अत्यंत सादगीपूर्ण जीवन जीते थे। बहुत कम लोग ही जानते होंगे कि कई बार संगठन के लिए धन बचाने हेतु स्वयं भूखे रह जाते थे, लेकिन अपने साथियों की जरूरतें वे पहले पूरी करते थे। उनकी शहादत के बाद काफी समय तक उनकी माता को पूरी जानकारी नहीं दी गई थी, ताकि उन्हें गहरा सदमा न पहुंचे। निष्कर्षतः चंद्रशेखर आज़ाद ने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने युवाओं को यह संदेश दिया कि स्वतंत्रता, स्वाभिमान और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष किसी भी समाज की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि दृढ़ संकल्प, त्याग और साहस से असंभव प्रतीत होने वाले लक्ष्य भी प्राप्त किए जा सकते हैं।



( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख



संकलित
दर्शन

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, लुभावना और आकर्षक बना दिया है। जबकि वास्तविक सुख आंतरिक सौंदर्य, अंतर्जगत की जागृति एवं अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यों में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है। जिस व्यक्ति ने स्वयं को शांति-अशांति, मान-अपमान और सुख-दुख से निर्लिप्त बना लिया है, वही निर्विघ्न शांति में स्थित रह सकता है।


# गरीब विद्वान व राजा भोज, बने भाई-भाई



संकलित
प्रेरणा

कई वर्ष पहले धार में राजा भोज का शासन था। उस राज्य में एक गरीब विद्वान रहता था। आर्थिक तंगी से घबराकर एक दिन विद्वान की पत्नी ने उससे कहा-आप राजा भोज के पास क्यों नहीं जाते? वह विद्वानों का बड़ा आदर करते हैं। हो सकता है आपकी विद्वता से प्रभावित होकर वह आपको ढेर सारा धन दे दें। विद्वान राजा के दरबार में पहुंचा। पहरेदार ने पूछाः आप कौन हैं? कहां जाना है? विद्वान ने कहाः जाओ राजा से कहो कि उनका भाई आया है। पहरेदार ने जब भोज को यह बात बताई तो.. वह सोचने लगेः मेरा तो कोई भाई है नहीं है फिर कौन हो सकता है। कहीं कोई धूर्त तो नहीं। उनकी उत्सुकता जागी। उन्होंने विद्वान को बुलवा लिया। 'कैसे हुए भाई-भाई' भोज ने विद्वान से पूछाः क्या तुम मेरे भाई हो? किस नाते से? विद्वान ने कहाः मैं आपका मौसेरा भाई हूं। आपकी मौसी का लड़का। भोज ने पूछाः कैसे? मेरी तो कोई मौसी नहीं है। विद्वान बोलाः महाराज। आप संपत्ति माता के पुत्र हैं और मैं विपत्ति माता का पुत्र। संपत्ति और विपत्ति बहनें हैं। इस नाते मैं आपका मौसेरा भाई हुआ न। यह सुनकर भोज बेहद प्रसन्न हुए। उन्होंने ढेर सारी स्वर्ण मुद्राएं विद्वान को दीं। फिर भोज ने पूछाः मेरी मौसी तो कुशल हैं न? इस पर विद्वान ने जवाब दियाः राजन, जब तक आपकी मौसी जीवित थीं, आपके दर्शन नहीं हुए थे। अब आपके दर्शन हुए तो आपकी मौसी स्वर्ग सिधार गईं। इस उत्तर से भोज को और भी प्रसन्नता हुई। उन्होंने विद्वान को गले से लगा लिया।

## पराक्रम



पंजाब के पठानकोट स्थित ध्यान चंद स्टेडियम में पश्चिमी कमान की क्षमताओं को के ऑपरेशनल प्रदर्शन के दौरान भारतीय सेना के जवान युद्ध अभ्यास का प्रदर्शन करते हैं।

## आज की पाती

### विधायकों के भत्ते या फिजूलखर्ची

लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों को मिलने वाली सुविधाएं हमेशा चर्चा और बहस का विषय रही हैं। वेतन और भत्तों का मूल उद्देश्य यह माना जाता है कि निर्वाचित प्रतिनिधि आर्थिक चिंता से मुक्त होकर जनता की सेवा कर सकें। लेकिन जब इन सुविधाओं का आकार बढ़ता है और उनके उपयोग में पारदर्शिता कम दिखाई देती है, तो स्वाभाविक रूप से सवाल उठते हैं। हाल ही में बिहार विधानसभा द्वारा विधायकों और विधान पार्षदों के लिए मासिक टेलीफोन भत्ता बढ़ाकर 8300 रुपए करने का निर्णय सामने आया है। इस फैसले की सबसे खास बात यह है कि यह राशि बिना किसी बिल या वाउचर के दी जाएगी। यानी खर्च का प्रमाण देना अनिवार्य नहीं होगा। यही कारण है कि यह विषय अचानक सार्वजनिक चर्चा का केंद्र बन गया है। - ललित बंझोर, रायपुर

## ट्रेंड

### मल्टीट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स



हमारी सरकार ने गोंदिया-जबलपुर, पुनारख-किऊल और गम्हरिया-चांडिल के बीच तीन मल्टीट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं से महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड में आर्थिक विकास तेज होने के साथ-साथ रोजगार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।
- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### आतंकवाद स्वीकार नहीं



भारत और इजरायल पूरी तरह से स्पष्ट हैं कि आतंकवाद का दुनिया में कोई स्थान नहीं है। किसी भी रूप में, किसी भी अभिव्यक्ति में, आतंकवाद को स्वीकार नहीं किया जा सकता।हम कंधे-से-कंधा मिलाकर आतंकवाद और उनके समर्थकों का विरोध करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।
-पियुष गोयल, केंद्रीय उद्योग मंत्री

### गोवा में मिला अवसर



गोवा ने हमें एक छोटा सा अवसर दिया है, हम पूरी ईमानदारी और क्षमता से काम कर रहे हैं। हमें पूरे राज्य की सेवा करने का मौका दीजिए, और हम शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, सड़कें, बिजली और पानी जैसी व्यवस्थाओं में पंजाब की तर्ज पर बदलाव लाएंगे।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली


### ट्रंप की धमकी



आप सब जानते हैं, रूस हमारा पुराना दोस्त, हमको तेल बेचता था, ईरान हमको तेल बेचता था, हम सस्ते में वहां से लेते थे, लेकिन ट्रंप ने धमकी दी और ये बोले- यस सर। ट्रंप जो कहते हैं उसको- यस सर।
-मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

## करंट अफेयर

# ब्रिटेन में हिंदू मंदिर के बंद होने का खतरा



पूर्वी ब्रिटेन के पीटरबरो शहर में एक परिसर में मौजूद 40 साल पुराने हिंदू मंदिर और कम्युनिटी सेंटर के बंद होने का डर है, क्योंकि स्थानीय प्राधिकारियों ने इस भवन को बेचने के फैसले को सही ठहराया है जो मंदिर के लिए किराये पर दिया गया है। भारत हिंदू समाज मंदिर की स्थापना 1986 में शहर के न्यू इंग्लैंड कॉम्प्लेक्स में हुई थी और कैम्ब्रिजशायर, नॉरफॉक तथा लिंकनशायर के बड़े इलाके के 13,000 से अधिक हिंदू यहां दर्शन करने आते हैं। मंदिर प्रशासन पीटरबरो सिटी काउंसिल से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग करते हुए अभियान चला रहा है। इस महीने की शुरुआत में काउंसिल कैबिनेट की बैठक में यह कहा गया कि संपत्ति की बिक्री से करदाताओं के लिए सर्वश्रेष्ठ मूल्य दिलाने की उसकी कानूनी जिम्मेदारी/" है। वहीं, मंदिर ने एक बयान में कहा, हम भारत हिंदू समाज से जुड़े भवन की बिक्री की कड़ी निंदा करते हैं। समुदाय द्वारा बनाई गई संस्था को बंद दरवाजों के पीछे बिना पारदर्शिता या सहमति के नहीं बेचा जाना चाहिए। इसमें कहा गया, ' 'यह सिर्फ संपत्ति के बारे में नहीं है, बल्कि विरासत, भरोसे और जवाबदेही के बारे में है। समुदाय जवाब पाने का हक रखता है, गोपनीयता का नहीं। इस फैसले पर सवाल उठाए जाने चाहिए और इसका विरोध किया जाना चाहिए।''

## ऑफ बीट

# मानसिक समस्या जितनी गंभीर, सहानुभूति उतनी कम



समाज में चिंता (एंग्जायटी), अवसाद (डिप्रेशन) और एडीएचडी जैसी कुछ मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों को पहले की तुलना में अब अधिक स्वीकार्यता मिली है। लोग अब कार्यस्थल, घर और सोशल मीडिया पर इनके बारे में खुलकर बात कर पाते हैं और अक्सर उन्हें सलाह भी मिलती है। यह बदलाव महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे मदद मांगना आसान हुआ है और संस्थानों के लिए मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को आधार बना कर कड़े कदम उठाना कठिन हो गया। लेकिन सार्वजनिक सहानुभूति समान रूप से नहीं मिलती है। कुछ स्थितियां व्यापक रूप से समझी जाती हैं, जबकि अन्य को अब भी संदेह और कठोर निर्णय का सामना करना पड़ता है। जैसे-जैसे लोग कुछ बीमारियों से परिचित होते जाते हैं, वे बीमारियां मानसिक रोग की /"स्वीकार्य/" छवि तय करने लगती हैं। जो लक्षण इस छवि में फिट नहीं बैठते, उन्हें अलग नजर से देखा जाता है। यहां बात 'अस्वीकार्यता' से संबंधित है। शोध से पता चलता है कि अवसाद और चिंता के प्रति सामाजिक नजरिया नर्म है, जबकि शिज़ोफ्रेनिया और व्यक्तित्व विकारों (जैसे बॉर्डरलाइन या नार्सिसिस्टिक पर्सनैलिटी डिसऑर्डर) के प्रति समाज में अधिक दूरी और भय वाली सोच है। नौ अलग-अलग निदानों पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि लोगों द्वारा दूरी बनाए रखने की इच्छा शिज़ोफ्रेनिया और पर्सनैलिटी डिसऑर्डर के मामलों में सबसे अधिक थी।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# अपने शोध को आइडिया से प्रोडक्ट तक परिवर्तित करना आवश्यक है : डॉ. कोठारी

### मेपकास्ट में शुरू हुआ 41वां युवा वैज्ञानिक सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शोध में पर्याप्त संभावनाओं को पहचा कर युवा वैज्ञानिकों को अपनी दिशा तय करती चाहिए। अपने अंदर इनोवेशन की भावना को हर शोधार्थी को पहचानते आना चाहिए।

यह कहना है मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक, डॉ. अनिल कोठारी का। डॉ. कोठारी 41वां युवा वैज्ञानिक सम्मेलन में युवा वैज्ञानिकों को संबोधित कर रहे



थे। उन्होंने कहा कि हर शोधार्थी को अपने अन्दर आए विचार को एक उत्पाद तक बदलते आना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आईसर के निदेशक डॉ. गोवर्धन दास, एम्प्री के निदेशक डॉ. भास्कर, एनआईटीटीटीआर के निदेशक डॉ. सीसी त्रिपाठी, एआईजीजीपीए के उपाध्यक्ष डॉ. राजीव दीक्षित, दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के डॉ. मुकेश मिश्रा ने युवा वैज्ञानिकों का हौसला बढ़ाया।

### शोध सामाजिक सरोकारो से जुड़ी होनी चाहिए: डॉ. त्रिपाठी

इस अवसर पर एनआईटीटीटीआर के निदेशक डॉ सीसी त्रिपाठी ने कहा कि शोध सामाजिक सरोकारो से जुड़ी होनी चाहिए। वर्तमान में सेमीकंडटर में कार्य करने की बहुत आवश्यकता है। दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के डॉ मुकेश मिश्रा ने कहा स्थानीय संसाधानों के साथ समग्र एवं सतत विकास के लिए ओरिएन्टेड रिसर्च आवश्यक है। 41 वां युवा वैज्ञानिक सम्मेलन के प्रथम दिवस युवा वैज्ञानिकों ने 11 संकायों में 170 शोध पत्र पढ़े। कल 10 संकायों में 108 शोध पत्र पढ़े जायेंगे। इस अवसर पर शोधार्थियों ने विशेषज्ञों से अपने शोध के बारे में जानकारी साझा की।

### मेपकास्टः शरीर के अंगों के आकार की क्यारी में किया औषधीय पौधों का रोपण



मेपकास्ट के डीजी डॉ. अनिल कोठारी, निटर के निदेशक प्रो सीसी त्रिपाठी सहित अतिथियों ने रोपे पौधे।

मेपकास्ट में गुरुवार को 41वें मध्यप्रदेश युवा विज्ञान सम्मेलन की शुरूआत की गई। इसके बाद अतिथियों ने मेपकास्ट कैंपस में पौध रोपण किया। इस दौरान मेपकास्ट के निदेशक डा अनिल कोठारी, निटर के निदेशक प्रो सीसी त्रिपाठी सहित अन्य अतिथियों ने पौधा रोपा। यहां सबसे विशेष बात यह है कि मेपकास्ट में मानव शरीर के जिस अंग के लिए जो हर्बल पौधा औषधी के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। उस पौधे को शरीर के उसी अंग के आकार की क्यारी में रोपा गया है। इसमें आंख, हृदय, कान आदि अंगों के आकार की क्यारी बनाई गई हैं।

---

### रंग-गुलाल लगाने की परंपरा सभी समाजों में एक सी, अलग-अलग व्यंजन बनाने की परंपरा वर्षों पुरानी

# समाज के लिए रंगों के साथ ही व्यंजनों की विभिन्नता के लिए भी है होली पर्व

**गुजिया, मठरी, नमकीन, पापड़ आदि पकवानों का स्वाद लेते हैं धर्मावलंबी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

होलिका दहन को लेकर अभी भ्रम की स्थिति बनी हुई है। कुछ जगह दो व कुछ जगह तीन मार्च को होलिका दहन के साथ शुरू हो जाएगा। इसके अलगे दिन रंगों के साथ आपसी भाईचारे की मिठास भी देखने को मिलेगी। रंग-गुलाल लगाने की परंपरा तो सभी समाजों में एक सी है, लेकिन पूजा पद्धति और इस दिन बनने वाले व्यंजन-पकवान कुछ विशेष होते हैं। साथ ही हर समाज में अलग-अलग व्यंजन बनाने की परंपरा वर्षों पुरानी है। समाज के लोग अपने-अपने तरीके से रंगोत्सव का आनंद उठाते हैं। होली पर लोग गुझिया, मठरी, नमकीन, पापड़ आदि पकवानों का स्वाद लेते हैं। सामाजिक संगठन बड़े स्तर सार्वजनिक आयोजन करा कर होली पर्व मनाएंगे।



प्रभु श्रीनाथजी ने भक्तों संग खेली होली।

### लखेरापुरा मंदिर में खेली गई फूलों की होली, भक्ति के रंग में रंगे श्रीनाथजी

राजधानी के लखेरापुरा के श्री जी मंदिर में फागुन की मस्ती और भक्ति का संगम देखने को मिल रहा है। गुरुवार को मंदिर परिसर में 'फूल फाग उत्सव' का आयोजन किया गया, जिसमें प्रभु श्रीनाथजी ने भक्तों के साथ फूलों और गुलाल की होली खेली। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' और होली के पारंपरिक रसिया गायन से गुंजायमान रहा। मंदिर के मुखिया श्रीकांत शर्मा ने बताया कि फाग उत्सव के अवसर पर प्रभु श्रीनाथजी का मनमोहक श्रृंगार किया गया।

### होलिका दहन के साथ ही रंग-गुलाल उड़ेगा....

#### बंगाली समाजः घरों में है होलिका दहन से पहले पूजन की परंपरा

बंगाली समाज के लोग इस दिन होलिका दहन स्थल पर पूजा करने के साथ ही घरों में गुरु पूजन की परंपरा है। कई घरों में तुलसी के पौधे को रंगीन पानी से नहलाकर बताशा अर्पित करते हैं। शकर का खिलौना और भुनी पीली मटर को चाशनी में पकाकर तैयार फ्रूट कैड़ाई बनाकर बांटी जाती है। महिलाएं लाल बार्डर वाली सफेद साड़ी पहनती हैं। इस वर्ष बड़ी धूमधाम से इस पर्व को मनाया जाएगा।



#### सिख समाजः घरों में बनेंगे छोले-भटूरे

सिख समाज (खालसा) का होली को होल्ले महल्ला का रूप गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज ने प्रदान किया। सिख समाज के लोग होल्ले महल्ला पर गुरद्वारा साहिब में विशेष दीवान होते हैं। इस साल परंपरा के अनुसार बड़ी धूमधाम से गुरद्वारे में मौजूद समाज के लोग पर्व को मनाएंगे। इस मौके पर दीवान सजाएंगे। घरों में पंजाबी व्यंजन बनाए जाएंगे। इनमें लस्सी शामिल रहती है। व्यंजनों में मक्के की रोटी, छोले भटूरे, मखनी दाल व पराठे बनाए जाते हैं।

#### महाराष्ट्रीयन समाजः पांच प्रकार की सब्जी और चटनी का भोग

मराठी परिवारों में आमतौर पर होली का त्योहार रंगत लिए हुए ही मनाया जाता है। महाराष्ट्रीयन समाज के लोग होलिका दहन के पूर्व होली को नारियल और चने चिरौंजी का प्रसाद चढ़ाया जाता है। इस दिन घरों में विशेष रूप से गुझिया बनाए जाएंगे। पांच प्रकार की सब्जी, चटनी आदि बनाकर घर में भगवान को व शाम के समय होली को इसका भोग लगाया जाता है। इस बार महाराष्ट्रीयन समाज के लोग धूमधाम से पर्व को मनाएंगे। तैयारी अभी से शुरू कर दी गई है।

#### गुजराती समाजः श्रीफल, गेहूं व चावल की जौ के साथ करते हैं दर्शन-पूजन

गुजराती समाज के लोग होली की पूजा करने के लिए श्रीफल, अगरबत्ती, कुंकू, चावल एवं गेहूं की जौ के साथ पूजा और दर्शन करते हैं। छोटे बड़ों को रंग-गुलाल का तिलक लगाकर उनके पांव छूकर आशीर्वाद लेते हैं। इस दिन सभी घरों में विशेष रूप से खिचड़ी बनाई जाती है। इसके अलावा फाफड़ा, जलेबी के साथ ही पूरी-श्रीखंड, छोले का लुत्फ उठाते हैं। बड़ी धूमधाम से पर्व को मनाया जाएगा।

### रंगभरी एकादशी आज : भगवान विष्णु व महादेव पर श्रद्धालु चढ़ाएंगे रंग-गुलाल

रंगभरी एकादशी 27 मार्च शुक्रवार को है। होली के चार दिन पूर्व श्रद्धालु पर्व के रूप में इसे मनाते है। इस दिन भक्त देवो के देव महादेव व भगवान विष्णु पर रंग-गुलाल चढ़ा जीवन में खुशहाली की दुआ करेंगे। ऐसी मान्यता है कि रंगभरी एकादशी के दिन सहस्त्रानाम पाठ के साथ शिवलिंग पर गुलाल और भगवान विष्णु पर तुलसी व गुलाल चढ़ाने से विशेष फल मिलता है, साथ ही भगवान का विशेष श्रृंगार भी इस दिन किया जाता है। बता दें कि रंगभरी एकादशी को लेकर शहर के प्रमुख मार्कडेय मंदिर बांके बिहारी,गुफा मंदिर लालघाटी,मां वैष्णो धाम आदर्श नगर व श्रीजी मंदिर सहित अन्य में मंदिरों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ लगेगी। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाली एकादशी को आमलकी एकादशी भी कहा जाता है। इस दिन भगवान विष्णु की पूरे विधि-विधान से पूजा करने और व्रत रखने से सौभाग्य, समृद्धि और खुशी की प्राप्ति होती है। ऐसी मान्यता है कि आमलकी एकादशी के दिन भगवान विष्णु को आंवले का फल चढ़ाने से मन को शांति व प्रसन्नता मिलती है और जीवन में आने वाली हर परेशानी से छुटकारा मिलता है। शुभ फलों की प्राप्ति के साथ ही घर में सुख-समृद्धि का वास होता है। इस दिन पूजा करने से भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। भगवान भोलेनाथ की कथा का प्रसंग भी इसी दिन से जुड़ा है। कथा के अनुसार, माता पार्वती के विवाह के बाद उनका गौना कराकर फाल्गुन शुक्ल एकादशी को ही भोलेनाथ पहली बार अपनी नगरी काशी आए थे। तब भक्तों ने शिव और शक्ति का रंग-गुलाल से स्वागत किया था।

**राजधानी के मार्कडेय मंदिर बांके बिहारी, गुफा मंदिर लालघाटी, मां वैष्णो धाम आदर्श नगर व श्रीजी मंदिर में होगी विशेष पूजा-पाठ**

---

### अभी तक नहीं मिली नियुक्ति

## शिक्षक वर्ग-2 के चयनित पात्र अभ्यर्थियों ने घेरा डीपीआई



प्रदेशभर से करीब एक हजार की संख्या में भोपाल पहुंचे अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में गुरुवार को प्रदेशभर के शिक्षक वर्ग-2 पात्रता परीक्षा पास कर चुके अभ्यार्थी जुटे। प्रदेशभर से करीब 1000 की संख्या में पहुंचे अभ्यार्थी राजधानी के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सुबह 11 बजे रैली के रूप में लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) पहुंचे। यहां अपनी नियुक्ति की मांग को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों का कहना है कि परीक्षा पास करने के बाद भी अब तक उन्हें नियुक्ति नहीं मिली है, जिससे उन्हें अब प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान अभ्यार्थियों को डीपीआई की ओर से आश्वासन दिया गया कि उनकी नियुक्ति की प्रक्रिया अभी चल रही है, जल्द ही नियुक्ति मिलने की उम्मीद है।

#### अभ्यर्थियों ने कहा- रूल बुक को नहीं मानता डीपीआई

कई अभ्यर्थियों का कहना है कि रूल बुक में नियम है कि रिजल्ट आने के 3 महीने के अंदर नियुक्ति की जाना चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता है तो विभाग प्रमुख इसके लिए जिम्मेदार होगा। लेकिन डीपीआई का कहना है कि यह नियम ईएसबी के हैं, हमारे नहीं हैं। इसके संबंध में वे कुछ नहीं कह सकते। अभ्यर्थियों का कहना है कि मध्यप्रदेश में शिक्षक वर्ग-2 भर्ती की प्रक्रिया का 2022 में नोटिफिकेशन आया और 2023 में पात्रता परीक्षा हुई। वर्ष 2025 (अप्रैल) में चयन परीक्षा का परीक्षा परिणाम सितंबर में आया था। इसमें कई अभ्यार्थियों का चयन हो गया, लेकिन अब 2026 तक नियुक्ति नहीं मिली है। इसके विरोध में प्रदेशभर से ऐसे चयनित पात्र अभ्यार्थियों ने भोपाल पहुंचकर प्रदर्शन किया। अभ्यार्थियों का कहना है कि बीते लंबे समय से लगातार आश्वासन दिया जा रहा है, आखिर हम ऐसे कब तक इंतजार करेंगे। योग्य अभ्यर्थियों को बार-बार आश्वासन देकर टालना क्या न्यायसंगत है? मजबूरन हम चयनित अभ्यर्थी सड़क पर इसलिए आए हैं, क्योंकि हमने मेहनत से दो-दो परीक्षाएं पास की हैं।

---

### कंपोजिट शराब दुकानों के लिए ई-टेंडर आमंत्रित

## तीन चरणों में प्रदान किए जाएंगे 3,500 शराब दुकानों के ठेके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में नई आबकारी व्यवस्था के तहत इस बार करीब साढ़े तीन हजार शराब दुकानों के ठेके तीन चरणों में दिए जाएंगे। आबकारी विभाग ने सभी जिलों की कंपोजिट शराब दुकानों के लिए ई-टेंडर आमंत्रित कर दिए हैं और पहले चरण की प्रक्रिया कल से शुरू हो रही है। इस बार सरकार ने रिजर्व प्राइस को पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 20 प्रतिशत तक बढ़ाया है। अधिकारियों के अनुसार दुकानों का आवंटन 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक की अवधि के लिए किया जाएगा। जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला निष्पादन समिति पूरी ई-टेंडर प्रक्रिया की निगरानी करेगी। नई व्यवस्था के तहत वाइन शॉप और एयरपोर्ट काउंटर को छोड़कर बाकी सभी दुकानें कंपोजिट होंगी। यानी एक ही दुकान से देशी और विदेशी दोनों प्रकार की शराब की बिक्री होगी। साथ ही किसी भी दुकान पर बैठकर शराब पीने की अनुमति नहीं रहेगी। सरकार का तर्क है कि इससे व्यवस्था अधिक पारदर्शी और नियंत्रित बनेगी। पहले चरण में 27 फरवरी से 1 मार्च तक ऑनलाइन टेंडर डाउनलोड और ऑफर सबमिट किए जा सकेंगे। 2 मार्च को दोपहर 2 बजे ई-टेंडर खोले जाएंगे।

## पॉजीटिविटी का किया जा सकता है अनुभवः सत्येंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कई लोग शिकायत करते हैं कि कड़ी मेहनत के बावजूद पैसे टिक नहीं पाते और आर्थिक परेशानियां लगातार बनी रहती हैं। इस विषय पर बात करते हुए वास्तुविद सत्येंद्र सिंह ने बताया कि घर की उत्तर दिशा में असंतुलन इसकी एक बड़ी वजह हो सकती है। उत्तर दिशा को धन और अवसरों की दिशा माना जाता है। वास्तुविद सत्येंद्र सिंह का कहना है कि यदि इस दिशा की ऊर्जा साफ, खुली और संतुलित रहे तो घर में धन का प्रवाह बेहतर बना रहता है। लेकिन यदि इस स्थान पर धूल-मिट्टी, कचरा, अनुपयोगी सामान या गहरे रंगों का अत्यधिक उपयोग हो, तो यह ऊर्जा के प्रवाह को बाधित कर सकता है।

उन्होंने बताया कि उत्तर दिशा में भारी फर्नीचर या बंद अलमारी रखने से आर्थिक अवसरों में रुकावट आ सकती है और वित्तीय समस्याएं बढ़ सकती हैं। उपाय बताते हुए वास्तुविद सत्येंद्र सिंह ने कहा कि उत्तर दिशा की दीवार पर हरे पौधे रखना या साफ दर्पण लगाना सकारात्मक ऊर्जा को सक्रिय करने में सहायक होता है। साथ ही, सुबह की प्राकृतिक रोशनी इस दिशा से घर में आने देना समृद्धि के लिए लाभकारी माना जाता है। वास्तुविद सत्येंद्र सिंह का कहना है कि यदि उत्तर दिशा को व्यवस्थित और स्वच्छ रखा जाए तो घर में सकारात्मकता और आर्थिक स्थिरता का अनुभव किया जा सकता है।

**विरोध प्रदर्शन कर क्षेत्रीय बंधन हटाने की मांग तेज**

## रजक समाज तीन जिलों में एससी, बाकी 52 में ओबीसी दर्जा, पूरे प्रदेश में एससी दर्जा देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संयुक्त मोर्चा रजक समाज के नेतृत्व में गुरुवार को राजधानी में आयोजित आंदोलन में बड़ी संख्या में समाज के लोग जुटे। सभा स्थल पर धरना-प्रदर्शन के दौरान पदाधिकारियों ने साफ कहा कि जब तक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं आकर समाज की बात नहीं सुनेंगे, तब तक आंदोलन समाप्त नहीं किया जाएगा।

प्रशासन ने एहतियातन बैरिकेडिंग कर दी है। दोपहर बाद सीएम हाउस कूच की भी चेतावनी दी गई है। संयुक्त मोर्चा के वरिष्ठ संयोजक कैलाश नाहर ने कहा कि मध्यप्रदेश में रजक समाज को केवल तीन जिलों भोपाल, सीहोर और रायसेन में अनुसूचित जाति का दर्जा मिला है, जबकि बाकी 52 जिलों में यही समाज ओबीसी में रखा गया है। हम लगातार राज्य शासन से मांग कर रहे हैं कि जिस तरह तीन जिलों में एससी का दर्जा है, उसी तरह पूरे प्रदेश में लागू किया जाए। एक ही समाज के साथ अलग-अलग जिलों में अलग आरक्षण व्यवस्था सामाजिक अन्याय है।



रजक समाज का प्रदर्शन।

#### क्षेत्रीय बंधन हटे, 70-75 साल का संघर्ष

समाज की मुख्य मांग क्षेत्रीय बंधन हटाने की है। समाज के लोगों का कहना है कि देश आजाद है, लेकिन रजक समाज आज भी बंधनों में जकड़ा हुआ महसूस करता है। हमारी श्रेणी अनुसूचित जाति में आती है, लेकिन सरकार ने क्षेत्रीय बंधन लगा रखा है। इसी बंधन को हटाना हमारी सबसे बड़ी मांग है।

---

### फिजियोथैरेपी सेंटरों के पंजीयन की होगी जांच

**भोपाल।** निजी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे सभी मेडिकल प्रैक्टिशनर्स के लिए नर्सिंग होम तथा क्लीनिक एस्टेब्लिशमेंट एक्ट में पंजीयन जरूरी किया गया है। जबकि मध्यप्रदेश उपचयार्गृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 2021 के प्रावधान अनुसार फिजियोथैरेपी क्लीनिक का पंजीयन अनिवार्य किया गया है। सीएमएचओ डॉ मनीष शर्मा ने बताया कि नर्सिंग होम एवं क्लिनिक एस्टेब्लिशमेंट अधिनियम में मेडिकल लेबोरेटरी, फिजियोथेरेपी केंद्र, क्लीनिक या इसके सदृष्य अन्य नामों से जाने वाली स्थापनाएं पंजीकृत की जानी अनिवार्य हैं। एक्ट की धारा 3 के अनुसार कोई भी व्यक्ति पंजीयन के बिना सेवाएं संचालित नहीं कर सकता है।

**पीआईबी का मीडिया टूरः ओड़िसा के धार्मिक व पर्यटन स्थलों का भ्रमण**

### कोणार्क सूर्य मंदिर की जटिल नक्काशी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र

## श्री जगन्नाथ मंदिर भक्ति और भव्यता की अनोखी मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत के प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक ओडिशा का पुरी जगन्नाथ धाम मंदिर भक्ति और भव्यता की एक अनोखी मिसाल है। आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक 12वीं शताब्दी के इस मंदिर से जुड़ी बहुत सी रहस्यमयी और अद्भुत बातें हैं जो हर किसी को हैरान कर देती हैं। मंदिर के चारों द्वारों को लेकर भी कुछ अनोखी मान्यताएं हैं।

कहा जाता है कि जगन्नाथ पुरी मंदिर के चारों द्वार सतयुग, त्रेतायुग, द्वापर और कलियुग को दर्शाते हैं। वहीं, जगन्नाथपुरी से करीब 35 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कोणार्क सूर्य मंदिर की जटिल शिल्पकला, नक्काशी इतिहास और वास्तु कला पर्यटकों को अपनी ओर स्वतः ही आकर्षित करते हैं। दोनों ही मंदिरों की अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बन चुकी है और हर साल भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों से आने वाले भक्तों की संख्या बढ़ती जा रहीं है। यह स्थान लोगों की पसंद बनता जा रहा है। सरकार भी यहां पर्यटकों की बढ़ती संख्या और उनकी सुविधा को देखते हुए लगातार विकास के कार्य कर रही है।

#### सांस्कृतिक विरासत से रूबरू

प्रेस इंफोर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) का 6 दिवसीय प्रेस टूर के अंतर्गत भोपाल के पत्रकारों का एक दल ओडिशा के भ्रमण पर निकला। इन मीडिया प्रतिनिधियों ने ओडिशा के पुरी स्थित श्री जगन्नाथ मन्दिर, कोणार्क के सूर्य मंदिर सहित आसपास के क्षेत्रों का भ्रमण किया और यहां की ऐतिहासिक व यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों का भ्रमण किया। इन स्थलों के अवलोकन से मीडिया दल को ओडिशा की आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और कलात्मक परंपराओं को निकट से समझने का अवसर मिला। इस विशेष भ्रमण का उद्देश्य संस्थागत संवाद को सुदृढ़ करना, विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करना, व्यावसायिक अनुभव का विस्तार करना तथा ओडिशा के विकास, संस्कृति और विरासत की गहन जानकारी प्राप्त करना है।



कोणार्क मंदिर।

#### विश्व कौशल केंद्र एक आदर्श मॉडल के रूप में उभर रहा

भोपाल का दल विश्व कौशल केंद्र पहुंचा। राजधानी भुवनेश्वर में स्थापित यह केंद्र आज देश में तकनीकी प्रशिक्षण के एक आदर्श मॉडल के रूप में उभर रहा है। यहां विभिन्न प्रशिक्षण कक्षों में युवाओं को अत्याधुनिक उपकरणों पर कार्य सिखाया जा रहा है। विद्यार्थियों ने बताया कि यहां प्राप्त प्रशिक्षण ने उनके आत्मविश्वास को नई दिशा दी है और उन्हें राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के अवसरों के लिए सक्षम बनाया है।

#### चिल्का झील में नौका विहार

यहां विश्व विख्यात खारे पानी की चिल्का झील में नौका बिहार किया। स्थानीय लोगों ने झील के बारे में बताया कि झील का संरक्षण और रखरखाव भारत सरकार के वन, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण मंत्रालय एवं ओडिशा सरकार संयुक्त रूप से करती है।

#### सीटीटीसी भुवनेश्वर आत्मनिर्भर भारत दिशा में बेहतर कार्य कर रहा

औद्योगिक प्रशिक्षण और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान सीटीटीसी भुवनेश्वर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार कर रहा है। संस्थान द्वारा आयोजित उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कैंपस प्लेसमेंट और उद्योग सहयोग पहलों को व्यापक सराहना मिल रही है। सीटीटीसी के सीनियर मैनेजर (ट्रेनिंग) डॉ. केएम राजन ने चर्चा में बताया कि संस्थान द्वारा विशेष प्रशिक्षण कोर्स कराए जाते हैं।

## अब अलग से जारी होंगे निर्देश, 70 हजार अतिथि शिक्षकों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- स्कूल शिक्षा विभाग ने वापस लिया आदेश

प्रदेश में अतिथि शिक्षकों की 7 दिन तक लगातार अनुपस्थिति के बाद उनकी सेवाएं एजुकेशन पोर्टल 3.0 से हटाने संबंधी आदेश के विरोध के बाद इस आदेश का वापस ले लिया गया है। लोक शिक्षण संचालनालय ने गुरुवार को जारी आदेश में 20 फरवरी को जारी आदेश को निरस्त कर दिया है। अब इसके लिए अलग से निर्देश जारी करने की बात कही गई है। इसके बाद स्कूल शिक्षा विभाग के 70 हजार अतिथि शिक्षकों को राहत मिली है। आयुक्त लोक शिक्षण कार्यालय के संचालक केके द्विवेदी ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, हायर सेकेंडरी और हाई स्कूल के संकुल प्राचार्यों तथा शाला प्रभारियों को दिए निर्देश में कहा है कि 20 फरवरी को लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा अतिथि शिक्षकों की लंबी अनुपस्थिति के संबंध में जारी आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।

## सूचना एवं प्रसारण मंत्री वैष्णव ने खतरों के प्रति आगाह किया

# डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को ऑनलाइन कंटेंट और बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी होगी एआई की सामग्री का उपयोग बिना सहमति न करें, विश्वास को भी मजबूत करना होगा

वैष्णव ने डीपफेक के खतरों और इंटरनेट पर बढ़ते दुष्प्रचार अभियानों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि समाज के मूलभूत सिद्धांत खतरे में हैं। डीपफेक के शिकार लोगों के एक बड़े वर्ग की ऑनलाइन सुरक्षा जरूरी है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को इस बात पर जोर दिया कि डिजिटल मंचों को अपने कंटेंट की जिम्मेदारी लेनी चाहिए और बच्चों और नागरिकों की ऑनलाइन सुरक्षा सुनिश्चित करना उनका कर्तव्य है। वैष्णव ने डीपफेक से उत्पन्न खतरों और इंटरनेट पर बढ़ते दुष्प्रचार अभियानों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि समाज के मूलभूत सिद्धांत खतरे में हैं और डीपफेक तथा दुष्प्रचार के शिकार लोगों के एक बड़े वर्ग की ऑनलाइन सुरक्षा और संरक्षण की वकालत की।

### डीएनपीए के सम्मेलन को संबोधित किया

वैष्णव ने दिल्ली में डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स एसोसिएशन (डीएनपीए) के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मंचों को जागने और उन संस्थानों में विश्वास को मजबूत करने के महत्व को समझने की जरूरत है, जिन्हें मानव समाज ने हजारों सालों में बनाया है।


डीएनपीए के सम्मेलन को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव

### एआई की सामग्री के उपयोग को रेगुलेट करने की जरूरत बताई

वैष्णव ने एआई से बनी सामग्री के उपयोग को रेगुलेट करने की जरूरत पर भी जोर दिया और कहा कि ऐसी सामग्री का निर्माण उस व्यक्ति की सहमति के बिना नहीं किया जाना चाहिए जिसका चेहरा, आवाज या व्यक्तित्व इस्तेमाल किया जा रहा है। अब समय आ गया है कि हम यह बड़ा बदलाव लाएं। मैं आग्रह करता हूं कि वे मानव समाज की मूलभूत आवश्यकताओं में सहयोग करें। बदलाव जरूरी हो गया है।

### सूचनाओं के सत्यापन पर दिया जोर

वैष्णव ने कहा कि पूरी दुनिया के मीडिया जगत के लिए यह महत्वपूर्ण दौर है। यह सही निर्णय लेने का समय है। यह जरूरी है कि आम सहमति बने, अच्छे विकल्प सामने आएं और अच्छी सिफारिशें मिलें ताकि भविष्य की नीतियों को आकार दिया जा सके। समाचार माध्यमों की भूमिका पर वैष्णव ने कहा कि पूरा मानव समाज भरोसे की संस्थाओं पर टिका है।

रेलवे में टेक्नोलॉजी क्रांति आएगी

## 'रेल टेक पोर्टल' लॉन्च, 52 हफ्तों में 52 बड़े सुधारों की योजना बताई

वैष्णव ने रेल में नए सुधारों की घोषणा की। वैष्णव ने 'रेल टेक पोर्टल' लॉन्च किया। इस रेलवे इनोवेटर्स, स्टार्टअप्स, उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के साथ इनोवेशन को बढ़ावा देगा। डिटेल्ड प्रपोज़ल सबमिनशन के लिए नए 'रेल टेक पोर्टल' के जरिए चयन प्रक्रिया को भी सरल बनाया जाएगा। वैष्णव ने अधिकारियों के साथ बैठक की थी जिसमें 2026 के दौरान 52 हफ्तों में 52 प्रमुख सुधार लागू करने का रोडमैप पेश किया गया।

### मौजूदा चुनौतियों को दूर करें

वैष्णव ने कहा कि पूरा जोर टेक्नोलॉजी को आज़माने पर होगा ताकि भारतीय रेलवे के सामने मौजूद मौजूदा चुनौतियों को दूर किया जा सके। स्टार्टअप्स को जुड़ने का मौका मिले।

## खबर संक्षेप

### 5 महिलाओं को पिकअप ने रौंदा, 3 की मौत



**महोबा।** जिले में कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एक पैलेस में बुधवार देर रात आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में खाना बनाकर लौट रहीं 5महिलाओं को पीछे से आ रही पिकअप ने कुचल दिया। 3 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 2 गंभीर रूप से घायल हो गईं। सभी घायलों को जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर किया गया।

### जेएनयू में छात्रों का प्रदर्शन, वीसी इस्तीफा दें



**नई दिल्ली।** दिल्ली में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के छात्रों ने वीसी शांतिश्री डी पंडित के खिलाफ प्रदर्शन किया और उनके इस्तीफे की मांग की है। कैंपस के आसपास कड़ी सुरक्षा कर दी गई है। दिल्ली पुलिस ने कुलपति शांतिश्री पंडित के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान जवाहरलाल नेहरू विश्व विद्यालय के छात्रों को हिरासत में लिया गया है।

### सजा सुनकर दोषियों ने दी न्यायाधीश को धमकी




**बिजनौर।** कार से कुचल कर हत्या के मामले में अदालत ने दो अभियुक्तों को उम्रकैद की सजा सुनाई। सजा सुनते ही दोषी बौखला गए और शोर मचाकर न्यायाधीश को जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस ने न्यायाधीश की सुरक्षा बढ़ा दी और उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच आवास तक पहुंचाया।चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश निजेंद्र कुमार ने फैसला दिया था।

### 8 घंटे काम पर अड़े मजदूरों ने किया पथराव



**पानीपत।** पानीपत रिफाइनरी में श्रमिकों की तरफ से पुलिस पर पथराव किया गया जिसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। श्रमिक 12 घंटे की बजाए 8 घंटे काम की मांग को लेकर हड़ताल कर रहे हैं। कुछ दिन पहले भी श्रमिकों और सीआईएसएफ जवानों के बीच झड़प हुई। बताया गया कि पुलिस ने लाठीचार्ज किया और हवाई फायरिंग भी हुई।

### कंपनी में कर्मचारियों ने तोड़फोड़ की, आग लगाई



**हजीरा।** गुजरात के हजीरा में आर्सेनल मित्तल एंड निपोन स्टील कंपनी में गुरुवार को इसलिए हंगामा और तोड़फोड़ हुई क्योंकि हरियाणा के पानीपत में एक कामगार की मौत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। वीडियो देखते ही सूरत की कंपनी के कामगार भड़क गए। कर्मचारियों ने गुस्से में कंपनी में भारी तोड़फोड़ की और आग लगा दी।

## सीमांचल से गृहमंत्री शाह ने किया घुसैपठ मुक्त भारत का शंखनाद

# वोट बैंक नहीं, नेशनल सिक्योरिटी के लिए एक-एक घुसपैठियों को बाहर किया जाएगा

सीमांचल की राजनीति को एक नए अंदाज में साधने के लिए गृह मंत्री शाह ने बिगुल फूंक दिया। सीमांचल पूरी भाजपा के लिए केवल चुनावी मुद्दा नहीं बल्कि पूरे देश की सुरक्षा मिशन का केंद्र बिंदु बन गया है।

## यहां की राजनीति को नए अंदाज में साधने के लिए अभियान शुरू किया

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में सीमांचल की राजनीति को एक नए अंदाज में साधने के लिए गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को बिगुल फूंक दिया। सीमांचल पूरी भाजपा के लिए केवल चुनावी मुद्दा नहीं बल्कि पूरे देश की सुरक्षा मिशन का केंद्र बिंदु बन गया है। भाजपा की राजनीति की इस सोच में सीमांचल की बदलती डेमोग्राफी और अवैध तरीके से घुसपैठ के विरुद्ध मुक्ति का अभियान है। इसे आज के परिप्रेक्ष्य में गृह मंत्री शाह के उदबोधन से भी समझा जा सकता है। शाह ने सीमा सुरक्षा बल को संबोधित करते कहा है कि हम पूरे सीमांचल को घुसपैठियों से मुक्त करेंगे। यह घुसपैठिए की ओर से हमारे देश के गरीबों के अनाज की हकमारी ही नहीं बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरी भी है। जब तक इनको देश से बाहर नहीं किया जाएगा तब तक ये देश की सुरक्षा को भेदते रहेंगे। इतना भर ही नहीं बल्कि एक्शन प्लान के प्रथम स्टेज में सीमा से 10 किमी अंदर जितने भी अवैध अतिक्रमण हैं उसे हटाने के निर्देश भी दिया है।

**यह देशभर की सुरक्षा मिशन का केंद्र बिंदु बना**

सीमा से 10 किमी अंदर तक अतिक्रमण हटेंगे

### सरकार डेमोग्राफी परिवर्तन को लेकर संकल्पित


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

शाह ने दूसरा संकल्प लेते कहा कि यह सरकार डेमोग्राफी परिवर्तन को लेकर भी संकल्पित है। इस संदर्भ में एक उच्च स्तरीय समिति सिर्फ सीमांचल ही नहीं बल्कि पूरे देश की बदली डेमोग्राफी का गहराई से अध्ययन कर रिपोर्ट करेगी। इसके बाद घुसपैठिए को देश से बाहर निकालने की कवायद को अंजाम दिया जाएगा।

### अतिक्रमण विरोधी अभियान चलेगा

गृह मंत्री ने कहा कि सीमा से 10 किलोमीटर के दायरे में मौजूद अवैध अतिक्रमणों को हटाने का अभियान चलाया जाएगा और घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि जनसांख्यिकीय परिवर्तन से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार हैं।

### प्लान राजद की जड़ में मट्ठा डालने के समान

सीमांचल पर शाह का फोकस सिर्फ इसलिए नहीं है कि वे चुनावी जीत का इसे आधार बनाना चाहते हैं। बल्कि वे सीमांचल में राजद की राजनीति का सफाया करना चाहते हैं। शाह का यह प्लान राजद की जड़ में मट्ठा डालने के समान है। शाह इसके जरिए सीमांचल में 24 विधानसभा सीटों पर स्थाई जीत की नींव रखना चाहते हैं। दरअसल शाह पीएम मोदी के उस की गारंटी को पूरा करना चाहते हैं जिसे उन्होंने बिहार की भूमि पर ली थी। वह संकल्प था घुसपैठिया को बाहर जाना ही होगा ।

### मोगा में 14 को करेंगे रैली, 'अकाली' के साथ गठबंधन भी संभव

**नई दिल्ली।** शाह की प्रस्तावित रैली 14 मार्च को मोगा में होगी। गृह मंत्रालय ने पंजाब भाजपा को इसकी जानकारी दे दी है। पहले यह रैली 22 फरवरी को प्रस्तावित थी। सभी राजनीतिक दलों की नजर शाह की रैली पर टिकी हुई हैं। मुख्य कारण शिरोमणि अकाली दल के साथ गठबंधन की संभावना है।

### घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई के प्रति दृढ़ संकल्पित

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि देश को घुसपैठियों से मुक्त कराना कोई चुनावी वादा नहीं, बल्कि केंद्र की मोदी सरकार का दृढ़ संकल्प है। उन्होंने कहा कि एक-एक घुसपैठिए की पहचान कर उन्हें भारत की भूमि से बाहर किया जाएगा। घुसपैठिए चुनाव को प्रभावित नहीं करते, गरीबों के राशन, युवाओं के रोजगार औरसुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं।

### अररिया में विभिन्न कार्यक्रमों का लोकार्पण व शिलान्यास

शाह ने अररिया में बॉर्डर आउट पोस्ट 'लेटी' और 'इंदरवा' के उद्घाटन तथा सशस्त्र सीमा बल के विभिन्न कार्यों के ई-लोकार्पण और ई-शिलान्यास को संबोधित किया। भारत-नेपाल सीमा सड़क योजना के तहत 556 किलोमीटर लंबी बॉर्डर रोड को स्वीकृति दी गई है, जिसमें 18 में से 14 खंडों का कार्य पूरा हो चुका है।

### सीमा सुरक्षा और निगरानी पर जोर

शाह ने कहा कि सड़क परियोजना पूरी होने से सीमा पर निगरानी क्षमता बढ़ेगी और सुविधाएं भी बेहतर होंगी। विकास योजनाओं को अंतिम सीमा तक पहुंचाने में भी इससे मदद मिलेगी। शाह ने बल की सराहना करते हुए कहा कि मित्र देश के साथ लगी सीमा की सुरक्षा के साथ-साथ संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखना आवश्यक है। बल के जवानों और अधिकारियों से सीमांत गांवों के साथ बेहतर संवाद और संपर्क बनाए रखने पर जोर दिया।

## राहुल का ट्रेड डील पर सरकार पर हमला

# किसानों की सुरक्षा और सम्मान से ही भारत सफल-सुदृढ़ होगा

कन्नूर में किसान सम्मेलन को राहुल ने किया संबोधित



एजेंसी ▶▶ कन्नूर

केरल दौरे पर पहुंचे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर केंद्र सरकार को जमकर घेरा। कन्नूर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि भारत तभी सफल हो सकता है जब हमारे किसानों का सम्मान और सुरक्षा हो। राहुल ने आरोप लगाया कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने एपस्टीन फाइलों का इस्तेमाल प्रधानमंत्री को धमकाने के लिए किया ताकि वे एक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करें जिससे भारतीय किसानों की 'बलि' चढ़ जाएगी। राहुल कन्नूर जिले के पेरावूर में किसानों के एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

### भारत में मशीनीकरण का स्तर कम

उन्होंने कहा कि भारतीय किसान छोटे किसान हैं और उनमें मशीनीकरण का स्तर कम है। अमेरिकी किसानों के पास विशाल खेत हैं और उनमें मशीनीकरण का स्तर उच्च है। अमेरिकी कंपनियों को भारतीय बाजारों तक पहुंच प्रदान करना एक आपराधिक कृत्य है। पहले के किसी भी प्रधानमंत्री ने अमेरिकी किसानों को भारत में सोयाबीन, सब्जियां और फल जैसे उत्पाद बेचने की अनुमति नहीं दी। उन्होंने कहा कि ससे भारतीय कृषि की नींव नष्ट हो जाएगी। हरित क्रांति और श्वेत क्रांति किसानों के लिए ही हुई थी। राहुल ने कहा कि कृषि संबंधी मतभेदों के कारण भारत-अमेरिका समझौता चार महीने से रुका हुआ था। सरकार अमेरिकी कंपनियों के लिए कृषि क्षेत्र खोलना नहीं चाहती थी। कुछ भी प्रगति नहीं हो रही थी और अमेरिकी राष्ट्रपति प्रधानमंत्री को धमकी दे रहे थे। उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रपति के संबोधन के बाद उन्हें संसद में बोलने की अनुमति नहीं दी गई।

### वायनाड लैंडस्लाइड पीड़ितों से मिले

### कहा- आप मेरा परिवार, घरों का शिलान्यास किया

राहुल गांधी ने मुंडक्कई-चूरलमाला लैंडस्लाइड पीड़ितों के लिए कांग्रेस द्वारा बनाए गए घरों का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह कोई एक दिन की घटना नहीं है। क्योंकि आप हमारा परिवार हैं और हम आपके साथ एक बार नहीं, दो बार नहीं, बल्कि जब भी आपको हमारी ज़रूरत होगी, हम आपके साथ खड़े रहेंगे। परमिशन को लेकर मुश्किलें थीं, ज़मीन को लेकर मुश्किलें थीं, और भी मुश्किलें थीं। लेकिन, अब मुझे उम्मीद है कि यह प्रोजेक्ट जल्द से जल्द पूरा हो जाएगा। मेरे लिए, वायनाड वापस आना हमेशा खुशी की बात होती है।

## चुंगथांग-लाचेन एक्सिस और ताराम चू ब्रिज का उद्घाटन

2 अन्य पुलों की मरम्मत

# सेठ ने सीमा सुरक्षा संगठन के कमाल को 'राहतभरी' महान उपलब्धि बताया

एजेंसी ▶▶ गंगटोक

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने उत्तरी सिक्किम में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा पुनर्निर्मित चुंगथांग-लाचेन मार्ग और 400 फीट लंबे बेली सस्पेंशन ताराम चू पुल का उद्घाटन किया। यह मई-जून 2025 में विनाशकारी बादल विस्फोट, जून 2024 में चक्रवात रेमल और अक्टूबर 2023 में हिमनदी झील विस्फोट बाढ़ के बाद संगठन द्वारा किए जा रहे आपदा राहत प्रयासों में अहम उपलब्धि है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सीमा सुरक्षा संगठन ने संचार व्यवस्था को बहाल करने के लिए स्वास्तिक परियोजना के तहत 96 भूस्खलनों को साफ किया, 4 प्रमुख पुलों का निर्माण किया और 2 अन्य पुलों की मरम्मत की। सीमा सुरक्षा संगठन की इंजीनियरिंग टीम ने 8 किलोमीटर की नई भू-सफाई पूरी की और विभिन्न वैकल्पिक मार्ग बनाए।



### क्षेत्र में संपर्क और मजबूत होगा

ये प्रयास अक्टूबर 2025 में 7.5 किलोमीटर लंबे नागा-टूंग मार्ग के खुलने के बाद किए गए हैं, इससे संपर्क और मजबूत हुआ है। 28 किमी लंबी चुंगथांग-लाचेन सड़क और ताराम चू पुल के पूरा होने से स्थानीय निवासियों, सुरक्षा एजेंसियों की जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

बसपा विधायक, करीबियों पर छापा



### आयकर विभाग की छापेमारी में अब तक 10 करोड़ कैश मिला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के एकमात्र बसपा विधायक उमाशंकर सिंह और उनके करीबियों के घर पर आयकर विभाग की छापेमारी हुई। यह गुरुवार को भी जारी रही। खबर है कि उमाशंकर सिंह और उनके करीबियों के घर से 10 करोड़ कैश बरामद हुए हैं। वहीं कई स्थानों पर अभी भी कार्रवाई जारी है। लखनऊ के विपुलखंड स्थित सिंह के आवास पर छापेमारी खत्म हो चुकी है। आयकर विभाग ने लखनऊ, बलिया, सोनभद्र, कौशांबी, मिर्जापुर और प्रयागराज में 30 से अधिक ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी।

## हैदराबाद में साड़ी के शो-रूम में आग



**हैदराबाद।** यहां के जुबली हिल्स स्थित रोड नंबर 36 पर गुरुवार सुबह एक साड़ी शोरूम मंगला गौरी में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। इमारत से आसमान में घना धुआं उठता देखा गया, जिससे स्थानीय निवासियों और दुकानदारों में दहशत फैल गई। फायर विभाग के अनुसार सुबह 11:29 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद तुरंत 4 दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

## पुलिस थानों में सीसीटीवी नहीं लगने पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती

# 14 मार्च को बैठक में केंद्र सरकार अवश्य शामिल हो

## शीर्ष अदालत ने केंद्र और अन्य पक्षों को दिया निर्देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरों की कमी को लेकर केंद्र और अन्य पक्षों को निर्देश दिया है वे एक केंद्रीयकृत डैशबोर्ड और सीसीटीवी मानकीकरण से जुड़ी बैठक में अनिवार्य रूप से भाग लें। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे की दलीलों के बाद यह आदेश दिया। नपीठ ने यह आदेश न्यायालय का मित्र वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे की दलील पर दिया। दवे ने बताया कि 21 फरवरी को केंद्र दिल्ली सरकार और कुछ राज्य शामिल नहीं हुए, जिससे रिपोर्ट दाखिल नहीं हो सकी।

**कोर्ट ने मामले में स्वतः संज्ञान लिया**



### सभी को सहयोग करना होगा

पीठ ने कहा कि अतिरिक्त मित्र ने बैठक के लिए 14 मार्च की तारीख सुझाई है। कोर्ट ने कहा कि अगली बैठक 14 मार्च को होगी और सभी पक्षों को सहयोग करना होगा। मामले की अगली सुनवाई 23 मार्च को तय की गई है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में पुलिस थानों में मानवाधिकार उल्लंघन रोकने के लिए सीसीटीवी लगाने का आदेश दिया था।

### 2018 में कैमरे लगाने का दिया था आदेश

कोर्ट ने कार्यात्मक सीसीटीवी कैमरों की कमी को लेकर स्वतः संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका दर्ज करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने 2018 में मानवाधिकारों के हनन की जांच के लिए स्टेशनों में कैमरे लगाने का आदेश दिया था।

### नाइट विजन की सुविधा और ऑडियो फुटेज की बताई थी जरूरत

दिसंबर 2020 में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को सीबीआई, ईडी और राष्ट्रीय जांच एजेंसी सहित जांच एजेंसियों के कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे और रिकॉर्डिंग उपकरण लगाने का निर्देश दिया था। इसमें कहा गया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक पुलिस स्टेशन में, सभी प्रवेश और निकास बिंदुओं पर, मुख्य द्वार पर, लॉक-अप में, गलियारों में, लॉबी और रिसेप्शन में, साथ ही लॉक-अप कमरों के बाहर के क्षेत्रों में भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं ताकि कोई भी हिस्सा बिना सुरक्षा के न रह जाए।

## मंदिर का भूमिपूजन कर बोलीं राष्ट्रपति

# पूरी मानवता पर बिना भेदभाव बरसती है श्रीजगन्नाथ की कृपा

एजेंसी ▶▶ जमशेदपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को जमशेदपुर के कदमा (मरीन ड्राइव) में प्रस्तावित श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र के मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि भगवान जगन्नाथ की कृपा पूरी मानवता पर बिना किसी भेदभाव के समान रूप से बरसती है। राष्ट्रपति ने संबोधन की शुरुआत 'जय जगन्नाथ' के उद्घोष से की और कहा कि महाप्रभु का दरबार भेदभाव से परे है। यहां जाति, वर्ग या ऊंच-नीच का कोई स्थान नहीं। उन्होंने



लोक प्रचलित उक्ति 'जगन्नाथ के भात, जगत पसारे हाथ' का उल्लेख करते हुए कहा कि यह परंपरा साझा जीवन-मूल्यों और सामूहिकता की प्रतीक है, जहां सभी एक साथ महाप्रसाद ग्रहण कर समरसता का अनुभव करते हैं। मंदिर निर्माण के भूमिपूजन के समय को उन्होंने ईश्वरीय संयोग बताया।

यूएन में बोले जयशंकर

# मानवाधिकार पर राजनीति नहीं, समग्र दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मानवाधिकारों को लेकर 'राजनीतिक बयानबाजी' से ऊपर उठकर विकास, क्षमता निर्माण और आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की जरूरत पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि मानवाधिकारों का उद्देश्य सबसे कमजोर वर्ग के लोगों के दैनिक जीवन में ठोस सुधार लाना होना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 61वें सत्र में अपने वर्चुअल संदेश में उन्होंने बुधवार को कहा कि संघर्ष, ध्रुवीकरण और अनिश्चितता से ग्रस्त दुनिया में भारत साझा आधार खोजने और उसका विस्तार करने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि भारत ने हमने लगातार टकराव की जगह संवाद, विभाजन की जगह सहमति और संकीर्ण हितों की जगह मानव-केंद्रित विकास पर जोर दिया है। भारत हाल ही में सातवीं बार मानवाधिकार परिषद का सदस्य चुना गया है और उसे संयुक्त महासभा में 188 में से 177 मत मिले।

- कमजोर वर्ग के लोगों के जीवन में ठोस सुधार लाना जरूरी
- आतंकवाद मानवाधिकारों के जघन्य उल्लंघनों में से एक

*जयशंकर ने कहा कि भारत ने लगातार टकराव की जगह संवाद, विभाजन की जगह सहमति और संकीर्ण हितों की जगह मानव-केंद्रित विकास पर जोर दिया है*

### दोहरे मानदंड अपनाने से बचें


विदेश मंत्री जयशंकर

जयशंकर ने कहा कि यह वैश्विक समुदाय, खासकर वैश्विक दक्षिण के देशों के भरोसे को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भारत मानवाधिकारों को बढ़ावा देने के लिए राजनीति, दोहरे मानदंड और चयनात्मक रवैये के बजाय संवाद, साझेदारी और क्षमता निर्माण पर विश्वास करता है। उन्होंने कहा कि महामारी, जलवायु परिवर्तन, भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक दबावों ने असमानताओं को और बढ़ाया है, जिससे विकास को मानवाधिकारों के मूल आधार के रूप में देखना जरूरी हो गया है।

### आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता होनी चाहिए

एस. जयशंकर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार परिषद को मानवाधिकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पूरी तरह से साकार करने के लिए उन्हें आतंकवादी कृत्यों के लिए शून्य सहिष्णुता की वकालत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आतंकवाद मानवाधिकारों के सबसे जघन्य उल्लंघनों में से एक है, और इसका कोई औचित्य नहीं हो सकता, खासकर जब निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जाता है।

### मानवाधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के नाते भारत सभी लोगों के लिए समानता और सम्मान के आधार पर मानवाधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर का उदाहरण देते हुए कहा कि इससे करोड़ों लोगों को पारदर्शी तरीके से कल्याण योजनाओं, वित्तीय सेवाओं और सरकारी सुविधाओं तक पहुंच मिली है और भारत अपने अनुभव को वैश्विक हित में साझा कर रहा है।

### यूएन में भारत की पाक को लताड़

#### जम्मू कश्मीर का बजट आईएमएफ की भीख से अधिक

भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की आलोचना करते हुए कहा कि पड़ोसी देश 'खयाली दुनिया' में जी रहा है और उसे यह अविश्वसनीय लगता है कि जम्मू कश्मीर का विकास बजट, उस राहत पैकेज की राशि के दोगुने से भी अधिक है जो इस्लामाबाद ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से मांगा था। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 61वें नियमित सत्र के उच्च स्तरीय खंड में पाकिस्तान द्वारा जम्मू कश्मीर का मुद्दा उठाए जाने के बाद जवाब देने के अधिकार का बुधवार को इस्तेमाल किया।

## खबर संक्षेप

### दुबई से भारत लाया गया भगोड़ा अनिल रेड्डी




**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को इंटरपोल की मदद से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में छिपे वांछित भगोड़े अनिल कुमार रेड्डी को भारत लाने में सफलता मिली है। यह अपराधी आंध्र प्रदेश में कई गंभीर मामलों में आरोपी है। अनिल कुमार रेड्डी पर धोखाधड़ी, आपराधिक धमकी जैसे कई गंभीर आरोप हैं। आंध्र प्रदेश पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी। वह कानून से बचने के लिए यूएई में जाकर छिप गया था। सीबीआई ने 5 सितंबर 2022 को अनिल रेड्डी के खिलाफ इंटरपोल रेड नोटिस जारी करवाया था।

### गूगल के डेटा सेंटर में सबसे बड़ी बैटरी



**नई दिल्ली।** गूगल के नए डेटा सेंटर को सपोर्ट करने के लिए एक विशाल बैटरी सिस्टम लगाया जाएगा, जिसे दुनिया की सबसे बड़ी बैटरी बताया जा रहा है। यह 300 मेगावाट और 30 गीगावाट-घंटे क्षमता वाला स्टोरेज सिस्टम होगा, जिसे फॉर्म एनर्जी नाम की कंपनी विकसित कर रही है। इसे अमेरिका के मिनेसोटा राज्य के पाइन आइलैंड इलाके में तैनात किया जाएगा। इस परियोजना को स्थानीय यूटिलिटी कंपनी एक्सेल एनर्जी लागू करेगी। 1.4 गीगावाट विंड पावर और 200 मेगावाट सोलर ऊर्जा भी ग्रिड में जोड़ी जाएगी।

### जिनपिंग ने नौ सांसदों को वरिष्ठ पदों से हटाया



**बीजिंग।** चीन में मार्च की शुरुआत से वार्षिक 'टू सेशंस' बैठक शुरू होने जा रही है। इससे पहले राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व में चीन की संसद ने सेना से जुड़े नौ वरिष्ठ सांसदों को पद से हटा दिया है। चीन की नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की स्थायी समिति ने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी और पीपुल्स आर्म्ड पुलिस से जुड़े 9 सांसदों को डेप्युटी की सूची से हटा दिया। हटाए लोगों में 5 फुल जनरल, एक लेफ्टिनेंट जनरल और 3 मेजर जनरल शामिल हैं। संसद में सेना और सशस्त्र पुलिस संख्या अब घटकर 243 रह गई है।

## पीएम मोदी ने इजराइल की अग्रणी तकनीकों वाली प्रदर्शनी का दौरा किया

तकनीकी साझेदारी बढ़ाने के अवसर तलाशने का निमंत्रण दिया

# इजराइली कंपनियों को भारत में निवेश और विनिर्माण के लिए किया 'आमंत्रित'

*पीएम ने वैज्ञानिकों, टेक उद्यमियों, कई कंपनियों के सीईओ से की बात*

*'इंडिया-इजराइल इनोवेशन ब्रिज' के तहत दोनों देश मिलकर कर रहे काम*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने इजराइली कंपनियों को भारत में निवेश करने, निर्माण स्थापित करने और तकनीकी साझेदारी बढ़ाने के अवसर तलाशने का निमंत्रण दिया। पीएम नरेंद्र मोदी ने इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के साथ यहां विभिन्न क्षेत्रों में इजराइल की अग्रणी तकनीकों को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी का दौरा किया।

इस प्रदर्शनी में एग्री-टेक, वॉटर-टेक, क्लाइमेट-टेक, हेल्थ-बायोटेक, स्मार्ट मोबिलिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), साइबर सुरक्षा और क्वांटम तकनीक जैसे क्षेत्रों की नवीन खोजें शामिल थीं। नवोन्मेषकों से बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि प्रदर्शित अत्याधुनिक तकनीकों में भारत-इजराइल नवाचार, स्टार्टअप और व्यापार साझेदारी को नई ऊंचाई देने की अपार क्षमता है। खासकर कृषि, जल प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवा और डिजिटल सेवाओं जैसे क्षेत्रों में सहयोग की बड़ी संभावनाएं हैं। दोनों देश 'इंडिया-इजराइल इनोवेशन ब्रिज' पहल के तहत आधुनिक चुनौतियों का समाधान विकसित करने के लिए साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इस दौरे के दौरान पीएम ने वैज्ञानिकों, टेक उद्यमियों और कई कंपनियों के सीईओ से बातचीत की। उन्हें क्वांटम मशीन ने इजराइली क्वांटम कंप्यूटिंग सेंटर (आईक्यूसी) के बारे में जानकारी दी, जबकि क्लासीक कंपनी ने बताया कि वह क्वांटम सॉफ्टवेयर विकास को कैसे आसान बना रही है।


पीएम मोदी और इजराइल के पीएम नेतन्याहू साइबर सुरक्षा समाधान देखते हुए

### कंपनियों ने उत्पादों का प्रदर्शन किया

चेक प्वाइंट सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजीज ने उन्नत साइबर सुरक्षा समाधानों और भारत में अपने सहयोग पर प्रकाश डाला। एआईएसएपी नामक स्टार्टअप ने अपनी एआई आधारित पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड तकनीक का प्रदर्शन किया, जो तुरंत जांच और मार्गदर्शन प्रदान करती है। इजराइल के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के होराइजन स्कैनिंग डिवीजन ने 'टेक स्काउट' नामक एआई टूल पेश किया, जो रणनीतिक जोखिमों की पहचान और रुझानों के विश्लेषण में मदद करता है। टेक कंपनी मोबाइलआई ने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए अपने सेंसर और चिप तकनीक का प्रदर्शन किया।

### होलोकॉस्ट पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि



पीएम नरेंद्र मोदी ने विश्व होलोकॉस्ट स्मरण केंद्र याद वाशेम का दौरा किया। उन्होंने पीड़ितों की याद में वहां एक पत्थर भी रखा। होलोकॉस्ट द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाज़ी जर्मनी द्वारा किया गया नरसंहार था, जिसमें लगभग 60 लाख यहूदियों को मार डाला गया था। पीएम ने स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किया और होलोकॉस्ट के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। इस स्मारक की स्थापना 1953 में इजराइली संसद (नेसेट) के एक अधिनियम के तहत की गई थी और इसे होलोकॉस्ट के स्मरण, दस्तावेजीकरण, शोध और शिक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### 'हॉल ऑफ नेम्स' का दौरा



नेतन्याहू के साथ 'हॉल ऑफ नेम्स' का भी दौरा किया, जहां होलोकॉस्ट में मारे गए लाखों लोगों की स्मृति को संरक्षित रखने का प्रयास किया गया है। नेतन्याहू ने मोदी को अपनी पत्नी सारा के उन परिजनों के नाम दिखाए जो होलोकॉस्ट में मारे गए थे।

### पीएम मोदी ने राष्ट्रपति हर्जोग से मुलाकात की


पीएम मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत राष्ट्रपति उद्यान में एक पौधा भी लगाया

पीएम मोदी ने इजराइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने शिक्षा, स्टार्टअप, नवाचार, प्रौद्योगिकी और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में सहयोग को और बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। पीएम मोदी ने भारत-इजराइल विशेष साझेदारी को मजबूत करने में राष्ट्रपति हर्जोग के अटूट समर्थन के लिए उनका धन्यवाद किया। उन्होंने इजराइल के राष्ट्रपति को निकट भविष्य में भारत आने का निमंत्रण भी दिया। पीएम ने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध वैश्विक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। मैं आपको भारत आने का निमंत्रण देता हूं, और जब आप आएं, तो अपनी यात्रा को केवल दिल्ली तक सीमित न रखें, बल्कि भारत के अन्य हिस्सों की यात्रा के लिए भी समय निकालें।" हर्जोग ने कहा कि भारत पश्चिम एशिया के उज्ज्वल भविष्य का एक अभिन्न अंग है।

### 'जय हिंद' से हर्जोग ने दिया दिल जीतने वाला जवाब

पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद इजराइली राष्ट्रपति ने एक्स पर लिखा कि पीएम मोदी हिब्रू बोलते हैं और वे जवाब में 'जय हिंद' कहते सुने और देखे जा सकते हैं। दोनों का मतलब एक ही है! दस सेकंड के वीडियो क्लिप में पीएम मोदी कहते हैं, 'एम इजराइल खाई (अमर रहे इजराइल की जनता)।' भारत के पीएम का ये अभिवादन सुन हर्जोग फूले नहीं समाते और कहते हैं, 'आप अद्भुत हैं, और आपके आम इजराइल खाई के जवाब में मैं कहूंगा जय हिंद।'

कनाडा के बदले सुर

## खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या मामले में भारत के दखल को नकारा


फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ ओटावा

पीएम नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर मार्क कार्नी 27 फरवरी से 2 मार्च 2026 तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। यह कार्नी की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा होगी। कनाडा, भारत के साथ रिश्ते सुधारने की कवायद में जुटा है। जो जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल के अंतिम दिनों में बेहद खराब दौर में पहुंच गए थे। यही वजह है कि कनाडा ने ये मान लिया है कि कनाडा की धरती पर होने वाले अपराधों में भारत की कोई संलिप्तता नहीं है। कनाडा सरकार के अधिकारियों ने बताया कि अगर भारत, कनाडा की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में दखल दे रहा होता तो शायद पीएम कार्नी, भारत दौरे पर जाते ही नहीं। हमारी भारत सरकार के साथ इन मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई है। साथ ही विदेशी हस्तक्षेप से बचने के लिए हमारे पास मजबूत सुरक्षा उपाय हैं। अधिकारियों ने बताया कि इसे लेकर पीएम मोदी, भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों और मंत्रियों के साथ व्यवस्थित रूप से बातचीत की गई। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने कहा कि इन मुद्दों को नियमित रूप से उठाया गया और उन्हें विश्वास है कि आगे भी इस पर सार्थक चर्चा जारी रहेगी।

### आतंकी निज्जर की हत्या को लेकर बिगड़े थे रिश्ते

*कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या हुई थी। कनाडा की तत्कालीन ट्रूडो सरकार ने भारत पर निज्जर की हत्या कराने का आरोप लगाया और इसे संप्रभुता का उल्लंघन करार दिया था। हालांकि भारत सरकार ने कनाडा के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था।*

### आज से भारत दौरे पर कनाडा पीएम

*कनाडा के मार्क कार्नी 27 फरवरी से 2 मार्च तक चार दिवसीय भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। वे 27 फरवरी को कार्नी मुंबई पहुंचेंगे। अगले दो दिनों में वे विभिन्न व्यावसायिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे और भारत व कनाडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, उद्योग व वित्तीय विशेषज्ञों, नवप्रवर्तकों, शिक्षाविदों तथा भारत में स्थित कनाडाई पेंशन फंड प्रमुखों से बातचीत करेंगे। कार्नी 1 मार्च को नई दिल्ली पहुंचेंगे। 2 मार्च को दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी। दोनों नेता भारत-कनाडा रणनीतिक साझेदारी के विभिन्न क्षेत्रों में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे। वार्ता के दौरान व्यापार और निवेश, ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज, कृषि, शिक्षा, अनुसंधान व नवाचार सहित प्रमुख क्षेत्रों में जारी सहयोग की समीक्षा की जाएगी। साथ ही जन-संबंधों को और मजबूत बनाने पर भी चर्चा होगी तथा क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा।*

ईरान ने अमेरिका को दिखाया दम

## लॉन्च कर दी 'बैलिस्टिक मिसाइल' 2000 किमी दूर तक साधेगी निशाना

एजेंसी ▶▶ तेहरान


बैलिस्टिक मिसाइल खैबर

अमेरिका से बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने एक नई बैलिस्टिक मिसाइल लांच की है। यह सतह से सतह पर मार करने वाली चौथी पीढ़ी की मिसाइल है। इस नई मिसाइल का नाम खैबर है और इसकी रेंज 2000 किमी है। ईरान ने इसे एक बेहद सीक्रेट जगह पर लांच किया है। अमेरिका से बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने एक नई बैलिस्टिक मिसाइल लांच की है। यह सतह से सतह पर मार करने वाली चौथी पीढ़ी की मिसाइल है। इस नई मिसाइल का नाम खैबर है और इसकी रेंज 2000 किमी है। ईरान ने इसे एक बेहद सीक्रेट जगह पर लांच किया है। इस बीच स्विट्जरलैंड के जेनेवा में ओमान की मध्यस्थता के तहत ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता का तीसरा दौर गुरुवार को शुरू हो गया। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि उनका देश परमाणु हथियार विकसित नहीं करेगा।

कस्टम्स के डिजिटल सुधारों पर फोकस

## जुलाई में डब्ल्यूटीओ करेगा भारत की व्यापार नीतियों की समीक्षा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


डब्ल्यूटीओ में सीबीआईसी की बैठक

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में भारत की 8वीं व्यापार नीति की समीक्षा जुलाई में होगी। इसमें देश की व्यापार नीतियों की व्यापक सहकर्मी समीक्षा की जाएगी। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इस समीक्षा से पहले भारत ने अपने डिजिटल सीमा शुल्क सुधारों और व्यापार सुविधा समझौते (टीएफए) के क्रियान्वयन को वैश्विक मंच पर प्रमुखता से प्रस्तुत किया है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर व सीमा शुल्क बोर्ड के सदस्य (कस्टम्स) सुरजीत भुजबल के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने डब्ल्यूटीओ में आयोजित विशेष ट्रेड फैसिलिटेशन सत्र में भारत के 'फेसलेस, कॉन्टैक्टलेस और पेपरलेस' कस्टम्स इकोसिस्टम और व्यापक डिजिटलीकरण पर प्रकाश डाला। यह सत्र 24 फरवरी को आयोजित किया गया था। इसमें लगभग 40 देशों के प्रतिनिधियों और डब्ल्यूटीओ सचिवालय की सक्रिय भागीदारी रही।

## 'वायुशक्ति 26' के दौरान आधुनिक हथियारों का प्रदर्शन




*नई दिल्ली। 27 फरवरी से पोखरण के रेगिस्तानी क्षेत्र में 'वायुशक्ति 26' अभ्यास शुरू हो गया है। इस दौरान भारतीय वायुसेना ने सभी संचालन मानकों को सफलतापूर्वक परखा। अभ्यास के दौरान सभी निर्धारित लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से नष्ट किया गया। इससे यह स्पष्ट हो गया है कि वायु सेना पूरी तरह से हर मिशन के लिए तैयार है। 'वायुशक्ति 26' को लेकर भारतीय वायुसेना ने पहली बार एक आधिकारिक वीडियो में एस-400 वायु रक्षा प्रणाली की फायरिंग का दृश्य साझा किया है। इसमें वीडियो में एस-400 वायु रक्षा प्रणाली से लक्ष्य भेदते हुए देखा जा सकता है। यह प्रणाली दुश्मन के लड़ाकू विमान और मिसाइल जैसे बड़े हवाई खतरों को लंबी दूरी से ही नष्ट करने में सक्षम है। एस-400 प्रणाली अत्याधुनिक रडार और मिसाइल तकनीक से लैस है।*

पीयूष गोयल अमेरिकी वाणिज्य सचिव और राजदूत गोर से मिले

## आर्थिक साझेदारी मजबूत करने पर हुई 'सार्थक चर्चा', संबंधों को करेंगे गहरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने अमेरिका के वाणिज्य सचिव हावर्ड लटनिक और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के साथ व्यापार और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए 'बहुत ही सार्थक चर्चा' की। गोयल ने 'एक्स' पर पोस्ट में बताया कि उन्होंने अमेरिकी वाणिज्य सचिव और भारत में अमेरिकी राजदूत की मेजबानी की और द्विपक्षीय व्यापार व आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण बातचीत की। उन्होंने कहा कि चर्चा का मुख्य फोकस भारत और अमेरिका के बीच सहयोग बढ़ाने और संबंधों को और गहरा करने पर रहा।


हावर्ड लटनिक (बाएं), पीयूष गोयल, सर्जियो गोर

### बैठक 'प्रोडक्टिव' रही: गोर

गोयल ने एक्स पर लिखा कि अमेरिकी वाणिज्य सचिव हावर्ड लटनिक और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर की मेजबानी की। व्यापार और आर्थिक साझेदारी को बढ़ाने के लिए बहुत ही सार्थक चर्चाएं हुईं। सर्जियो गोर ने भी इस बैठक को 'प्रोडक्टिव' बताया और कहा कि हावर्ड लटनिक और पीयूष गोयल के साथ बहुत ही उपयोगी लंच मीटिंग रही। हमारे दोनों देशों के लिए सहयोग के कई क्षेत्र मौजूद हैं।

### 38 देशों के साथ एफटीए कर चुका भारत

गोयल ने कहा था कि भारत 38 देशों के साथ नौ एफटीए कर चुका है, जिससे भारतीय व्यवसायों को वैश्विक व्यापार के लगभग दो-तिहाई हिस्से तक विशेष पहुंच मिली है। इनसे भारतीय वस्तुओं, सेवाओं, कृषि और मत्स्य उत्पादों तथा श्रम-प्रधान क्षेत्रों को नए बाजार मिल रहे हैं।

दुश्मन की पनडुब्बियों को ढूंढ-ढूंढकर तबाह करेगा 'डॉल्फिन हंटर'

# आज समुद्र में उतरेगा भारत का नया योद्धा 'आईएनएस अंजदीप'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना तटीय सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में 27 फरवरी यानी शुक्रवार को चेन्नई बंदरगाह पर डॉल्फिन हंटर पोत आईएनएस अंजदीप को तैनात करने जा रही है। यह पोत 'एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट' परियोजना के तहत बनाए जा रहे 8 पोतों में से तीसरा है। समुद्र में भारत की ताकत और बढ़ जाएगी। कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स की ओर से निर्मित अंजदीप एक अत्याधुनिक युद्धपोत है, जिसे विशेष रूप से तटीय और उथले जल क्षेत्रों में परिचालन की चुनौतियों से निपटने के लिए डिजाइन किया गया है। इसका नाम कर्नाटक के कारवार तट (अरब सागर) के निकट स्थित अंजदीप द्वीप के नाम पर रखा गया है।

- चेन्नई बंदरगाह पर डॉल्फिन हंटर पोत अंजदीप को तैनात करेगी
- 'एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट' के तहत तीसरा पोत


डॉल्फिन हंटर पोत आईएनएस अंजदीप

### 'डॉल्फिन हंटर' के रूप में कार्य करेगा

यह पोत 'डॉल्फिन हंटर' के रूप में कार्य करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य 30 से 40 मीटर की गहराई वाले तटीय क्षेत्रों में दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाना, उनका पीछा करना और उन्हें निष्क्रिय करना है। यह युद्धपोत तट से 100 से 150 नॉटिकल मील तक दुश्मन की सबमरीन का पता लगाने में सक्षम है। भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी शुक्रवार को यहां आईएनएस अंजदीप के कमीशनिंग समारोह में भाग लेंगे।

### आधुनिक हथियारों से लैस

*'अंजदीप' एंटी-सबमरीन रॉकेट लॉन्चर, लाइटवेट टॉरपीडो, 30 मिमी नेवल गन, एएसडब्ल्यू कॉम्बैट सूट, हल-माउंटेड सोनार और लो-फ्रीक्वेंसी वैरिएबल डेप्थ सोनार से सुसज्जित है। यह लगभग 25 नॉटिकल मील प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकता है और एक बार में करीब 3,300 किलोमीटर की दूरी तय करने में सक्षम है।*

### रक्षा क्षमता मजबूत होगी

*इस युद्धपोत के शामिल होने से नौसेना की भारत के व्यापक समुद्री हितों की सुरक्षा के साथ-साथ तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटीय क्षेत्रों की निगरानी तथा रक्षा क्षमता और मजबूत होगी। पनडुब्बी रोधी युद्ध (एंटी-सबमरीन वॉरफेयर) भूमिका के अलावा यह पोत तटीय निगरानी, कम तीव्रता वाले समुद्री अभियानों तथा खोज एवं बचाव अभियानों को अंजाम देने में भी सक्षम है।*

## टीवी मसाला



## तुम से तुम तक ने की जबरदस्त वापसी, अनुपमा तीसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते टीवी सीरियल्स में टीआरपी की रेटिंग लिस्ट में टॉप पर आने के लिए घमासान होता है। इस हफ्ते भी कुछ ऐसा ही मामला रहा। सातवें हफ्ते की रेटिंग लिस्ट में टॉप 1 में स्मृति ईरानी की अदाकारी वाले सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने जगह बनाई है। इस सीरियल को 1.9 रेटिंग मिली है। पिछले हफ्ते इस सीरियल की रेटिंग 2.0 थी। छठे हफ्ते में भी यह सीरियल पहले स्थान पर था। रेटिंग लिस्ट में दूसरे स्थान पर सीरियल 'तुम से तुम तक' है। इसकी टीआरपी 1.8 है। पिछले हफ्ते यह सीरियल टॉप 5 में नहीं था। इस हफ्ते इस सीरियल ने जबरदस्त छलांग लगाई है। पिछले हफ्ते दूसरे स्थान पर सीरियल 'अनुपमा' था। इस हफ्ते 'तुम से तुम तक' ने इसे पछाड़ दिया है। सातवें हफ्ते की रेटिंग लिस्ट में तीसरे स्थान पर रुपाली गांगुली की अदाकारी वाला टीवी सीरियल 'अनुपमा' है। इस हफ्ते इस सीरियल की टीआरपी 1.8 है। पिछले हफ्ते के मुकाबले इस सीरियल में काफी गिरावट दर्ज की गई है। इस बार चौथे स्थान पर टीवी सीरियल 'गंगा माई की बेटियां' ने जगह बनाई है। इसकी रेटिंग 1.8 है। इस बार टीआरपी की रेटिंग लिस्ट में पांचवें स्थान पर टीवी सीरियल 'वसुधा' है। इस हफ्ते इस सीरियल को 1.7 रेटिंग मिली है। पिछले हफ्ते यह शो चौथे स्थान पर था। इसमें प्रिया ठाकुर और अभिषेक शर्मा अहम किरदारों में हैं।

## अंकिता-विक्की ने की भक्तंबर पूजा

**नई दिल्ली।** गुरुवार को अंकिता लोखंडे ने अपने पति विक्की जैन के साथ भक्तंबर पूजा करने के बाद आध्यात्मिकता और एकजुटता पर एक नोट साझा किया। अंकिता ने बताया इस पूजा से उन्हें शांति और



आशीर्वाद का एहसास हुआ। अंकिता लोखंडे ने अपने पति विक्की जैन के साथ इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'आज हमने भक्तंबर पूजा की। फिर से मुझे लगा कि पति-पत्नी जब साथ में प्रार्थना करते हैं, तो उसकी ताकत बहुत अलग होती है। जब दो लोग मिलकर दिल से ईश्वर को कुछ अच्छा अर्पित करते हैं, तो मन को बहुत शांति मिलती है, दिल शांत हो जाता है और आत्मा को सुकून मिलता है।' अंकिता ने आगे लिखा, 'मैं बहुत खुश और आभारी हूं कि मेरा विवाह ऐसे परिवार में हुआ है, जहां भक्ति और मूल्य वही हैं जिनमें मैं पली-बढ़ी हूं। जब हम सब आध्यात्मिक पलों में एक साथ आते हैं, तो यह अपने आप में बहुत बड़ा आशीर्वाद लगता है। मेरे लिए ईश्वर एक ही है। जब आप सच्चे दिल से कुछ भी अर्पित करते हैं, तो वह सबसे प्यारे तरीके से ईश्वर तक पहुंच जाता है। आज मैंने उस पवित्रता, उस जुड़ाव और उस साथ को महसूस किया। मैं खुद को बहुत धन्य मान रही हूं।

# दो और दो पांच के सीक्वल में नजर आएंगे अभिषेक और बॉबी

**मुंबई।** 1980 की क्लासिक कॉमेडी-एक्शन फिल्म 'दो और दो पांच' के रीमेक को लेकर इन दिनों जबरदस्त चर्चा है। अब प्रोड्यूसर दीपक मुकुट ने फिल्म की रीमेक को लेकर बड़ा खुलासा किया है। पहले खबरें आई थीं कि रोहित शेट्टी अपनी फिल्म 'गोलमाल 5' के लिए इसकी कहानी को अपनाने वाले हैं। हालांकि, उनकी टीम ने इन खबरों को पूरी तरह गलत और भ्रामक बताया और साफ कहा कि यह जानकारी गलत है। अब इस मामले पर फिल्म प्रोड्यूसर दीपक मुकुट ने खुद सामने आकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने पुष्टि की है कि 'दो और दो पांच' के रीमेक के अधिकार उनके पास हैं और फिलहाल फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। दीपक ने बताया कि करीब 10 साल पहले वे इस फिल्म का रीमेक बनाना चाहते थे, जिसमें कुणाल कोहली को निर्देशक के रूप में लेने का प्लान था। उस समय अभिषेक बच्चन और बॉबी देओल को अमिताभ बच्चन और शशि कपूर वाले किरदारों के लिए सोच लिया गया था, लेकिन वह प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ सका।



### दीपक के पास है फिल्म का अधिकार

दीपक मुकुट ने यह भी कहा कि वह आज भी अभिषेक और बॉबी को साथ में कास्ट करना पसंद करेंगे, क्योंकि दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री शानदार है। दोनों कलाकार पहले 'झूम बराबर झूम' और 'प्लेयर्स' में साथ नजर आ चुके हैं। फिलहाल यह तय नहीं है कि नई फिल्म सीधा रीमेक होगी, सीक्वल होगी या सिर्फ प्रेरित कहानी पर आधारित होगी। लेकिन निर्माता ने साफ कर दिया है कि अधिकार उनके पास हैं और उन्होंने ट्रेड मैगजीन में नोटिस भी प्रकाशित कराया है ताकि कोई और इसे रीमेक न कर सके।

# सलमान की भांजी के साथ जमेगी सिद्धांत की जोड़ी

**मुंबई।** सलमान खान की भांजी अलीजेह अग्निहोत्री ने फिल्म 'फर्रे' से इंडस्ट्री में डेब्यू किया था। अब वे सिद्धांत चतुर्वेदी की हीरोइन बनने वाली हैं। साल 2023 में अलीजेह अग्निहोत्री ने इंडस्ट्री में कदम रखे। वे फिल्म 'फर्रे' में पहली बार नजर आईं। अब वे अगली फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं। सलमान खान की भांजी की जोड़ी इस बार पर्दे पर सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ जमने की खबर है। दोनों सितारे विकास बहल की आगामी फिल्म में नजर आएंगे, जो एक म्यूजिकल ड्रामा फिल्म बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक विकास बहल ने अपनी आगामी फिल्म के लिए अलीजेह और सिद्धांत को साइन किया है। फिल्म का नाम अभी तय नहीं है। 'फिल्म की कहानी इंग्लैंड में रहने वाले उन पंजाबी युवाओं पर आधारित है, जो अपनी मिट्टी यानी पंजाब से भी जुड़े थे, लेकिन साथ ही वहां की विदेशी संस्कृति में भी रच-बस रहे थे'। फिल्म में दर्शकों को 90 के दशक का लुक और डांस क्लबों का माहौल देखने को मिलेगा। साथ ही यह भी देखने को मिलेगा की पंजाबी म्यूजिक के दुनियाभर में लोकप्रिय होने के पीछे किस तरह का संघर्ष रहा है और जुनून रहा है। अलीजेह फिल्म में सिंगर के रोल में नजर आएंगी। बता दें कि अलीजेह, अलवीरा खान और अतुल अग्निहोत्री की बेटी हैं। हालांकि, अभी इस फिल्म को लेकर कोई आधिकारिक एलान नहीं किया गया है। इसी के साथ इस फिल्म को लेकर और अधिक जानकारी का इंतजार है। इस फिल्म की शूटिंग इस साल की दूसरी छमाही में शुरू होने की उम्मीद है। अगर यह फिल्म बनती है तो विकास बहल के साथ सिद्धांत की यह दूसरी फिल्म होगी। इससे पहले सिद्धांत ने निर्देशक की रोमांटिक कॉमेडी 'दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग' में साथ काम किया है, जो इस साल जुलाई में रिलीज हो सकती है। इस बीच बात करें सिद्धांत के वर्क फ्रंट की तो वे अपनी आगामी फिल्म 'दो दीवाने सहर में' को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें वे मृणाल ठाकुर के साथ नजर आए हैं। मगर, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास प्रदर्शन नहीं कर रही है।



### थिएटर के बाहर तैनात एंबुलेंस, हॉलीवुड ने की थी मदद

# बॉलीवुड फिल्म जिसे अकेले देखने पर था 10 हजार रुपए का इनाम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ये कहानी है हॉरर फिल्मों की दुनिया में उस सफल और सबसे डरावनी कही जानेवाली उस फिल्म की, जिसके लिए डिस्ट्रीब्यूटर्स ने रख दी थी बड़ी शर्त। कहते हैं कि डिस्ट्रीब्यूटर ने घोषणा कर दी थी की कि जो भी इस फिल्म को अकेले सिनेमाघर में देखेगा, उसे 10,000 रुपए नकद मिलेंगे और हॉल के बाहर लगा रखा था एम्बुलेंस। रामसे ब्रदर्स की पुराना मंदिर (1984) और वीराना (1988) ऐसी हॉरर फिल्मों की लिस्ट में रही हैं जिसने लोगों को जितना ही डराया, उतनी ही इन फिल्मों ने कमाई भी की। ये फिल्में काफी कम बजट में बनी, लेकिन इसके बावजूद बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफल रहीं। इन सभी फिल्मों में से जिस फिल्म ने लोगों का गला सबसे अधिक सुखाया वो थी 'दरवाजा' जो साल 1978 में रिलीज हुई थी।

### लोगों को डराने के लिए भयानक दिखना जरूरी

रामसे फैमिली की तीसरी पीढ़ी दीपक रामसे और अमित रामसे ने 'दरवाजा' की कहानी को याद किया। एक बातचीत में दीपक ने बताया, 'आजकल आपके पास मेकअप के कई ऑप्शन मौजूद हैं। उस समय, बहुत कम ऐसे मेकअप आर्टिस्ट थे जो वास्तव में डरावना मेकअप करना जानते थे। सितारे अपने चेहरे पर चोट लगने पर भी सुंदर दिखना पसंद करते थे, जबकि रामसे की कहानी में लोगों को डराने के लिए भयानक दिखना जरूरी था।'




### किसी ने भी अकेले देखने की हिम्मत नहीं की

उन्होंने बताया कि हालांकि, इससे उनका बजट थोड़ा बढ़ गया था, लेकिन फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई हुई। फिल्म की सफलता को याद करते हुए दीपक ने कहा, 'आप इसे प्रमोशन का तरीका कह सकते हैं, लेकिन एक डिस्ट्रीब्यूटर ने घोषणा की कि जो भी इस फिल्म को अकेले सिनेमाघर में देखेगा, उसे 10,000 रुपए नकद मिलेंगे। सिनेमाघर के बाहर एम्बुलेंस भी खड़ी कर दी गई थी। फिल्म इतनी सफल रही थी। लेकिन किसी ने भी इसे अकेले देखने की हिम्मत नहीं की।'

**क्रिस्टोफर टकर से किया संपर्क :** उन्होंने बताया कि कुछ भारतीय मेकअप आर्टिस्ट थे, लेकिन हमें लंदन से भी मेकअप आर्टिस्ट बुलाना पड़ता था। उन्होंने कहा, 'हमने क्रिस्टोफर टकर से सम्पर्क किया था।' उन्होंने आगे बताया, 'कुमार जी और तुलसी जी उनसे लंदन में मिले और समझाया कि हमारा बजट बहुत बड़ा नहीं है, लेकिन हमें उनकी स्पेशलिटी की जरूरत है। वे हमारी सीमाओं के भीतर काम करने के लिए सहमत हो गए और उन्होंने फिल्म दरवाजा के लिए मेकअप भेजा। हमने उन्हें पाउंड में भुगतान किया।'

### दो दशकों तक हॉरर फिल्मों पर रामसे ब्रदर्स का रहा दबदबा

हॉरर फिल्मों के सच्चे शौकीन रामसे ब्रदर्स की कहानियों के फैन न हों ऐसा संभव नहीं। 'महल' (1949) जैसी क्लासिक फिल्मों और 1960 के दशक की कुछ हॉरर फिल्मों जैसे 'बीस साल बाद' (1962), 'गुमनाम' और 'भूत बंगला' (1965) जैसी तमाम फिल्मों के साथ रामसे ब्रदर्स ने करीब दो दशकों तक हॉरर फिल्मों पर अपना दबदबा बनाए रखा।

### कम बजट की फिल्में रहीं खूब सफल

कम बजट में बनी उनकी कई फिल्में पुराना मंदिर (1984) और वीराना (1988) आदि बॉक्स ऑफिस पर खूब सफल रहीं। हालांकि, सबसे पहले फिल्म 'दरवाजा' को लेकर काफी चर्चा रही थी। इस फिल्म के लिए तुलसी रामसे और श्याम रामसे (रामसे ब्रदर्स) ने इंटरनैशनल मेकअप आर्टिस्ट क्रिस्टोफर टकर से सम्पर्क किया। कहते हैं कि ये फिल्म इतनी बड़ी हिट हुई कि डिस्ट्रीब्यूटर्स ने दर्शकों को खुलेआम चुनौती दी थी कि अगर वे इसे अकेले थिएटर में देखने की हिम्मत दिखाएं तो उसे 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।'





# अब 15 दिनों का होगा खेल महोत्सव, गुलमर्ग बनेगा शीतकालीन खेलों का ग्लोबल हब : मांडविया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुलमर्ग (जम्मू-कश्मीर)

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज गुलमर्ग में छठे 'खेलो इंडिया विंटर गेम्स' के समापन समारोह को संबोधित किया।

इस अवसर पर उन्होंने जम्मू-कश्मीर को विश्व स्तरीय विंटर स्पोर्ट्स डेस्टिनेशन बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। डॉ. मांडविया ने घोषणा की कि भविष्य में गुलमर्ग में होने वाले शीतकालीन खेल केवल चार दिनों तक सीमित नहीं रहेंगे। इन्हें पर्यटन और संस्कृति के साथ जोड़कर 15 दिनों के एक एकीकृत खेल उत्सव के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें 'फिट इंडिया कार्निवल' और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शामिल होंगे। समापन समारोह के दौरान डॉ. मांडविया ने विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की।

## प्रमुख घोषणाएं और मुख्य बिंदु

### नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

जम्मू-कश्मीर में शीतकालीन खेलों के बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षण प्रणाली को मजबूत करने के लिए एक 'नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित किया जाएगा।

### ग्लोबल हब के रूप में पहचान

खेल मंत्री ने विश्वास जताया कि गुलमर्ग जल्द ही शीतकालीन खेलों का वैश्विक केंद्र बनेगा। खेल मंत्री ने कहा कि उन्होंने स्विट्जरलैंड सहित दुनिया के 55 देशों की यात्रा की है, लेकिन पीर पंजाल की चोटियों की सुंदरता अतुलनीय है।



## भारतीय सेना बनी चैंपियन

- **प्रथम स्थान (विजेता):** भारतीय सेना ने अपना खिताब बरकरार रखते हुए कुल 23 पदक (9 स्वर्ण, 6 रजत और 8 कांस्य) जीतकर चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा किया।
- **द्वितीय स्थान:** हिमाचल प्रदेश (14 पदक - 6 स्वर्ण, 7 रजत और 1 कांस्य) उपविजेता रहा।
- **तृतीय स्थान:** हरियाणा की टीम तीसरे स्थान पर रही।

### पत्थरबाजी नहीं, अब खेलों से बन रही जम्मू-कश्मीर की पहचान

डॉ. मांडविया ने क्षेत्र में आए सकारात्मक बदलाव पर जोर देते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 के हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में एक नया विश्वास जागा है। पहले यहाँ पत्थरबाजी की खबरें सुर्खियां बनती थीं, लेकिन अब खेलों की चर्चा होती है। प्रधानमंत्री मोदी के 'विकसित भारत 2047' के सपने को पूरा करने में जम्मू-कश्मीर की बड़ी भूमिका होगी।

### देशभर के 900 से अधिक एथलीटों ने लिया भाग

**दो चरणों में आयोजन:** 'खेलो इंडिया विंटर गेम्स' 2026 का पहला चरण 20-26 जनवरी तक लद्दाख में आयोजित किया गया था, जबकि दूसरा चरण गुलमर्ग में संपन्न हुआ। इस स्पर्धा में 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 900 से अधिक एथलीटों ने छह अलग-अलग खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मंत्री ने दोहराया कि 'खेलो भारत नीति' के तहत सरकार की नीतियां खिलाड़ी-केंद्रित हैं, न कि महासंघों के पक्ष में, ताकि युवाओं की आकांक्षाओं को उड़ान मिल सके।

टी-20 विश्व कप 2026 : अभिषेक और पंड्या के अर्धशतक, अर्शदीप ने चटकाए 3 विकेट

# भारत ने जिम्बाब्वे को हराया, सेमीफाइनल में पहुंचने वेस्टइंडीज से निर्णायक मैच 1 को

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

भारतीय क्रिकेट टीम ने टी-20 विश्व कप 2026 के 48वें मैच में जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम को 72 रन से हराते हुए सेमीफाइनल की ओर कदम बढ़ाया। एमए चिदंबरम स्टेडियम में हुए मैच में भारतीय टीम ने पहले खेलते हुए 256/4 का स्कोर बनाया। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम पूरे ओवर खेलने के बाद 184/6 का स्कोर ही बना सकी। हार्दिक पांड्या को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

अब सेमीफाइनल में पहुंचने भारत और वेस्टइंडीज के बीच निर्णायक मैच 1 मार्च रविवार को होगा। इस मैच को जीतने वाली टीम सेमीफाइनल में प्रवेश करेगी। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप एक से सेमीफाइनल में पहले ही पहुंच गई है।



### इस तरह से जीती भारतीय टीम


भारत को संजू सैमसन (24) और अभिषेक (55) ने अच्छी शुरुआत दिलाई। इसके बाद ईशान किशन (38) और सूर्यकुमार यादव (33) ने पारी को और मजबूती दी। पांड्या (50*) और तिलक वर्मा (44*) ने टीम का स्कोर 250 के पार पहुंचाया। जवाब में जिम्बाब्वे के सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट (97*) ने संघर्षपूर्ण पारी खेली। उन्हें दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिल सका और पूरी टीम 184 में सिमट गई। भारत से अर्शदीप सिंह ने 3 विकेट लिए।

### सिकंदर रजा ने हासिल की ये उपलब्धि

*जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने 21 गेंदों में 2 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 31 रन बनाए। इस बीच उन्होंने अपने 3,000 रन पूरे किए। इसके साथ ही वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बल्लेबाजी में 3,000+ रन बनाने के साथ-साथ गेंदबाजी में 100+ विकेट लेने वाले विश्व के सिर्फ दूसरे ऑलराउंडर बने। उनसे पहले मलेशिया के ऑलराउंडर वीरनदीप सिंह ये उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।*

### ब्रायन बेनेट ने खेली संघर्षपूर्ण पारी

*बेनेट ने शुरुआत में धीमी बल्लेबाजी करते हुए 20 गेंदों में 24 रन बनाए। उन्होंने क्रीज पर टिक जाने के बाद आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और 34 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। यह मौजूदा टूर्नामेंट में उनके बल्ले से निकलने वाली तीसरी 50+ रन की पारी रही। वह 59 गेंदों में 8 चौकों और 6 छक्के की बदौलत 97 रन बनाकर नाबाद रहे। इस बीच उन्होंने रजा के साथ मिलकर 72 रन की उपयोगी साझेदारी भी की।*



### भारत ने टी-20 विश्व कप में अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया

भारतीय टीम ने टी-20 विश्व कप इतिहास में अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया। इससे पहले टी-20 विश्व कप में भारत का पिछला सबसे बड़ा स्कोर 218/4 रन था, जो 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए मैच में बना था। भारत ने टी-20 विश्व कप इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर दर्ज किया। बता दें कि इस टूर्नामेंट के इतिहास में सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड श्रीलंका (260/6 बनाम केन्या, 2007) के नाम पर दर्ज है।

### भारत ने पारी में लगाए कुल 17 छक्के

भारतीय टीम की पारी में कुल 17 छक्के लगे, जिसमें तिलक, हार्दिक और अभिषेक ने सर्वाधिक 4-4 छक्के लगाए। बता दें कि टी-20 विश्व कप में एक पारी में भारत से ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज और नीदरलैंड के नाम पर दर्ज है। नीदरलैंड ने आयरलैंड के खिलाफ 2014 में 19 छक्के लगाए थे। वहीं वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे के विरुद्ध 2026 में 19 ही छक्के जड़े थे।

# दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को हराते हुए सेमीफाइनल की ओर बढ़ाया कदम

एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद

टी-20 विश्व कप 2026 के 47वें मैच में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को 9 विकेट से हराया। सुपर-8 के इस मुकाबले में कैरेबियाई टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रोमारियो शेफर्ड के अर्धशतक (51*) की मदद से 176/8 का स्कोर बनाया। जवाब में प्रोटियाज टीम ने कप्तान एडेन मार्करम (82*) और क्विंटन डिकॉक (47) की पारियों की मदद से 17वें ओवर में लक्ष्य हासिल किया। सुपर-8 चरण में दक्षिण अफ्रीकी टीम ने अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मार्करम की कप्तानी वाली टीम अब ग्रुप-1 में शीर्ष पर पहुंच गई है। अब दक्षिण अफ्रीका को अपने सुपर-8 के आखिरी मैच में जिम्बाब्वे से 1 मार्च को भिड़ना है। दूसरी तरफ वेस्टइंडीज की यह टी-20 विश्व कप 2026 में पहली हार हुई। वेस्टइंडीज की टीम तालिका में फिलहाल दूसरे स्थान पर है।



### इस तरह से जीती दक्षिण अफ्रीकी टीम

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने 34 रन तक अपने 4 विकेट गंवा दिए। लगातार गिर रहे विकेटों के बीच जेसन होल्डर (49) और रोमारियो शेफर्ड (52*) ने उम्दा पारियां खेली और टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में दक्षिण अफ्रीका से डिकॉक (47) और मार्करम ने 95 रन की साझेदारी की। अच्छी शुरुआत के बाद रयान रिकेल्टन (45*) और मार्करम ने टीम को आसान जीत दिलाई।

### मार्करम बने प्लेयर ऑफ द मैच

कप्तान एडेन मार्करम ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी खेली। यह उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 14वां और कैरेबियन टीम के खिलाफ चौथा अर्धशतक रहा, जिसे उन्होंने केवल 27 गेंदों में पूरा किया। यह उनका टी-20 विश्व कप में छठा अर्धशतक रहा। उन्होंने डिकॉक (47) के साथ पहले विकेट के लिए 48 गेंदों में 95 रन की साझेदारी निभाई।


बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

अंचल कार्यालय :
1/14 प्रशासनिक जोन, अरेरा हिल्स, भोपाल
फोन: 9098030663, E-mail : cmmarc_bho@mahabank.co.in

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस (परिशिष्ट - IV क)**

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार अर्थात बैंक ऑफ महाराष्ट्र के पास गिरवी/प्रभारित है, का **कब्जा बैंक ऑफ महाराष्ट्र** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नवर्णित तालिका में वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों से **बैंक ऑफ महाराष्ट्र** (प्रतिभूत लेनदार) की निम्नवर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **17 मार्च 2026** को बेचा जाएगा। अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण एवं उस पर भार, कब्जे का प्रकार, आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि एवं बिड वृद्धि राशि निम्नानुसार है:-

| क्र. सं. | उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम | दिनांक 24.02.2026 को बकाया राशि (लाख में) | अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण/भार का विवरण एवं कब्जे का प्रकार | आरक्षित मूल्य/ धरोहर राशि/ बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋणीः **मेसर्स प्रियांशी पोल्ट्री फार्म** प्रोपराइटर- स्व. श्री राम बाबू पाटीदार पुत्र रामकिशन पाटीदार | LB- ₹ 14.76 UAI+Penal Interest ₹ 32.88 Total ₹ 47.64 Lacs | **डायवर्टेड व्यावसायिक भूमि पर स्थित पोल्ट्री फार्म, सर्वे क्रमांक 488, पी.एच. क्रमांक 2, आर.आई.डी. क्रमांक 2, क्षेत्रफल- 10000 वर्गफीट, गांव - श्यामपुर, जिला - सीहोर, म.प्र.** चर्तुसीमाएं- उत्तर में - श्री कैलाश की भूमि, पूर्व में - श्री नवाब की भूमि, दक्षिण में - रास्ता, पश्चिम में - श्री दिनेश की भूमि **भार - ज्ञात नहीं** **भौतिक कब्जा** | ₹ 18.24 लाख / ₹ 1.82 लाख / ₹ 10,000/- |
| 2. | ऋणीः **1.श्री राजेन्द्र मालवीय 2.श्रीमती स्वाति मालवीय** | LB- ₹ 11.07 UAI+Penal Interest ₹ 05.53 Total ₹ 16.60 Lacs | **संपत्ति का समस्त भू भाग एवं उस निर्माण तथा फिक्सचर स्थित सर्वे क्रमांक 2530/2-मिन 19, वार्ड क्रमांक 34 (पुराना) 37 (नया), ग्राम लालबहादुर शास्त्री नगर, पूरनपुरा तालुका और जिला विदिशा,** क्षेत्रफल- 547.50 वर्गफीट, चर्तुसीमाएंः उत्तरः घर श्री धनश्याम श्रीवास्तव, दक्षिणः रोड, पूर्वः घर श्री प्रवीण खरे, पश्चिमः बंद 2 फीट चौड़ी गली पश्चात प्लॉट **भार-ज्ञात नहीं** **सांकेतिक कब्जा** | ₹ 8.25 लाख / ₹ 0.82 लाख / ₹ 10,000/- |
| 3. | ऋणी- **मेसर्स महावीर स्टोन क्रेशर** प्रोपराइटर- श्री आशु जैन पुत्र श्री राजेश जैन, जमानतदारः 1) श्री आशु जैन पुत्र श्री राजेश जैन 2) श्री राजेश जैन पुत्र श्री श्रीपाल जैन 3) श्रीमती रेशम जैन पत्नी श्रीपाल जैन 4) श्रीमती रानी जैन पत्नी श्री राजेश जैन | LB- ₹ 121.64 Un Int. +Penal Interest ₹ -21.39 Total ₹ 143.03 | **संपत्ति क्रमांक 1-** संपत्ति का समस्त भू भाग निर्माण एवं फिक्सचर स्थित कमर्शियल डायवर्टेड संपत्ति एवं उस पर निर्माण स्थित सर्वे क्रमांक 240/1, गाँव- मुहाई, प.ह.नं. 15, तहसील तहसील- कन्नौद, जिला - देवास, मध्य प्रदेश 455332 क्षेत्रफल- 0.89 हेक्टेयर **चर्तुसीमाएं:** उत्तरः सर्वे क्रमांक 239 पथ, पूर्वः ओमप्रकाश की जमीन सर्वे क्रमांक 240/2 जिसे खरीददार ने खरीद लिया है, पश्चिमः सिद्धनाथ की जमीन, सर्वे क्रमांक 237, दक्षिणः शंकर की जमीन, सर्वे क्रमांक 241, संपत्ति मालिक- श्री आशु जैन पुत्र श्री राजेश जैन **भार-ज्ञात नहीं** **सांकेतिक कब्जा** | ₹ 09.00 लाख / ₹ 0.90 लाख / ₹ 10,000/- |
| | | | **संपत्ति क्रमांक 2-** संपत्ति का समस्त भू भाग भूमि पर स्थित मकान क्रमांक 82, वार्ड क्रमांक 9, मेन आष्टा कन्नौद हाईवे, क्षेत्रफल 1000 वर्गफीट, तहसील- कन्नौद, जिला- देवास, मप्र-455332 **चर्तुसीमाएं:** उत्तरः हेमलता और डॉ. प्रकाश चौबे का मकान और सोसायटी का मकान, पूर्वः श्याम सिंह का प्लॉट, पश्चिमः कन्नौद आस्था रोड, दक्षिणः कमल सोलंकी का मकान, संपत्ति मालिक- श्रीमती रेशम जैन पत्नी श्रीपाल जैन **भार-ज्ञात नहीं** **सांकेतिक कब्जा** | ₹ 32.00 लाख / ₹ 03.20 लाख / ₹ 10,000/- |
| | | | **संपत्ति क्रमांक 3-** संपत्ति का समस्त भू भाग भूमि स्थित सर्वे क्रमांक 279/3 और 284/3 (नया सर्वे क्रमांक 279/3 मिन-16,284/3) क्षेत्रफल- 1800 वर्गफीट, तहसील- कन्नौद, जिला- देवास, मप्र- 455332 **चर्तुसीमाएं:** उत्तरः विक्रेता की सर्वे क्रमांक 279/3 और 284/3 की शेष जमीन, पूर्वः विक्रेता की 279/3 और 284/3 की शेष जमीन, पश्चिमः सर्वे क्रमांक 279/3 और 284/3 की शेष भूमि से सड़क को 15 फीट चौड़ा किया गया है, दक्षिणः सर्वे क्रमांक 279/3 और 284/3 की शेष भूमि से सड़क को 15 फीट चौड़ा किया गया है, संपत्ति मालिक- राजेश कुमार जैन पुत्र श्रीपाल जैन **भार-ज्ञात नहीं** **सांकेतिक कब्जा** | ₹ 08.00 लाख / ₹ 0.80 लाख / ₹ 10,000/- |
| | | | **संपत्ति क्रमांक 4-** संपत्ति का समस्त भू भाग भूमि स्थित सर्वे क्रमांक 294/3 (नया सर्वे क्रमांक 294/3/मिन-29), वार्ड क्रमांक 9, क्षेत्रफल- 1950 वर्गफीट, हरिजन मोहल्ला कॉलोनी, तहसील- कन्नौद, जिला- देवास, मप्र-455332 **चर्तुसीमाएं:** उत्तरः कमल सिंह की जमीन, पूर्वः सर्वे क्रमांक 294/3/मिन-29 की शेष जमीन , पश्चिमः प्रेमलता पत्नी छोटेलाल की भूमि, दक्षिणः सर्वे क्रमांक 294/3/मिन-29 की शेष भूमि से 7 फीट का रास्ता, संपत्ति मालिक-श्रीमती रानी जैन पत्नी राजेश जैन **भार-ज्ञात नहीं** **सांकेतिक कब्जा** | ₹ 10.00 लाख / ₹ 01.00 लाख / ₹ 10,000/- |
| 4. | ऋणी : **मेसर्स जेड के कन्स्ट्रक्शन प्रोपराइटर- श्री जमीर खान पुत्र इकरार खान** | LB- ₹ 07.58 Un Int. +Penal Interest ₹ -08.28 Total ₹ 15.86 | संपत्ति का समस्त भू भाग भूमि स्थित एक कमर्शियल दुकान क्रमांक एम-01, जिसका नाम 01/02 है, कुल 208.52 वर्गफुट क्षेत्रफल में से दुकान का क्षेत्रफल 108.52 वर्ग फुट है, भूतल, शिवानी कॉम्प्लेक्स, 6 नंबर बस स्टॉप, शिवाजी नगर, वार्ड क्रमांक 31, तहसील-हुजूर, जिला- भोपाल, भोपाल के उप पंजीयक कार्यालय के भीतर, **चर्तुसीमाएं-** पूर्वः गैरेज क्रमांक 02, पश्चिमः नगर निगम भवन उत्तर-खुला क्षेत्र, दक्षिण-दुकान क्रमांक एम-1 का शेष भाग **सांकेतिक कब्जा** **भार-ज्ञात नहीं** | ₹ 16.06 लाख / ₹ 01.60 लाख / ₹ 10,000/- |

| ई-नीलामी दिनांक एवं समय | धरोहर राशि सहित बिड जमा करने की अंतिम तिथि | निरीक्षण दिनांक एवं समय (पूर्व अनुमति से) |
|---|---|---|
| **17.03.2026 एवं सुबह 11.00 बजे से 15.00 बजे तक** (5 मिनट के असीमित विस्तार पर यदि बोली अंतिम 5 मिनट के भीतर लगाई जाती है) | **16.03.2026 रात्रि 23:59 से पूर्व** | **09.03.2026 से 13.03.2026 एवं सुबह 10:00 बजे से सायं 16:00 बजे तक** |

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया बैंक की वेबसाइट https://bankofmaharashtra.in/asset-for-sales-search provided in the Bank's website and also on Bank Asset Auction Network (BAANKNET) portal -https://baanknet.com (erstwhile E-bikray) portal देखें।

दिनांकः 27.02.2026
स्थानः भोपाल

संजीव सज्जन
मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी
अंचल कार्यालय, भोपाल


# पहली बार श्रीलंका के साथ क्रिकेट मैचों की मेजबानी करेगा अफगानिस्तान

एजेंसी ▸▸ दुबई

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज की घोषणा की है।

इस सीरीज में 13 मार्च से 3 मैचों की टी-20 सीरीज और 20 मार्च से 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। ये दोनों सीरीज यूएई में खेली जाएगी। बता दें कि 2024 के बाद ये दोनों टीमें द्विपक्षीय सीरीज में आपस में भिड़ने के लिए तैयार हैं।

### शारजाह और दुबई में खेले जाएंगे मैच

13 मार्च से शारजाह में पहला टी-20 मैच खेला जाएगा। इसके बाद 15 और 17 मार्च को टी-20 मुकाबले खेले जाएंगे। ये तीनों मुकाबले शारजाह में होंगे। इसके बाद 20 मार्च को होने वाले पहले मैच के साथ वनडे सीरीज की शुरुआत हो जाएगी। इसके बाद 22 मार्च और 25 मार्च को क्रमशः दूसरा और तीसरा वनडे खेला जाएगा। वनडे सीरीज के मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

### श्रीलंका की मेजबानी को लेकर उत्सुक है एसीबी

एसीबी के सीईओ नसीब खान ने पहली बार श्रीलंका की मेजबानी को लेकर खुशी जताई। उन्होंने कहा, हम अपने इतिहास में पहली बार श्रीलंका की मेजबानी के लिए उत्सुक हैं। यह श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के साथ हमारे सहयोग को दिखाता है, और हम भविष्य में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट अनुभव देने के लिए जिम्मेदार हैं। श्रीलंका हाल ही में बहुत अच्छा क्रिकेट खेल रहा है, और हम 2 अच्छी टीमों के बीच एक प्रतिस्पर्धी सीरीज का इंतजार कर रहे हैं।


**कार्यालय, नगर पालिका परिषद् खरसिया**
**जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़)**

क्रमांक / 1752/न.पा.प./ लो.नि.वि/2025-26 खरसिया, दिनांक 26.02.2026

**।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

नगर पालिका खरसिया क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 18 में डॉ.बी.आर. अम्बेडकर सर्वसमाज मांगलिक भवन निर्माण कार्य राशि 198.87 लाख हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 186397) आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड की जा सकता है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद खरसिया**


# जोश से भरपूर न्यूजीलैंड को सेमीफाइनल में पहुंचने इंग्लैंड को आज चटाना होगी धूल

एजेंसी ▸▸ कोलंबो

टी-20 विश्व कप 2026 के 49वें मैच में इंग्लैंड क्रिकेट टीम का सामना न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम से आज शुक्रवार 27 फरवरी को होगा। यह सुपर-8 चरण में ग्रुप-2 का मुकाबला होगा।

इंग्लैंड टीम 2 मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुकी है। अब श्रीलंका के खिलाफ जीत के बाद जोश से लबरेज न्यूजीलैंड की टीम भी इस मुकाबले को जीतकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करना चाहेगी। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच यह मैच कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में रात 7 बजे से खेला जाएगा।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ भारी रहा है इंग्लैंड का पलड़ा

टी-20 प्रारूप में न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड का पलड़ा भारी रहा है। दोनों टीमों के बीच कुल 30 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 17 में इंग्लिश टीम ने जीत दर्ज की है, जबकि कीवी टीम केवल 10 मुकाबले जीतने में सफल रही है। 3 मुकाबले अनिर्णित रहे हैं।


**कार्यालय अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा नर्मदापुरम् मण्डल नर्मदापुरम्**
Office Email IDseresnarmda@mp.gov.in, Office Phone No. 07574-250166

क्र.340/ निविदा/ग्रा.या. से/2026 नर्मदापुरम दिनांक 18/02/2026

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 15/2025-26 (प्रथम आमंत्रण)**

मप्र के राज्यपाल की ओर से आनलाईन मोहरबंद प्रतिशत दर पर निविदायें फार्म "ए" (Appendix 2.10) पर ग्रायांसे संभाग नर्मदापुरम जिला नर्मदापुरम की म.प्र. लोक निर्माण विभाग के केंद्रीयकृत प्रणाली में समतुल्य / सक्षम श्रेणी में पंजीकृत सी श्रेणी ठेकेदारा से 2 कवर पद्धति में सिविल कार्य हेतु ग्रायांसे में प्रचलित एस.ओ.आर दिनांक 11.04.2022 से प्रभावशील दर अनुसूची एवं विद्युतीकरण कार्य हेतु लो.नि.वि. के विद्युत एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2024 से प्रचलित दर अनूसूची (निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) दर के आधार पर अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा नर्मदापुरम मंडल नर्मदापुरम के कार्यालय में आनलाइन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का नाम | निविदा की अनुमानित लागत (रू.लाख में) | अमानत राशि (रूपये में) | कार्य अवधि वर्षाकाल सहित(माह में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_RES_481480 | ग्राम बुधवाड़ा में तालाब सौंदर्याकरण कार्य, विकासखण्ड नर्मदापुरम | 8081360/- | 81000/- | 09 माह | 1000/- |
| 2 | 2026_RES_481482 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल हिरनखेड़ में 01 अतिरिक्त कक्ष एवं 03 लैब निर्माण कार्य वि.ख. सिवनी मालवा, जिला नर्मदापुरम | 4845090/- | 50000/- | 09 माह | 5000/- |
| 3 | 2026_RES_481484 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल इकलानी में 01 अतिरिक्त कक्ष एवं 01 लैब निर्माण कार्य वि.ख. सिवनी मालवा, जिला नर्मदापुरम | 2874758/- | 50000/- | 06 माह | 5000/- |
| 4 | 2026_RES_481485 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बीकोर में 01 अतिरिक्त कक्ष एवं 01 लैब निर्माण कार्य वि.ख. माखननगर, जिला नर्मदापुरम | 2874758/- | 50000/- | 06 माह | 5000/- |
| 5 | 2026_RES_481486 | ग्राम पाहनबर्री जनपद पंचायत नर्मदापुरम में मंगल भवन निर्माण कार्य जिला नर्मदापुरम | 3292181/- | 50000/- | 06 माह | 5000/- |
| | योग- | | 21968147/- | दो करोड़ उन्नीस लाख अड़सठ हजार एक सौ सैतालिस | | |

उपरोक्तानुसार निर्माण कार्य की निविदा आमंत्रण की निम्नानुसार तिथियाँ निर्धारित की जाती हैं :-

| क्र. | विवरण | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा ऑनलाईन प्रकाशित होने के तिथि | 27/02/2026 | 18:00 |
| 2 | निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की प्रारंभिक तिथि | 28/02/2026 | 18:00 |
| 3 | ऑन लाईन बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि | 28/02/2026 | 18:00 |
| 4 | ऑनलाईन बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 16/03/2026 | 13:00 |
| 5 | ऑनलाईन निविदा खुलने की तिथि | 17/03/2026 | 13:00 |

निविदाप्रपत्र (Tender Document) वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन प्रकाशित एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किए जाऐंगे। पृथक से समाचार पत्रो मे प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

**अधीक्षण यंत्री**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा**
**नर्मदापुरम् मण्डलनर्मदापुरम**

जी- 26468/25
स्वच्छता ही सेवा




# गीतांजलि को सुन नाद-ब्रह्म में तल्लीनता और आत्मा-परमात्मा का मिलन महसूस होता है

## भोपाल आई फ्लैमेन्को गायिका इडित इशेल की हरिभूमि से खास बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पहली बार भोपाल आई हूं और वाकई में सिटी ऑफ लेक घूमकर दिल खुश हो गया, और आज तालों की इस नगरी में मैं नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर की पुस्तक गीतांजलि की चंद काव्यात्मक पंक्तियों अपनी वह बात कहे बिना मत जाओ... पर आधारित प्रस्तुति दे रही हूं, क्योंकि इन पंक्तियों को सुनकर नाद ब्रह्म में तल्लीन होने की फीलिंग आती है, नाद ब्रह्म क्या है यह बस आत्मा का परमात्मा से मिलन है। यह कहना है इजराइल से आयी हुई प्रसिद्ध फ्लैमेंन्को गायिका इडित इशेल का, जो गुरुवार को बैठक द आर्ट हाउस में अपनी प्रस्तुति देने आईं और हरिभूमि से बातचीत की।



### हिबरू भाषा के लोक संगीत के साथ रॉक जैज एवं अरेबिक संगीत विधा की ली शिक्षा

अपने 30 वर्षों की यात्रा साझा करते हुए इडित ने कहा कि मुझे विभिन्न देशों की संस्कृति को समझना और वहां का संगीत सीखना, समझना और उसे आत्मसात करने का शौक है। इजराइल निवासी इडित ने कहा कि मैं अपने देश के हिबरू भाषा के लोक संगीत में तो दक्ष हूं लेकिन इसके साथ ही मैंने स्पेन की फ्लैमेंको विधा, भारत का शास्त्रीय संगीत, पश्चिमी देशों के रॉक एवं जैज एवं मिडिल ईस्टर्न के अरेबिक संगीत विधा की भी शिक्षा ली है।

### सिर्फ एक्सरसाइज नहीं, परमात्मा के करीब ले जाने वाली युक्ति है 'योग'

इडित ने कहा, मुझे हिंदी पूरी तरह नहीं आती, लेकिन मैं शास्त्रीय आलाप, नाद योग, नाद ब्रह्म में पारंगत हूं और इसकी सीख मैंने बनारस के ध्रुपद गुरु रित्विक सन्याल से ली हैं। भारतीय योग को भी सीखा है क्योंकि योग सिर्फ एक्सरसाइज नहीं है, यह आपको ईश्वर के काफी करीब लेकर जाता है।

## इडित ने नाक एवं उर्ध्व सांसों से प्रस्तुत किया 'मोरदेंटे', साथ ही सांसों के संतुलन से प्रस्तुत की 'ध्रुपद की गमक'

इडित ने शुरुआत ध्रुपद गायिका सुरेखा कांबले के साथ गायन की। तकनीकों एवं चलन की गमक और स्वरों पर रुकने एवं चलने के तरीकों पर चर्चा कर की। सुरेखा ने ध्रुपद की गमक को गले एवं सांसों के संतुलन से प्रस्तुत किया तो इडित ने इस तकनीक का स्पेनिश फ्लैमेंन्को में उपजी होने वाली 'मोरदेंटे' को नाक एवं उर्ध्व सांसों से प्रस्तुत किया।





### टैगोर की रचना को हिबरू भाषा में गाया

इडित ने प्रोग्राम को आगे बढ़ाते हुए फ्लैमेंको तांगो स्टाइल में स्पेनिश में गायन किया, इसमें आपका साथ फ्लैमेंको गिटार पर संजीव ने दिया। प्रोग्राम के अगले चरण में इडित ने रविंद्रनाथ टैगोर की लिखी प्रसिद्ध कविता मुझसे बिना कहे मत जाओ, अपनी वह बात कहे बिना मत जाओ... को स्वरचित संगीत में हिबरू भाषा में गाया। प्रोग्राम के अंत में आपने राग कोमल ऋषव असावरी की प्रस्तुति दी जिसमें संजीव श्री ने फ्रीजियन मोड में संगत की।

## खबर संक्षेप

### मैनिट में आज से पूर्व छात्रों का पुनर्मिलन समारोह

**भोपाल।** मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी में 1971–1976 बैच के पूर्व छात्र 27–28 फरवरी को में अपना स्वर्ण जयंती पुनर्मिलन समारोह आयोजित कर रहे हैं। लगभग 60 पूर्व छात्र अपने जीवनसाथियों सहित (कुल लगभग 100 सहभागी) इसभाग ले रहे हैं। पूरे 50 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद सहपाठी एक साथ मिल रहे हैं और अपने छात्र जीवन की सुनहरी यादों को पुनः जीवंत कर रहे हैं। इस समारोह की विशेष बात यह है कि पूर्व छात्र भारत के विभिन्न राज्यों के साथ-यूएसए और दुबई से भी पहुंचे हैं। आयोजन का समन्वयन मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त), हर्षद बापना, अनिल भार्तिया, अनिल ओझा व साथियों द्वारा किया जा रहा है।

### गांधी भवन में 'अनंत ज्योति' की प्रस्तुति कल

**भोपाल।** चैतन्य सोश्यो कल्चरल सोसायटी द्वारा नवीन नृत्य नाटिका 'अनंत ज्योति' की प्रस्तुति 28 फरवरी को गांधी भवन में दी जाएगी। नृत्य नाटिका में भगवान शिव की उत्पत्ति की कथा को दर्शाया जाएगा, जिसमें दिखाया जाएगा कि भगवान ब्रह्मा और विष्णु के श्रेष्ठतम होने के मतभेद में भगवान शिव को हस्तक्षेप करना पड़ता है और शिव के आदेशानुसार जो भी अनंत ज्योति के प्रतीक अग्नि स्तंभ का आरंभ और अंत ढूंढ लेगा, वही श्रेष्ठ होगा।

### रंग विदूषक नाट्य समारोह में बंसी कौल स्मृति सम्मान

**भोपाल।** नाट्य संस्था रंग विदूषक' एक बार फिर अपने बहुप्रतीक्षित 'रंग विदूषक नाट्य समारोह 2026' के साथ आ रही है। 28 फरवरी और 1 मार्च को आयोजित नाट्य समारोह रंग श्री एलबीटी कैंपस में आयोजित होगा जिसमें 28 फरवरी (शनिवार), समारोह का शुभारंभ संस्था के नए नाटक दूसरो न कोई... के मंचन के साथ होगा। कन्हैया लाल कैथवास के निर्देशन में तैयार यह नाटक दर्शकों को एक जीवंत और नया रंगमंचीय अनुभव प्रदान करेगा। वहीं 1 मार्च 2026 (रविवार) को समारोह के दूसरे और अंतिम दिन, रंग विदूषक के संस्थापक स्व. बंसी कौल जी के निर्देशन में तैयार किया गया उनका सदाबहार और मील का पत्थर माना जाने वाला नाटक सीढ़ी दर सीढ़ी उर्फ तुक्के पे तुक्का मंचित किया जाएगा। यह नाटक वर्षों से अपनी विशिष्ट शैली के लिए दर्शकों का चहेता बना हुआ है। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में तीन विभूतियों को बंसी कौल स्मृति सम्मान से नवाजा भी जाएगा।



### शिव-नारायण स्तुति से लेकर लावणी-भंगड़ा से सजा एक्सीलेंस का वार्षिकोत्सव

# मां काली के रौद्र रूप से गूंज उठा 'तरंग'... पंजाबी भांगड़ा से बिहारी झिझिया नृत्य ने मोहा मन



त्रिदेवों की गाथा की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मां काली का रौद्र रुप दर्शाती नृत्य प्रस्तुति जहां मां के रौद्र रूप को नियंत्रित करने भगवान शिव को उनके श्री चरणों में लेटना पड़ा तो वहीं महिषासुर मर्दन के साथ साथ मां के नौ रुपों को दर्शाती दुर्गा स्तुति की प्रस्तुति, यही नहीं शिव और नारायण स्तुति के रुप में त्रिदेवों की गाथा को शास्त्रीय नृत्य में पिरोती प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। क लासिकल डांस फार्म में सजी इन नृत्य प्रस्तुतियों को देखने का मौका मिला गुरुवार को उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान के वार्षिक उत्सव तरंग में। गुरुवार को तरंग के अंतर्गत सोलो डांस, पोएट्री, माइम, शॉर्ट फिल्म मेकिंग जैसी अनेकों प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिसमें बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स की सहभागिता ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।





### छाप तिलक सब छीनी... ने बनाया सूफियाना माहौल

सोलो डांस फार्म में अलग-अलग कैटेगरी में 35 प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोहा, जिसमें क्लासिकल, सेमी क्लासिकल, फोक और बॉलीवुड गीतों पर छात्राओं ने प्रस्तुति देकर खूब तालियां बंटोरी। फोक डांस फार्म में पंजाब का भंगड़ा, गिद्दा, बिहार का झिझिया नृत्य खास रहा तो वहीं राजपूतानी गीत खम्मा घणी ने भी राजस्थानी परंपरा से अवगत कराया। यही नहीं, महाराष्ट्र की लावणी के साथ साथ हिंदी फिल्मी गीतों की प्रस्तुति पर तो दर्शक झूम उठे। जिसमें क्लासिकल डांस फार्म में रोको न डगर, शंकर श्री गिरि, शिव शंभु, देवी ओम... जैसे गीतों पर क्लासिकल डांस प्रस्तुतियों ने दर्शकों को बांधे रखा तो वहीं तुमसे मिलके दिल का... ने शाहरुख की याद दिलाई तो छाप तिलक सब छीनी... ने लगाया सूफियाना तड़का, तो वहीं जरा हट नटखट.. में कृष्ण लीला की प्रस्तुति खास रही ।

## एमएलबी कॉलेज में वार्षिक स्नेह सम्मेलन 'अनन्या 2026' का शुभारंभ

एमएलबी कॉलेज में वार्षिक स्नेह सम्मेलन 'अनन्या 2026' का शुभारंभ गुरुवार से किया गया, जिसके अंतर्गत मेहंदी प्रतियोगिता, कलश सज्जा, पुष्प सज्जा, रंगोली, तात्कालिक भाषण, वाद विवाद, एकल गायन एवं भारतीय एकल नृत्य की प्रस्तुति जैसी अनेकों प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिता में जहां छात्राओं ने जहां अरेबिक और मारवाड़ी स्टाइल की मेहंदी रचाकर टीचर्स की खूब वाह वाही लूटी तो वहीं वेस्ट मटेरियल से कलश और पुष्पों की सज्जा ने दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं, रंगोली में छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ देशभक्ति के संग होली के रंगों को रंगोंली के रुप में जमीं पर उकेरा। इसके साथ ही कार्यक्रम में एकल गायन में शास्त्रीय व हिंदी फिल्मी गीतों की प्रस्तुति ने मन मोह लिया तो कार्यक्रम की सबसे खास प्रस्तुति नृत्य प्रतियोगिता की रखी गई जिसमें छात्राओं ने क्लासिकल, सेमी क्लासिकल और फोक डांस के फॉर्म में एकल नृत्य प्रस्तुति देकर अनन्या के पहले दिन को खास बना दिया।







## आनंद विहार कॉलेज का वार्षिकोत्सव उजास 2026 का समापन

आनंद विहार कॉलेज में जारी वार्षिकोत्सव उजास 2026 का समापन रंगमंच और भारतीय फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता राजीव वर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गणेश वंदना के साथ शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य गौर मड़यिा, शिव-पार्वती दिव्य विवाह नृत्य-नाटिका, यादों का झरोखा में बॉलीवुड नृत्य, ट्रेडिशनल मीट्स ट्रेंड्स में मोहिनीअट्टम की प्रस्तुति खास रही तो वहीं सपनों के पंख में विंग डांस ने मन मोहा तो साथ ही रंगों के उत्सव में होरी नृत्य ने सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। वहीं फ्यूजन डांस फार्म ने तो मानो दर्शक दीर्घा में बैठी छात्राओं को नाचने पर मजबूर कर दिया।






## केंद्रीय संस्कृत विवि में 'संस्कृति' पर विविध कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारती नारी से नारायणी, राष्ट्रीय सम्मेलन (7-8 मार्च, दिल्ली) की पूर्व- गतिविधि के अंतर्गत केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में 'संस्कृति' विषय पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतिष्ठित गौंड चित्रकार पद्मश्री दुर्गा बाई व्याम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में छात्राओं के लिए नारी से नारायणी विषय पर रंगोली प तथा महिला स्वतंत्रता सेनानियों पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। कार्यक्रम संयोजक डॉ. संगीता गुन्देचा ने कहा कि महिलाएं अपनी कला-साधना से नारी से नारायणी बनने के आदर्श को साकार कर रही हैं और आज वे ध्रुपद, मृदंग तथा सरोद जैसे क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित कर रही हैं।

### नाटक के बाद जम कर नाचीं प्रशिक्षु महिला अधिकारी

# प्रशासन अकादमी में 'चरणदास चोर' का प्रभावशाली मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी में प्रशासनिक अधिकारियों के फाउंडेशन कोर्स के प्रतिभागियों के लिए सुप्रसिद्ध रंगकर्मी हबीब तनवीर के विख्यात नाटक चरणदास चोर का प्रभावशाली मंचन किया गया। यह प्रस्तुति स्पिक मैके की ओर से आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ की लोकनाट्य परंपरा, लोकभाषा की सहजता और जीवंत अभिनय से सुसज्जित नया थिएटर के इस नाटक ने दर्शकों को न केवल मनोरंजन प्रदान किया, बल्कि नैतिकता, ईमानदारी और सत्ता-संरचना पर गंभीर चिंतन के लिए भी प्रेरित किया। नाटक की कथा एक ऐसे साधारण चोर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने वचनों की रक्षा के लिए अंततः असाधारण साहस का परिचय देता है।





### सामाजिक, नैतिक संदर्भों पर विचार किए साझा

फाउंडेशन कोर्स के युवा प्रशासनिक अधिकारियों के लिए यह प्रस्तुति केवल सांस्कृतिक अनुभव नहीं रही, बल्कि प्रशासनिक जीवन में मूल्यों, प्रतिबद्धता और लोक-संवेदना के महत्व को समझने का सशक्त माध्यम बनी। मंचन के पश्चात प्रतिभागियों ने कलाकारों के साथ संवाद कर नाटक के सामाजिक, नैतिक और प्रशासनिक संदर्भों पर अपने विचार साझा किए।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930